





THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 254 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) मार्गशीर्ष शु. 5 2079 सोमवार, 28 नवंबर 2022

प्रधान संपादक - डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये


### लव जिहाद और तुष्टिकरण का विरोध है भाजपा के एजेंडे में शामिल

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात विधान सभा और दिल्ली नगर निगम के चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोर-शोर से जारी है। गुजरात में जहां मुख्य मुकाबला भाजपा और कांग्रेस के बीच माना जा रहा है जिसे आम आदमी पार्टी त्रिकोणीय बनाने की कोशिश कर रही है। वहीं दिल्ली के नगर निगम चुनाव में मुख्य मुकाबला आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच माना जा रहा है और इन दोनों दलों के बीच जारी मुकाबले में कांग्रेस अपनी खोई जमीन तलाशने की कोशिश कर रही है। >14

## भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिलने से पूरा देश गौरवान्वित

### 'मन की बात' के 95वें संस्करण में बोले पीएम मोदी



नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार (27 नवंबर, 2022) को सुबह 11 बजे अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के 95वें संस्करण को संबोधित किया। इस दौरान पीएम ने कहा कि हम मन की बात के 100वें एपिसोड की ओर बढ़ रहे हैं। भारत के लोगों से जुड़ना मेरे लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है।

मन की बात के 95वें एपिसोड में पीएम मोदी ने कहा कि देश भर के लोगों ने मुझे लिखा है कि वे कितने गौरवान्वित हैं कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मिली है। अमृत काल के तहत भारत को यह जिम्मेदारी मिली है। उन्होंने कहा, कुछ दिन पहले ही मुझे तेलंगाना से हरिप्रसाद गारू ने हाथ से जी-20 के लोगो बुनकर भेजा है। ये शानदार उपहार देखकर मैं हैरान रह गया। मेरे मन में विचार आया कि तेलंगाना में बैठा व्यक्ति में जी-20 सम्मेलन से खुद को कितना जुड़ा हुआ महसूस करता है।

**जी-20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक अवसर**

पीएम मोदी ने कहा, जी-20 की अध्यक्षता हमारे लिए एक अवसर है। हमें वैश्विक भलाई पर ध्यान देना है, शांति हो, एकता हो या सतत विकास, इन चीजों से जुड़ी चुनौतियों का समाधान भारत के पास है। हमने 'एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य' की थीम दी है, उससे वसुधैव कुटुम्बकम के लिए हमारी प्रतिबद्धता जाहिर होती है।

**अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपलब्धियां**

मन की बात में प्रधानमंत्री ने कहा, 18 नवंबर को भारत ने अंतरिक्ष क्षेत्र में एक उपलब्धि हासिल की जब एक रॉकेट 'विक्रम एस' को अंतरिक्ष में प्रक्षेपित किया गया। इसे निजी क्षेत्र द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया था और इसमें कई नई विशेषताएं हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत स्पेस के सेक्टर में अपनी सफलता अपने पड़ोसी देशों से भी साझा कर रहा है। कल ही भारत ने एक सैटेलाइट लॉन्च की, जिसे भारत और भूटान ने मिलकर विकसित किया है। इस सैटेलाइट की लॉन्चिंग भारत-भूटान के मजबूत संबंधों का प्रतिबिंब है।

### कश्मीर का मसला हल नहीं किया तो कोई नतीजा नहीं निकलेगा : महबूबा

श्रीनगर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कश्मीर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने केंद्र की भाजपा सरकार के नाम कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि जब तक कश्मीर के मसले का हल नहीं हो जाता है, तब तक केंद्र सरकार जम्मू-कश्मीर में कितनी भी सेना तैनात कर ले, यहां बदलाव नहीं दिखेगा।

रविवार को पार्टी के यूथ कन्वेंशन में भाषण देते हुए महबूबा ने यह भी कहा कि कश्मीर भारत से संविधान के जरिए जुड़ा है। लेकिन, भाजपा ने संविधान को ही खत्म कर दिया है। भारत भाजपा का नहीं है। हम कश्मीर को भाजपा का भारत नहीं बनने देंगे। >14

## कश्मीर के 3 जिले आतंकवादी मुक्त

### एडीजीपी का दावा, लश्कर और जैश के पास कोई कमांडर नहीं, दो साल में आतंकवाद पूरी तरह मिटेगा

श्रीनगर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कश्मीर के तीन जिले आतंकवादी मुक्त हो गए हैं। कश्मीर के एडीजीपी विजय कुमार ने खुलासा किया कि आतंकवादी मुक्त जिलों में बांदीपोरा, कुपवाड़ा और गांदरबल का नाम शामिल है। जबकि आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) और जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के कई कमांडर पिछले दिनों हुई मुठभेड़ों में मारे जा चुके हैं, इस कारण घाटी में दोनों संगठनों को चलाने वाला कोई नेता नहीं बचा है।



हालांकि एडीजीपी ने यह भी कहा कि इन तीनों जिलों में अब भी 7 विदेशी आतंकवादी मौजूद हैं। कश्मीर के 13 पुलिस जिलों में अभी भी 81 आतंकवादी हैं जिनमें 29 लोकल और 52 विदेशी मूल के (पाकिस्तानी) हैं।

दो साल पहले कश्मीर में 80 टॉप कमांडर थे, अब केवल तीन :

विजय कुमार ने बताया कि दो साल पहले तक कश्मीर में करीब 80 टॉप कमांडर्स थे। मौजूदा समय में हिजबुल मुजाहिदीन का फारूक नल्ली 2015 के बाद से एकमात्र एक्टिव कमांडर है और वह भी सेनाओं के रडार पर है। नल्ली के अलावा दो और कमांडर एक्टिव हैं। आंकड़ों में कहा गया है कि इस साल कश्मीर में कुल 169 आतंकवादी (127 स्थानीय आतंकवादी और 42 विदेशी आतंकवादी) मारे गए हैं।

पहले कश्मीर में 15-18 हाइब्रिड आतंकवादी एक्टिव थे। अब भी ज्यादातर पुलवामा, शोपियां, कुलगाम, अनंतनाग और दक्षिण कश्मीर में हैं। विजय कुमार के मुताबिक जम्मू-कश्मीर पुलिस ने इस साल 119 आतंकवादी मॉड्यूल्स का भंडाफोड़ किया है।

## महाराष्ट्र में रेलवे फुट ब्रिज का हिस्सा गिरा

### 60 फीट की ऊंचाई से रेलवे ट्रैक पर गिरे लोग, 13 घायल, 8 की हालत गंभीर

मुंबई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के चंद्रपुर में बल्लारशाह रेलवे स्टेशन पर बने फुट ओवरब्रिज का एक हिस्सा रविवार को गिर गया। इस दौरान ब्रिज से गुजर रहे कुछ यात्री 60 फीट की ऊंचाई से सीधे रेलवे ट्रैक पर जा गिरे। मीडिया रिपोर्ट्स में 13 लोगों के घायल होने की खबर है। इनमें 8 की हालत गंभीर बताई गई है। रेलवे ने 4 घायलों की पुष्टि की है।

घटना के बाद रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी मच गई। स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने घायलों को ट्रैक से उठाया। बड़ी बात ये रही कि हादसे के दौरान ट्रैक पर कोई ट्रेन नहीं थी। रेलवे अधिकारियों ने घटना की सूचना मिलते ही प्लेटफॉर्म पर आने वाली ट्रेनों को रोक दिया। घायलों को सिविल अस्पताल शिफ्ट किया गया है। हादसे में किसी की मौत की खबर नहीं है।

**मुआवजे का ऐलान**

सेंट्रल रेलवे के चीफ पब्लिक रिलेशन ऑफिसर (सीपीआरओ) शिवाजी सुतार ने बताया कि रेलवे ने गंभीर रूप से घायल यात्रियों को 1 लाख रुपये और सामान्य घायलों को 50 हजार रुपये मुआवजा देने का ऐलान किया है।

## भारत जोड़ो यात्रा : इंदौर में राहुल गांधी दिव्यांग की व्हीलचेयर धकेलते नजर आए

इंदौर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की अगुवाई वाली 'भारत जोड़ो यात्रा' रविवार को मध्य प्रदेश के सबसे बड़े शहर इंदौर पहुंची। इस दौरान समाज के अलग-अलग तबके के लोगों के साथ-साथ एक दिव्यांग व्यक्ति भी यात्रा में शामिल हुआ और राहुल कुछ देर के लिए उसकी व्हीलचेयर धकेलते नजर आए। यात्रा में हिस्सा लेने के बाद दिव्यांग मनोहर ने बताया कि उन्होंने राहुल से कहा कि अब देश बदलना चाहिए।



भारत जोड़ो यात्रा रविवार को मध्य प्रदेश में पांचवें दिन में प्रवेश कर गई। इसमें शामिल लोगों ने डॉ. भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू में रात्रि विश्राम के बाद राहुल की अगुवाई में पैदल चलना प्रारंभ किया। यात्रा राऊ के उपनगरीय क्षेत्र से गुजरते हुए इंदौर पहुंची। राऊ में यात्रा के स्वागत के लिए लाल कालीन बिछाई गई थी।

इस बीच, पुलिस आयुक्त हरिनारायणचारी मिश्रा ने बताया कि इंदौर में यात्रा की सुरक्षा के लिए 1,400 कर्मियों को तैनात किया गया है और जगह-जगह बैरिकेड लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि तंग गलियों और घनी आबादी वाले राजबाड़ा क्षेत्र में 12 जर्जर मकानों को अस्थायी तौर पर खाली करा लिया गया है, ताकि इनके कारण यात्रा के दौरान किसी हादसे की आशंका को समाप्त किया जा सके। >14

### पार्टी में न किसी से नाराज हूं, न परेशान हूं : थरूर

कोच्चि, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने रविवार को अपने ऊपर लगे आरोपों पर सफाई दी है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की केरल इकाई में न ही किसी से नाराज हैं और न ही परेशान हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें किसी से बात करने में कोई आपत्ति नहीं है। कोच्चि में अखिल भारतीय पेशेवर कांग्रेस के एक राज्य-स्तरीय सम्मेलन में भाग लेने आए थरूर ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उन्होंने पार्टी में किसी के खिलाफ बात नहीं की है और न ही निर्देशों के खिलाफ काम किया है। >14

### पीएम को धमकी भरा ई-मेल भेजने वाला बदायूं से गिरफ्तार

बदायूं, 27 नवंबर (एजेंसियां)। आरोपी अमन सक्सेना को गुजरात एटीएस ने उत्तर प्रदेश के बदायूं से गिरफ्तार किया है। उसके पिता का कहना है कि उसने आईआईटी से पढ़ाई की है और अब मानसिक विक्षिप्त हो गया है।

गुजरात एटीएस ने शनिवार देर रात उत्तर प्रदेश के बदायूं से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बदायूं के आदर्श नगर में रहने वाले इस अमन सक्सेना ने प्रधानमंत्री कार्यालय यानी पीएमओ को ई-मेल भेजकर प्रधानमंत्री को जान से मारने की धमकी दी थी। पूछताछ में आरोपी ने बताया है कि पीएमओ को ई-मेल भेजने में गुजरात की एक लड़की और दिल्ली का एक लड़का भी शामिल है।

गुजरात एटीएस ने शनिवार देर रात उसे पकड़कर सिविल लाइंस थाने लाई थी, जहां उससे करीब एक घंटे तक पूछताछ की गई। थाने पर मीडिया को जुटते देखकर एटीएस ने उसे बदायूं एसएसपी के घर पर शिफ्ट कर दिया। जहां उससे आगे की पूछताछ की गई। फिर एटीएस अपने साथ लेकर चली गई।

आरोपी बरेली के राजर्षि इंजीनियरिंग कॉलेज से जीटीआई की पढ़ाई की है। इसके बाद मुंबई से आईआईटी किया है। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि उन्होंने अमन को कई साल से नहीं देखा। वह कब आता और कब जाता, यह किसी को नहीं पता है।



## नासिक में आश्रम संचालक पर 5 नाबालिग समेत 6 छात्राओं के यौन शोषण का आरोप, पुलिस ने किया गिरफ्तार

मुंबई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के नासिक में एक आश्रम के संचालक पर 5 नाबालिग समेत छह छात्राओं के साथ यौन शोषण करने का आरोप लगा है. पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आश्रम के संचालक को गिरफ्तार कर लिया है. 24 नवंबर को आश्रम की एक नाबालिग लड़की ने आश्रम के संचालक हर्षल मोरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत की जिसके बाद उस पर कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया.

# जनसंख्या कानून नहीं बना तो नहीं बचेगी देश की एकता

# हर मिनट पैदा हो रहे 30 बच्चे- गिरिराज सिंह

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय ग्राम विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने जनसंख्या कानून पर बात करते हुए कहा कि अगर इस पर कानून नहीं बना तो देश में एकता नहीं बचेगी. उन्होंने इस मुद्दे पर चीन का उदाहरण देते हुए कहा कि 1978 में चीन की जीडीपी भारत से कम थी. 1979 में चीन वन चाइल्ड पॉलिसी लाया और चीन की जीडीपी की खबर सबको है. गिरिराज आगे बोले, चीन में आज एक मिनट में 10 बच्चे पैदा



हो रहे हैं और भारत में एक मिनट में 30 बच्चे पैदा होते हैं. दरअसल, जनसंख्या नियंत्रण को लेकर कानून बनाने की मांग बीजेपी और आरएसएस की तरफ से लगातार की गई है. उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने पिछले महीने एक बयान में कहा था कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण क को लेकर आगे बढ़े क्योंकि ये राष्ट्र हित में ही है. उन्होंने कहा कि हम इसका पूरी तरह समर्थन करते हैं और इस मामले पर जब भी बैठक होगी हम शामिल होंगे. डिप्टी सीएम ने ये भी कहा कि जनसंख्या नियंत्रण का विरोध करने वालों की संख्या कम है.

**मोहन भागवत का सरकार को साफ संदेश**

इससे पहले आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने भी अपनी आवाज इस मुद्दे पर उठाई थी. मोहन भागवत ने एक भाषण के जरिए सरकार को साफ संदेश देते हुए कहा कि देश को व्यापक सोच के बाद जनसंख्या नीति तैयार करनी चाहिए और इस सभी समुदायों पर समान रूप से लागू करना चाहिए. कानून लाने पर सरकार का क्या है रुख?

## पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना में हॉस्टल के 10 छात्रों को लगा करंट, अस्पताल में भर्ती

कोलकाता, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिला से बड़ी खबर सामने आ रही है. यहां एक हॉस्टल के 10 छात्र बिजली के करंट की चपेट में आने से घायल हो गए हैं. 5 छात्रों की हालात ज्यादा ही गंभीर बताई जा रही है. उन्हें काकद्वीप सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. जानकारी के मुताबिक हॉस्टल के अंदर बिजली का एक तार टूटा पड़ा था जिस पर हॉस्टल प्रशासन ने इस पर ध्यान नहीं दिया. तार में करंट आ रहा था और उसी की चपेट में सभी छात्र आ गए. करंट की चपेट में आने से 5 छात्रों की हालात ज्यादा ही गंभीर बताई जा रही है.

## पूर्व मंत्री अनिल परब पर कसा शिकंजा

# करीबी सदानंद कदम को ईडी ने किया तलब



मुंबई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा कसता ही जा रहा है। खबर है कि ईडी ने पूर्व मंत्री अनिल परब के करीबी सदानंद कदम को समन भेजा है। सदानंद को अगले सप्ताह पूछताछ के लिए तलब किया गया है। बता दें, दापोली रिसॉर्ट धोखाधड़ी मामले में अनिल परब के खिलाफ ईडी ने केस दर्ज किया था। जांच एजेंसी उनके कई ठिकानों पर इस सिलसिले में छापेमारी भी कर चुकी है और उनके पूछताछ भी की जा चुकी है। दरअसल, भाजपा नेता किरीट सोमैया ने अनिल परब के खिलाफ धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था रत्नागिरी में दापोली में उन्होंने जालसाजी से एक आलीशान रिसॉर्ट का निर्माण कराया है।

# दिल्ली में सर्दी के साथ बढ़ रहा प्रदूषण

## कई राज्यों में बारिश के आसार, मौसम का हाल



नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। दिसंबर की शुरुआत के साथ मौसम में तेजी से बदलाव देखने को मिलेगा। तापमान लुढकने के साथ उत्तर भारत के राज्यों में ठंड बढ़ रही है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली सहित उत्तर भारत के राज्यों में आने वाले दिनों में तापमान में और गिरावट आ सकती है। मौसम विभाग के मुताबिक, दिल्ली में आज रविवार को ठंड रहने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक, दिल्ली में रविवार को न्यूनतम तापमान 8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा सकता है। इसके साथ ही दिल्ली में प्रदूषण में भी सुधार नहीं देखने को मिल रहा है। इसके अलावा दक्षिण भारत के कुछ इलाकों में बारिश के आसार हैं।

मौसम विभाग ने आज दिल्ली में अधिकतम तापमान 27 और न्यूनतम 8 डिग्री सेल्सियस के आस-पास रहने की संभावना जाताई है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबिक, दिल्ली के कई इलाकों में आज भी प्रदूषण का स्तर बेहद खराब बना हुआ है। दिल्ली के अधिकतर इलाकों का वायु गुणवत्ता सूचकांक यानी एक्यूआई 300 के पार दर्ज किया गया।

**नोएडा में मौसम का हाल**

दिल्ली-एनसीआर के इस इलाके में आज रविवार को तापमान में गिरवाट होने की संभावना है। न्यूनतम तापमान 18 डिग्री और अधिकतम तापमान 30 डिग्री रहने की संभावना है। नोएडा में रविवार को वायु प्रदुषण 'बहुत खराब' की श्रेणी में दर्ज किया गया।

**दक्षिण के इलाकों में बारिश**

मौसम के मुताबिक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश का अनुमान है। वहीं, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु के कुछ हिस्सों, गोवा और दक्षिण आंतरिक कर्नाटक में हल्की बारिश हो सकती है। हालांकि, देश के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

## अमृतसर में एसटीएफ ने भारत-पाक सीमांत क्षेत्र से पकड़ी हथियारों की खेप



अमृतसर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर में स्पेशल टॉस्क फोर्स की टीम ने रविवार की सुबह भारत-पाक सीमांत इलाके से हथियारों की बड़ी खेप बरामद की है। बताया जा रहा है कि हथियारों की यह खेप पाकिस्तान की खूफिया एजेंसी आईएसआई की ओर से ड्रोन के जरिये कंटीली तारों के पास गिराई थी, जिसे सीमांत इलाके के किन्हीं तस्करों ने उठा कर आतंकियों तक पहुंचाना था। हथियारों की इस खेप में चार चीन निर्मित पिस्तौल हैं। इसे लेकर स्पेशल टॉस्क फोर्स के अधिकारी दोपहर को प्रेस कांफ्रेंस करने वाले हैं। जानकारी मुताबिक एसटीएफ के पास सूचना थी कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन के जरिये कंटीली तारों के पास हथियार गिराए गए हैं, जिन्हें सीमांत तस्करों ने वहां से हटा कर आतंकियों को देना है। इस सूचना के तुरंत बाद ही डीएसपी ववविंदर महाजन के ने नेतृत्व वाली एसटीएफ की टीम ने पंजाब पुलिस के साथ मिलकर बताए गए सीमांत इलाके में सर्च अभियान शुरू कर दिया। चूंकि सीमा पर गहरी धुंध थी, तो सर्च अभियान में काफी परेशानियों का सामना पुलिस को करना पड़ा। इस दौरान चार पिस्तौल बरामद हुए। जिसके बाद एसटीएफ ने पुलिस की मदद से पूरे इलाके को घेर लिया और पुराने तस्करों के घरों में दबिश देकर पूछताछ की।

# प्रधानमंत्री मोदी के स्कूल टीचर का हुआ निधन

अबमदाबाद, 27 नवंबर (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्कूल टीचर रासबिहारी मनियार का निधन हो गया है. यह जानकारी खुद पीएम मोदी ने ट्विटर पर शेयर की. उन्होंने अपने विद्यालय के शिक्षक के निधन पर शोक जताया और ट्विटर पर एक इमोशनल पोस्ट लिखी. पीएम मोदी ने कहा कि उनके जीवन को बनाने में रासबिहारी मनियार का अहम योगदान रहा है और वह निधन की खबर सुनकर दुखी हैं. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, अपने विद्यालय के शिक्षक रासबिहारी मनियार के निधन का समाचार सुनकर अत्यंत दुःख हुआ है.

मेरे जीवन को बनाने में उनका अमूल्य योगदान है. मैं जीवन के इस पड़ाव तक उनके साथ जुड़ा रहा हूं और एक छात्र के रूप में मुझे जीवनभर उनका मार्गदर्शन प्राप्त करने का संतोष है.

**प्रधानमंत्री ने वीडियो भी पोस्ट किया**

प्रधानमंत्री ने अपने शिक्षक को याद करते हुए एक वीडियो भी ट्विटर पर पोस्ट किया है. पीएम मोदी ने 18 सेकंड का वीडियो पोस्ट किया है. वीडियो में मंच पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शिक्षक को सम्मानित करते हुए देखे जा सकते हैं. पीएम माला पहनाकर रासबिहारी मनियार को सम्मानित करते हैं और इसके बाद चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लेते हैं. वीडियो को देखकर इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि दोनों के बीच रिश्ता काफी गहरा रहा है.

**प्रधानमंत्री का अपने शिक्षकों से लगाव**

यह दिखाने के लिए कई उदाहरण



हैं कि प्रधानमंत्री अपने स्कूल के शिक्षकों को अभी तक नहीं भूले हैं. उन्होंने अहमदाबाद के गुजरात कॉलेज मैदान में एक समारोह आयोजित किया था, जब वह मुख्यमंत्री थे और स्कूली जीवन के अपने शिक्षकों को सम्मानित किया था. अपनी गुजरात यात्राओं के दौरान भी, उन्होंने विभिन्न अवसरों पर अपने शिक्षकों से मिलने का अवसर नहीं छोड़ा है. वे अक्सर चुनावी रैलियों में भी अपने शिक्षकों के बारे में बात करते नजर आते हैं.

## असम-मेघालय सीमा विवाद: हिंसा के छह दिन बाद भी धारा 144 लागू

गुवाहाटी, 27 नवंबर (एजेंसियां)। असम-मेघालय हिंसा के छह दिन होने के बावजूद प्रशासन ने धारा 144 लागू कर रखी है। सीमा पर तनाव की आशंका के बीच भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। वहीं पहले से चल रहे यात्रा प्रतिबंध अब भी जारी है। मंगलवार को हुई इस घटना के बाद असम पुलिस ने लोगों से पड़ोसी राज्य की यात्रा करने से बचने को कहा है। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि मेघालय में अभी भी स्थिति पूरी तरह से शांतिपूर्ण नहीं है। असम से लोगों या वाहनों पर हमले हो सकते हैं। इसलिए, हम लोगों से उस राज्य की यात्रा नहीं करने के लिए कह रहे हैं।

# किसान का दावा- फसल बीमा के तहत केवल 90 रुपये मिले

## मूसलाधार बारिश के चलते हुआ था भारी नुकसान

मुंबई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में अत्यधिक बारिश के कारण कई किसानों की फसल खराब हो गई थी। किसानों ने दावा किया कि उन्हें बहुत कम मुआवजा राशि मिली है। एक किसान ने दावा किया है कि नुकसान के लिए उसे केवल 90 रुपये मिले हैं। वहीं इस मामले पर संपर्क करने पर, राज्य के कृषि मंत्री अब्दुल सत्तार ने कहा कि कुछ किसानों को बहुत कम राशि प्राप्त हुई है, लेकिन सरकार बीमा कवरेज को बढ़ाने और दावा निपटान प्रणाली को गतिशील बनाने की कोशिश करेगी। राज्य के राहत एवं पुनर्वास विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि औरंगाबाद जिले के 7.48 लाख किसानों ने 2022 खरीफ सीजन में सरकार की फसल बीमा योजना का लाभ उठाया था, लेकिन दीवाली त्योहार से पहले व्यापक बारिश के बावजूद केवल 1.84 लाख किसानों के दावों को बीमा द्वारा अनुमोदित किया गया है। राज्य सरकार के आंकड़ों से यह भी पता चला है कि 1.03 लाख किसानों ने अहमदनगर में अत्यधिक बारिश के कारण फसल क्षति के लिए अपना दावा प्रस्तुत किया है, अब तक केवल 20,226 दावों को मंजूरी दी गई है और 9.78 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

**किसी को 90 रुपये तो किसी को 356 रुपये मिला मुआवजा**



विदर्भ के अकोला जिले की बालापुर तहसील के एक किसान ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि मैंने किसी भी प्राकृतिक आपदा के खिलाफ अपनी कपास की फसल का बीमा कराने के लिए 2,000 रुपये से अधिक का भुगतान किया। अत्यधिक बारिश ने दो एकड़ में कपास के बागान को बुरी तरह प्रभावित किया, लेकिन मेरे पास इसके एवज में केवल 90 रुपये का भुगतान किया गया है। नांदेड़ जिले की किनवट तहसील के एक अन्य किसान, जो अपना नाम नहीं बताना चाहते थे, ने कहा कि उन्हें फसल बीमा कंपनी द्वारा मुआवजे के रूप में 356 रुपये का भुगतान किया गया है। बुलढाणा जिले की खमनगांव तहसील के एक किसान गोपाल रहाणे को 1,147 रुपये मिले, जबकि उन्होंने लगभग एक हेक्टेयर भूमि में फैली अपनी कपास की फसल के लिए 2,819 रुपये का प्रीमियम चुकाया था। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत उनकी कुल बीमा राशि 56,384 रुपये है। लेकिन, अपने कपास बागान के महत्वपूर्ण नुकसान के बावजूद, रहाणे ने कहा कि उन्हें केवल 1,147 रुपये का भुगतान किया गया है।

**अजीत पवार ने उठाए सवाल**

महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता अजीत पवार ने हाल ही में राज्य सरकार से फसल बीमा योजना और इसकी भुगतान प्रणाली को कारगर बनाने के लिए कहा। पवार ने मुंबई में पत्रकारों से बात करते हुए कहा था कि किसानों को राज्य सरकार के खिलाफ कार्रवाई के लिए अदालत जाने के लिए मजबूर न करें। किसानों ने बड़ी संख्या में फसल खोई है और उन्हें उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए।

## शिवपुरी में पीएफआई के सक्रिय सदस्य और संस्थापक सदस्य पर एफआईआर

शिवपुरी, 27 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने विधि-विरुद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम-1967 के तहत पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया संगठन को प्रतिबंधित किया है। 28 सिंतबर 2022 को नोटिफिकेशन प्रकाशित किया गया था। इस संबंध में उच्च न्यायालय दिल्ली के माननीय न्यायाधीश की अध्यक्षता में गठित न्यायाधिकरण की ओर से पीएफआई संगठन और सहयोगी संगठनों को नोटिस जारी किया गया है। इसे भारतीय गृह मंत्रालय की ओर से गैरकानूनी गतिविधि अधिनियम के तहत 28 सितंबर 2022 को पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। शिवपुरी पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह ने बताया, शिवपुरी जिले में पीएफआई संगठन से जुड़े दो लोगों को इस संबंध में नोटिस जारी किया गया है। नोटिफिकेशन के प्रति कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में भी चस्पा जारी किया गया है। इसके अलावा रिहायशी एरिया में लाउडस्पीकर के माध्यम से और रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से सूचना दी गई है।

शिवपुरी जिले में पीएफआई संगठन से जुड़े वार्ड क्रमांक-2 के आदिल शिवानी और हरदौल बाबा मंदिर के पास रहने वाले पीएफआई के संस्थापक सदस्य अब्दुल आरिफ खान को नोटिस जारी किया गया है। अब्दुल आरिफ खान के खिलाफ देहात थाना में भारतीय दंड संहिता की धारा के तहत प्रकरण भी दर्ज किया गया है।

# तमिलनाडु में भाजपा की बढ़ी उम्मीद

## 2024 लोकसभा चुनाव से पहले सेट किया एजेंडा



चेन्नई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। लोकसभा चुनाव 2024 से पहले भारतीय जनता पार्टी ने तमिलनाडु में एजेंडा सेट करना शुरू कर दिया है। डीएमके के खिलाफ माहौल बनाकर और एआईएडीएमके में चल रहे मतभेद का फायदा उठाते हुए नई रणनीति पर काम करना शुरू कर दिया है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि तमिलनाडु भाजपा अध्यक्ष अन्नामलाई ने पार्टी के सदस्यों के लिए उच्च लक्ष्य निर्धारित किए हैं। अन्नामलाई ने काम करने वाले और प्रतिभाशाली युवाओं को मौका देने की योजना बनाई है। इस योजना को सुस्त कार्यकर्ताओं के लिए चेतावनी भी मानी जा रही है। । पार्टी के हित के खिलाफ काम करने वाले या परिणाम नहीं दिखाने वालों के लिए पार्टी से बाहर का रास्ता भी दिखाया जा सकता है।

**लोकसभा और विधानसभा चुनाव में भाजपा और डीएमके के बीच टक्कर**

भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एम चक्रवर्ती ने कहा कि अन्नामलाई द्वारा बनाई गई गति को बनाए रखना पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए बहुत महत्वपूर्ण है, जिन्होंने राज्य में भाजपा को एक मजबूत ताकत बनाया है। चक्रवर्ती का दावा है कि लोकसभा चुनाव और 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा और डीएमके के बीच सीधा मुकाबला होगा। चक्रवर्ती ने कहा कि हाल ही में कुछ गलत काम करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करते हुए अन्नामलाई ने कहा था कि जब कुछ यात्री बस से उतरते हैं, तभी नए यात्रियों को समायोजित किया जा सकता है।

**धमकाने वाले नेता को निलंबित कर अन्नामलाई ने दिया संदेश**

तमिलनाडु भाजपा ने अल्पसंख्यक विंग की प्रमुख महिला नेता डेजी सरन के खिलाफ अभद्र और अपमानजनक टिप्पणी करने और डराने-धमकाने के आरोप लगने के बाद अपने राज्य के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) विंग के नेता सूर्या शिवा को उनके पद से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया है। वहीं इस मामले पर सफाई देते हुए अन्नामलाई ने कहा कि मैं गलती करने वाले किसी को भी नहीं छोड़ूंगा। एक सिक्के के दो पहलू होते हैं। इसकी जांच होनी चाहिए। राजनीतिक शालीनता होनी चाहिए। भाजपा एक अलग तरह की पार्टी है। मैं अनुशासनहीनता बर्दाश्त नहीं करूंगा। अन्नामलाई ने ने जोर देकर कहा कि कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि लक्ष्मण रेखा पार करने वालों को दंडित किया जाएगा...यह तो केवल शुरुआत है। यह पार्टी सभी की है।

**2024 से पहले 'ऑपरेशन दक्षिण विजय'**

बिहार और पंजाब में गठबंधन टूटने के बाद भाजपा के रणनीतिकारों ने 2024 के चुनावों में अपनी समग्र संख्या बनाए रखने के लिए दक्षिण में प्रवेश करने की आवश्यकता महसूस की है। इसके लिए 'ऑपरेशन दक्षिण विजय' को तैयार किया है। इसका उद्देश्य उत्तर-दक्षिण विभाजन को कम करना और 2024 के लोकसभा चुनावों की तैयारी करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं ने अक्सर दक्षिण का दौरा करना शुरू कर दिया है।

## सीएए को लेकर ममता बनर्जी को शुभेंदु अधिकारी की खुली चुनौती

### 'लागू करने से रोककर तो दिखाएं'

कोलकाता, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को राज्य में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लागू करने से रोकने की चुनौती दी. उत्तर 24 परगना जिले के ठाकुरनगर में एक बैठक के दौरान अधिकारी ने कहा, ''सीएए अधिनियम यह नहीं कहता कि कानूनी दस्तावेजों वाले किसी निवासी की नागरिकता छीन ली जाएगी.' ठाकुरनगर मतुआ बहुल क्षेत्र है और इस समुदाय की जड़ें बांग्लादेश में हैं. नंदीग्राम से विधायक शुभेंदु ने मुख्यमंत्री की ओर इशारा करते हुए कहा, ''हमने कई बार सीएए के बारे में बात की है. राज्य में सीएए लागू किया जाएगा. अगर आप में हिम्मत है, तो इसे लागू होने से रोकें.''

## नाबालिग से होटल में दुष्कर्म

**आरोपी ने वीडियो बनाया दोबारा मिलने नहीं आई तो वायरल कर दिया**

अमृतसर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पंजाब के अमृतसर में पुलिस ने एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने और वीडियो को वायरल करने के मामले में आईपीसी की धारा 376, पॉस्को एक्ट और आईटी एक्ट की धारा 67-बी के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस ने गुरदासपुर जिला के बटाला सदर थाने के गांव मरड़ निवासी अजयपाल सिंह गिरफ्तार किया है। नाबालिग लड़की ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह 10वीं कक्षा की छात्रा है और स्पोर्ट्स में भाग लेती है। इस दौरान आरोपी स्कूल में मैच खेलने आता था तो जान-पहचान हो गई। इंस्टाग्राम पर मैसेज और फोन पर बात होने लगी। आरोपी ने उसे पांच अप्रैल 2022 को फोन कर बुलाया और अमृतसर जाने की बात कही। वह गांव से बस में अमृतसर पहुंच गई। जहां आरोपी उसे मोटरसाइकिल पर मिला और एक होटल में ले गया। पीड़िता ने बताया कि जब उसने रास्ते में विरोध किया तो आरोपी ने उसे व खुद को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी और मां-बाप को फंसाने की बात की। आरोपी ने होटल के कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और वीडियो भी बनाया।

# स्वाति मालीवाल के बाद बाबा रामदेव पर भड़कीं महुआ

## बोलीं- अब पता चला सलवार सूट में क्यों भागे थे



नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के ठाणे में एक योग शिविर के दौरान महिलाओं पर बाबा रामदेव की टिप्पणी पर बवाल मचा हुआ है। सोशल मीडिया पर उनकी जमकर आलोचना हो रही है। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल से लेकर शिवसेना सांसद संजय राउत तक उन पर हमला कर चुके हैं। अब टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने भी महिलाओं के खिलाफ उनकी टिप्पणी की आलोचना की है। महुआ ने कहा, अब मुझे पता चला कि बाबा रामलीला मैदान से महिलाओं के कपड़ों में क्यों भागे थे। उनका कहना है कि उन्हें साड़ी, सलवार और....पसंद है। उनके दिमाग में स्ट्रैबिस्मस हो गया है, जो उनके विचारों को एकतरफा बना देता है।

**देश से माफी मांगें रामदेव : स्वाति मालिवाल**

इससे पहले दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालिवाल ने भी इस बयान की निंदा की है। उन्होंने वीडियो अपने ट्विटर हैंडल पर साझा करते हुए कहा, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री की पत्नी के सामने स्वामी रामदेव द्वारा की गई टिप्पणी अमर्यादित और निंदनीय है। इस बयान से सभी महिलाएं आहत हुई हैं, बाबा रामदेव को इस बयान पर देशवासियों से माफी मांगनी चाहिए।

**राउत ने पूछा- अमृता ने टिप्पणियों का विरोध क्यों नहीं किया?**

रामदेव के बयान पर अब सियासत भी तेज हो गई है। उद्धव ठाकरे गुट की शिवसेना नेता संजय राउत ने पूछा, अमृता फडणवीस ने टिप्पणियों का विरोध क्यों नहीं किया? मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, जब राज्यपाल शिवाजी पर अपमानजनक टिप्पणी करते हैं, कर्नाटक के मुख्यमंत्री महाराष्ट्र के गांवों को अपनी राज्य की सीमा में मिलाने की धमकी देते हैं, अब बीजेपी प्रचारक रामदेव महिलाओं का अपमान करते हैं, तो सरकार चुप रहती है। क्या सरकार ने अपनी जुबान दिल्ली के पास गिरवी रख रखी है?

**बाबा रामदेव ने क्या कहा था?**

वायरल वीडियो में बाबा रामदेव कहते हुए सुनाई दे रहे हैं, बहुत बदनसीब हैं आप। सामने के लोगों को साड़ी पहनने का मौका मिल गया, पीछे वालों को मिला ही नहीं। आप साड़ी पहन के भी अच्छी लगती हैं, सलवार सूट में भी अमृता की तरह अच्छी लगती हैं और मेरी तरह कोई ना भी पहने तो भी अच्छी लगती हैं। अब तो लोग लोक लज्जा के लिए पहन लेते हैं। बच्चों को कौन कपड़े पहनाता है पहले। हम तो आठ दस सालों तक तो ऐसे ही नंगे घूमते रहते थे। ये तो अब जाकर पांच-लेयर बच्चों के कपड़ों पर आई है।

स्वतंत्र वार्ता
# मेरा हैदराबाद

सुविचार: एक छोटा सा कर्ज किसी आदमी को आपका देनदार बनाता है, एक बड़ा कर्ज उसको आपका शत्रु बना देता है।



## बेहतर परिणाम के लिए प्रतिबद्धता व समन्वय के साथ काम करें : केसीआर

### सीएम ने नगर प्रशासन विभाग के साथ समीक्षा बैठक की



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने कहा कि जब प्रशासन प्रतिबद्धता और समन्वय के साथ काम करेगा तो समाज में उल्लेखनीय बदलाव देखने को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों की इच्छा के अनुरूप राज्य सरकार सभी क्षेत्रों में एक के बाद एक विभिन्न विकास कार्य कर रही है और कर्मचारी भी इस विशाल कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने अधिकारियों से यह भी कहा कि वे अब तक जो हासिल किया है उससे संतुष्ट न हों और अतीत की तुलना में अपने कौशल में सुधार पर अधिक ध्यान केंद्रित करें। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने रविवार को यहां प्रगति भवन में नगर प्रशासन विभाग के साथ समीक्षा बैठक की और निजामाबाद शहर के प्रस्तावित विकास कार्यों के बारे में भी चर्चा की। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना में जैसे-जैसे वित्तीय संसाधन बढ़ रहे हैं, जनता की मांगें बढ़ रही हैं और लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकार को और अधिक जिम्मेदार होना चाहिए। केसीआर ने कहा कि चूंकि तेलंगाना सरकार विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति कर रही है, लोग अधिक सुविधाओं की उम्मीद कर रहे हैं और अधिकारियों को वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए अधिक प्रतिबद्धता के साथ काम करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेलंगाना, जिसे कभी आजीविका के लिए दूसरे राज्यों और देशों में लोगों के प्रवास का नाम दिया गया था, अब अन्य राज्यों के 30 लाख से अधिक लोगों को आश्रय दे रहा है, जो तेलंगाना में अवसर व रोजगार की संभावना के बाद यहां विभिन्न व्यवसायों में बस गए हैं।

## ईको-टूरिज्म से आदिवासी युवाओं को मिली मदद



कुमराम भीम आसिफाबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य वन विभाग द्वारा स्थापित अपनी तरह की पहली इको-टूरिज्म कमेटी ने तिरयानी मंडल के मंडागुड़ा गांव के छह आदिवासी युवाओं के एक समूह को बिना ज्यादा निवेश के उद्यमी बनने में मदद की है।

पिछले साल तक, ये युवा तिरयानी में चिंतलमदारा झरने के आसपास घूमते थे, जो कि तत्कालीन आदिलाबाद जिले, पेद्दापल्ली, जगतियाल जिलों और यहां तक कि महाराष्ट्र से भी पर्यटकों और प्रकृति प्रेमियों से भरा हुआ है। उस समय उन्होंने कभी नहीं सोचा था कि झरने में उनके लिए रोजगार का अवसर होगा।

इस वर्ष, उनमें से छह पोर्कटा अर्जुन, सिक्रम शंकर, सिक्रम तुलसीराम, नैथम आनंद, नैथम विनोद और कुमराम नागेश - चिंतलमदारा और मंडागुडा से, जिनकी आयु 20 वर्ष से 30 वर्ष के बीच है, को एक ईको-पर्यटन समिति के सदस्य के रूप में चुना गया।

प्रभारी जिला वन अधिकारी जी. दिनेश कुमार और तत्कालीन गिनेधारी वन परिक्षेत्र अधिकारी टी प्रणय के सुझाव के अनुसार मौसमी जलप्रपातों का रखरखाव समिति, अपनी तरह की पहली पहल, जुलाई से 1 नवंबर तक झरने का प्रबंधन करने वाली थी और उन पांच महीनों ने युवाओं के झरने को देखने का तरीका बदल दिया।

समिति के अध्यक्ष तुमराम गोपाल ने कहा कि समिति ने केवल झरने को बनाए रखने, आगंतुकों से शुल्क और पार्किंग शुल्क एकत्र करके 2.06 लाख रुपये का राजस्व दर्ज किया, इन पांच महीनों में लगभग 60,000 आगंतुक मौके पर पहुंचे। इस आय का उपयोग सदस्यों को 6,000 रुपये प्रति माह वेतन देने के लिए किया गया था, जबकि शेष धनराशि को पर्यटन स्थल के रूप में जलप्रपात को और विकसित करने के लिए खर्च किया जाना है।

जहां तीन युवकों को हादसों को रोकने के लिए वाटरफॉल पर गार्ड के रूप में तैनात किया गया है, दो को पर्यटन स्थल के पास एक टोल प्लाजा पर और एक को पार्किंग स्थल पर तैनात किया गया है। अध्यक्ष कभी-कभी झरनों का निरीक्षण करते थे और समिति के कामकाज की निगरानी करते है, जो सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक काम करती है। समिति ने शुरू में मोटर चालकों और आगंतुकों की सुविधा के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के माध्यम से गांव के बाहरी इलाके से झरने तक एक मिट्टी की सड़क बनाई। सड़क की मरम्मत की गई और आईटीडीए-उन्नूर परियोजना अधिकारी के वरुण रेड्डी और अतिरिक्त कलेक्टर चाहत बाजपेयी द्वारा स्वीकृत धन की मदद से लोहे की बाड़ जैसे सुरक्षा उपाय किए गए।

ईटीसी ने आगंतुकों को एक कार पार्क करने की अनुमति देने के लिए 100 रुपये और दोपहिया वाहन के लिए 20 रुपये एकत्र किए, जबकि प्रत्येक पर्यटक से झरने की यात्रा के लिए 30 रुपये का शुल्क लिया गया। दिनेश कुमार ने कहा कि इसने झरनों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई क्योंकि सदस्यों को अस्थायी रोजगार और आय भी मिली।

## सज्जनार ने ड्राइवर राजैया की आत्महत्या की खबरों का खंडन किया



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। टीएसआरटीसी के एमडी वीसी सज्जनार ने आज निगम के ड्राइवर राजैया की आत्महत्या पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि रजैया की आत्महत्या के लिए निगम का प्रबंधन जिम्मेदार नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें पता चला है कि पेद्दापल्ले जिले के गोदावरीखानी के मूल निवासी राजैया ने व्यक्तिगत समस्याओं के कारण यह कदम उठाया है।

समाचार रिपोर्टों का हवाला देते हुए कि निगम के अधिकारियों द्वारा जेबीएस डिपो से रजैया को स्थानांतरित करने के अनुरोध को अस्वीकार करना उनकी आत्महत्या के लिए जिम्मेदार था, उन्होंने समाचार रिपोर्टों का खंडन किया और कहा कि उन्होंने तीन महीने पहले उनके व्यक्तिगत अनुरोध पर राजैया को जेबीएस डिपो में स्थानांतरित कर दिया था। सज्जनार ने अपने ट्वीट में कहा कि राजैया ने उनसे यह कहकर हैदराबाद स्थानांतरित करने का आग्रह किया कि वह अपने बेटे के साथ परिवार के अन्य सदस्यों के साथ राज्य की राजधानी में रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि राजैया ने उनसे कभी भी जेबीएस डिपो से उन्हें फिर से स्थानांतरित करने का अनुरोध नहीं किया था। एमडी ने कहा कि राजैया ने आखिरी बार 23 नवंबर को यह कदम उठाने से पहले अपने कर्तव्यों का निर्वहन किया है। सज्जनार ने यह भी स्पष्ट किया कि निगम अपने कर्मचारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उन्होंने कहा कि उन्होंने अपने विकास के लिए कई कल्याणकारी कार्यक्रम शुरू किए हैं। उन्होंने मीडिया संगठनों को सलाह दी कि वे निगम की प्रतिष्ठा को प्रभावित करने वाली कोई एकतरफा और असत्यापित खबर न फैलाएं और उन्हें ले जाने से पहले संबंधित अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने को कहा।

## केंद्र में 2024 में केसीआर की सरकार बनने के बाद नहीं होगी आईटी की कार्रवाई : मल्लारेड्डी

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्र के खिलाफ लगातार हमलावर रहने वाले केसीआर के एक मंत्री ने रविवार को बड़ा बयान दिया है। तेलंगाना के श्रम मंत्री सी. मल्ला रेड्डी ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि 2024 के आम चुनाव के बाद केंद्र में मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव की सरकार बनेगी। जिसके बाद पूरे देश में आयकर (आई-टी) द्वारा छापेमारी नहीं की जाएगी। मंत्री सी. मल्लारेड्डी ने रविवार को एक बैठक में कहा कि 2024 के आम चुनावों में केसीआर की सरकार केंद्र में आएगी। फिर, पूरे देश में आयकर में ढील दी जाएगी और छापे नहीं होंगे। केसीआर ऐसा नियम लाएगे कि लोग स्वेच्छा से कर का भुगतान कर सकेंगे।



नरसमपेट में अपनी पदयात्रा के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनती हुईं वाईएसआरटीपी की अध्यक्षा वाईएस शर्मिला। इस दौरान शर्मिला ने उन्हें हरसंभव मदद का आश्वासन दिया।

## यादाद्री-भोंगिर : गुंडाला में स्कूल बस में लगी आग

यादाद्री-भोंगिर, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। गुंडाला में सड़क किनारे खड़ी एक स्कूल बस में शनिवार की आधी रात को आग लग गई और वह पूरी तरह जलकर खाक हो गयी। घटना के वक्त बस में कोई नहीं था। बस जंगगांव जिले के देवारुप्पुला के एक निजी स्कूल की है और इसका इस्तेमाल छात्रों को गुंडाला से स्कूल ले जाने के लिए किया जाता था। पुलिस के मुताबिक अक्सर बस रात में गुंडाला में खड़ी की जाती थी। आग रात करीब 12.30 बजे लगी, जिसे स्थानीय लोगों ने देखा और मोत्कुर फायर स्टेशन को सूचना दी। जब तक दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची तब तक बस पूरी तरह जल चुकी थी। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। गुंडाला पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच कर रही है।

## चॉकलेट खाना पड़ा भारी, 8 साल के मासूम की गई जान

### ऑस्ट्रेलिया से चॉकलेट लाये थे पिता

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल में चॉकलेट खाने से 8 साल के लड़के की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वारंगल के रहने वाले कंघन सिंह विदेश से बेटे के लिए चॉकलेट लाए थे। 8 साल के संदीप ने चॉकलेट खाई, तो वह उसके गले में फंस गई। उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान चली गई।

पुलिस के मुताबिक दूसरी क्लास में पढ़ने वाला संदीप शनिवार को घर से कुछ चॉकलेट्स लेकर स्कूल गया। चॉकलेट खाने के बाद वह हांफने लगा और उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी। टीचर ने स्कूल अथॉरिटी को इस बात की जानकारी दी। इसके बाद उसे हॉस्पिटल ले जाया गया, लेकिन उसकी जान नहीं बच पाई। डॉक्टरों ने दम घुटने को मौत की वजह बताया है। संदीप के पिता कंघन सिंह वारंगल में इलेक्ट्रिक शॉप चलाते हैं। वे 20 साल पहले राजस्थान से यहां आए थे। उनके चार बच्चे हैं। वह पिछले दिनों ऑस्ट्रेलिया ट्रिप पर गए थे, जहां से वह अपने बच्चों के लिए चॉकलेट्स लेकर आए थे। संदीप इनमें से कुछ चॉकलेट स्कूल ले गया था, जिन्हें खाने के बाद उसकी मौत हो गई।

## सरूर नगर में किड्स प्ले जोन में उपकरण बदलें : मंत्री

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नगर निगम प्रशासन और शहरी विकास मंत्री केटी रामाराव ने रविवार को ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) के अधिकारियों को सरूर नगर में प्रियदर्शिनी पार्क के अंदर स्थित किड्स प्ले ज़ोन में क्षतिग्रस्त उपकरणों को बदलने का निर्देश दिया। पार्क के अंदर की स्थिति के बारे में ट्विटर पर एक शिकायत का जवाब देते हुए, मंत्री ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए और सभी पार्क बच्चों के लिए सुरक्षित होने चाहिए।

## किशन रेड्डी ने वंदे भारतम नृत्य प्रतियोगिता का उद्घाटन किया




हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। केंद्रीय संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने कहा कि भारत की विभिन्न कलाओं और संस्कृतियों को संरक्षित करने की आवश्यकता है, जो विविधता में एकता का प्रतीक हैं। केंद्रीय मंत्री, जिन्होंने रविवार को यहां क्षेत्रीय स्तर की नृत्य प्रतियोगिता "वंदे भारतम - नृत्य उत्सव" का उद्घाटन किया, ने कहा कि केंद्र ने भारत में विभिन्न नृत्य रूपों को बढ़ावा देने के इरादे से इस कार्यक्रम को शुरू किया था।

भारतीय संस्कृति को लोक कला रूपों, आदिवासी नृत्य रूपों, शास्त्रीय नृत्य और समकालीन कला रूपों के साथ 17-30 वर्ष के आयु वर्ग के युवा महिलाओं और पुरुषों के साथ प्रदर्शित करने के लिए प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। जोनल स्तर के फाइनल 6 दिसंबर को नागपुर में और राष्ट्रीय फाइनल 19 दिसंबर को दिल्ली में होंगे। क्षेत्रीय प्रतियोगिता में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के लगभग 200 कलाकारों ने भाग लिया।

## नागरिकों ने किशन रेड्डी से डबल बेड रूम हाउस की शिकायत की

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिकंदराबाद के अडागुट्टा के निवासियों ने आज केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी के पास डबल बेड रूम हाउस के निर्माण के बारे में शिकायत दर्ज कराई। घटना सिकंदराबाद में अपने लोकसभा क्षेत्र से अडागुट्टा इलाके में किशन रेड्डी की पदयात्रा के दौरान हुई।

पदयात्रा के दौरान लोगों ने उन्हें ज्ञापन सौंपा और उनकी समस्याओं के समाधान की अपील की. इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्हें निवासियों से डबल बेडरूम घरों के निर्माण के बारे में कई शिकायतें मिली हैं और उन्हें जल्द से जल्द हल करने का वादा किया है। उन्होंने यह भी कहा कि वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए पदयात्रा कर रहे हैं। पदयात्रा के दौरान जीएचएमसी की पूर्व मेयर बी. कार्तिका रेड्डी भी केंद्रीय मंत्री के साथ थीं।

## टीआरएस को हमेशा मिलता रहेगा लागों का समर्थन : मेदक सांसद



सिद्दीपेट, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रम मंत्री सीएच मल्ला रेड्डी और मेदक सांसद कोठा प्रभाकर रेड्डी ने रविवार को मुलुगु मंडल के बैलामपुर गांव में एक जल संयंत्र का उद्घाटन किया। इसकी स्थापना सरपंच स्वाति और उनके पति मधुसूदन रेड्डी ने अपने खर्च पर ग्रामीणों की पेयजल जरूरतों को पूरा करने के लिए की है। इस अवसर पर बोलते हुए, प्रभाकर रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना राष्ट्र समिति विपक्षी दलों द्वारा पेश की गई सभी चुनौतियों को पार करते हुए लगातार तीसरी बार चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ईडी, आईटी और सीबीआई छापे की धमकी देकर तेलंगाना में राजनीतिक रूप से मजबूत करने के लिए गलत रास्ता चुन रही है। हालांकि, लोग टीआरएस का समर्थन करेंगे क्योंकि उन्हें सच्चाई पता है। वन विकास निगम के अध्यक्ष वंतेरू प्रताप रेड्डी, विधायक डॉ वी यादव रेड्डी और अन्य उपस्थित थे।

## ओजीएच डॉक्टरों ने लोहे की छड़ों में फंसे निर्माण श्रमिक को बचाया



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। उस्मानिया जनरल हॉस्पिटल (ओजीएच) के सर्जनों और चिकित्सकों की एक बहु-अनुशासनात्मक टीम ने झारखंड के एक 35 वर्षीय निर्माण श्रमिक की जान बचाई, जो एबिड्स में एक निर्माण स्थल की दूसरी मंजिल से दुर्घटनावश गिर गया था और इस प्रक्रिया में दो लोहे की सड़कों ने उसके पेट के हिस्से को काट दिया था। हेल्पिंग हैंड फाउंडेशन के स्वयंसेवकों द्वारा दर्दनाक दर्द और रक्तस्राव के साथ कार्यकर्ता को शनिवार दोपहर ओजीएच ले जाया गया। एक त्वरित ऑपरेशन में, ओजीएच के डॉक्टरों की एक बहु-विषयक टीम ने मामले का आकलन किया और चार से पांच घंटे तक चलने वाली मैराथन सर्जरी की। शनिवार की शाम तक, सर्जनों ने लोहे की छड़ों को सफलतापूर्वक हटा दिया, जिससे अन्य अंगों को अछूता छोड़कर केवल छोटी आंतों को छिद्रित किया गया है। ओजीएच डॉक्टरों ने बिना किसी खर्च के कार्यकर्ता की जान बचाई, जिसमें डॉ. जी. श्रीनिवास, हेड, सीटी सर्जन, यूरोलॉजी से डॉ. नीतीश, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी से डॉ. आदित्य सर्जिकल और जनरल सर्जरी और एनेस्थीसिया टीम से डॉ. अजिता शामिल थे।

## भव्य अन्नकूट प्रसाद व श्याम संकीर्तन आयोजित



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्रीश्रीश्री 1008 सेवारामजी महाराज (बापजी महाराज) के पावन सान्निध्य में नारायणी गौ सेवा सदन, मूसारामबाग भव्य अन्नकूट प्रसाद एवं श्याम संकीर्तन आयोजित किया गया।

श्याम बाबा के लाडले के तत्वावधान में संकीर्तन प्रमुख भजन गायक संदीप अग्रवाल (हैदराबाद), कनिका ग्रोवर, नीमच (म.प्र.) ने भजनों की गंगा बहाई। इस अवसर पर भारी संख्या में गोभक्तों ने पधार कर गौमाता के दर्शन एवं प्रसाद का लाभ उठाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्टी द्वारका प्रसाद तिवारी, अमन सोनी, मोहन बाबू, सज्जन राज जैन, पवन कुमार अग्रवाल आथद का विशेष सहयोग रहा।

शोक-संदेश



स्व. श्री कानारामजी काग
(पूर्व अध्यक्ष श्री आईजी गौशाला)
: सुपुत्र : स्व. श्री गोमारामजी काग
मरुधर मे गाँव बिलाड़ा बेरा-बिल्दा ; स्वर्गवास: 20 नवम्बर 2022
खजमतिया-सुकली आज, सोमवार दि.28.11.2022
होग कार्यक्रम कल, मंगलवार दि.29.11.2022 को
: श्रद्धांजलि अर्पितकर्ता : [illegible] (भाई), [illegible] (धर्मपत्नी), [illegible] (पुत्र-पुत्रवधु), [illegible] (पुत्री-दामाद), [illegible] (पौत्र), [illegible] (पौत्री), [illegible]
एवं समस्त काग परिवार
: फर्म : श्री बालाजी ज्वैलर्स -धम्माईगुडा
अम्बिका ज्वैलर्स - धम्माईगुडा ✻ ओम ज्वैलर्स - बंडलागुडा
9866472593, 9701517854, 9948422095, 9948902189
समस्त कार्यक्रम पैतृक गाँव बिलाड़ा बेरा-बिल्दा पर ही रहेंगे
P.Solankey

# सपा ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

## निर्वाचन अधिकारी को भेजा ज्ञापन



लखनऊ, 27 नवंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी का आरोप है कि भाजपा के इशारे पर पुलिस मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव एवं खतौली विधानसभा क्षेत्र में पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न कर रही है। आधी रात के बाद पार्टी कार्यकर्ताओं के घर पुलिस पहुंच रही है और उन्हें गिरफ्तार किया जा रहा है। यहां तक कि आजम खान की पत्नी पूर्व सांसद तंजीम फातिमा को घर से बाहर न निकलने की चेतावनी दी गई है।

ऐसे माहौल में निष्पक्ष चुनाव कराना संभव नहीं है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव राजेंद्र चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा ने आयोग को भेजी गई शिकायत में बताया कि भाजपा के इशारे पर पुलिस चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर रही है। आयोग तत्काल ऐसे पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करे ताकि निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने आरोप लगाया कि भाजपा के इशारे पर पुलिस के आला अधिकारी दो तरह की कार्रवाई कर रहे हैं। एक तरफ जाति विशेष के पुलिस कर्मियों को छुट्टी पर भेजा जा रहा है तो दूसरी तरफ पार्टी कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न किया जा रहा है।

# बिहटा रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट कटाने को लेकर हुआ विवाद



बिहटा रेलवे स्टेशन पर घटना के बाद जुटी भीड़

बिहटा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार की राजधानी पटना से बड़ी खबर सामने आ रही है। दानापुर रेलवे मंडल के बिहटा रेलवे स्टेशन पर तत्काल टिकट कटाने को लेकर अपराधियों ने जमकर फायरिंग की है। बिहटा रेलवे स्टेशन के बुकिंग काउंटर पर दबंगों की दबंगई देखने को मिली है। इस घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया है। घायल व्यक्ति को गोली लगी है या मारपीट में चोट लगी है यह स्पष्ट नहीं हो पाया है। घायल की पहचान लई निवासी मो जफर खान का 25 वर्षीय पुत्र मोदरिश खान के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि बिहटा रेलवे टिकट काउंटर पर पैसेंजर तत्काल टिकट कटा रहे थे। उसी दौरान पहले टिकट कटाने के चक्कर में मारपीट शुरू हो गयी और फिर नौबत फायरिंग तक पहुंच गयी। अपराधियों ने एक के बाद एक तीन राउंड लगातार फायरिंग होने की बात सामने आ रही है। बताया जा रहा है कि अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की, इसके बाद मौके से फरार हो गये। घटना की जानकारी के बाद जीआरपी व स्थानीय थाने की पुलिस भारी संख्या में पहुंच गयी। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने पूरे इलाके की घेराबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी में जुट गयी है। गोलीबारी की घटना के बाद से बिहटा रेलवे स्टेशन पर अफरातफरी मच गयी। सभी लोग इधर-उधर भागने लगे।

बताया जाता है कि रविवार को दानापुर रेलवे स्टेशन के बिहटा टिकट काउंटर पर तत्कार टिकट कटाने को लेकर काफी लोगों का भीड़ लगा हुआ था। इसी दौरान टिकट कटाने में यात्रियों से झड़प हो गयी। जिसके बाद तीन से चार के संख्या में हथियार बन्द अपराधी पहुंचे और जमकर मारपीट करते हुये तीन राउंड फायरिंग की।

# उमेश कुशवाहा फिर से बने जदयू के प्रदेश अध्यक्ष

## दूसरी बार चुने गये निर्विरोध

पटना, 27 नवंबर (एजेंसियां)। उमेश कुशवाहा ही जेडीयू के प्रदेश अध्यक्ष बने रहेंगे। जदयू के संगठनात्मक चुनाव के दौरान शनिवार को दूसरी बार उन्हें निर्विरोध चुना गया। उमेश कुशवाहा ने शनिवार की सुबह 11 बजे प्रदेश कार्यालय में जेडीयू प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया था। उमेश कुशवाहा के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी मौजूद थे। उमेश कुशवाहा को एक बार फिर एक बार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। हालांकि, इसकी विधिवत घोषणा रविवार को राज्य परिषद की बैठक में हुई।

बैठक में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह सहित पार्टी के सभी बड़े नेता मौजूद रहें। इससे पहले शनिवार को उमेश सिंह कुशवाहा द्वारा राज्य निर्वाचन पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह के समक्ष दाखिल किये गये नामांकन पत्र में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह प्रस्तावक हैं। नामांकन के समय विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी, विधान पार्षद अफाक अहमद, विधान पार्षद खालिद अनवर, विधायक निरंजन मेहता सहित अन्य लोग साथ रहे।



उमेश कुशवाहा की स्वागत करते पदाधिकारी

**दूसरी बार चुने गये निर्विरोध**

राज्य निर्वाचन पदाधिकारी जनार्दन प्रसाद सिंह के अनुसार प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए निर्धारित समय में सिर्फ एक उमेश सिंह कुशवाहा ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया था। कुशवाहा के निर्विरोध निर्वाचन की विधिवत घोषणा 27 नवंबर को राज्य परिषद की बैठक में संपुष्टि के बाद की गयी। उमेश सिंह कुशवाहा ने कहा कि पुनः भरोसा एवं विश्वास करने के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह का आभार व्यक्त करता हूं। पार्टी सबका साथ और सबका विकास चाहती है। पार्टी लगातार प्रदेश के समावेशी विकास एवं सभी लोगों की खुशहाली में लगी है।

# मोहन भागवत ने शहीदों के परिजनों को किया सम्मानित

## बोलें- सभ्यता और संस्कृति से महाशक्ति बनेगा भारत

सारण, 27 नवंबर (एजेंसियां)। जिले के दिघवारा में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि भारत विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है और जल्द ही महाशक्ति बनेगा। उन्होंने कहा कि रूस व अमेरिका जैसे देशों ने महाशक्ति बनकर डंडे का प्रयोग किया। रूस ने यूक्रेन पर हमला कर दिया है। लेकिन भारत अपनी मेधा व क्षमता की बदौलत विश्वगुरु बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि हमारे समाज, सभ्यता व संस्कृति की विश्व में अलग पहचान है और इसलिए देश का वैभव अमर है। तरक्की के साथ भारत अजेय बनेगा।

**मलखाचक एक तीर्थ के समान - मोहन भागवत**

मोहन भागवत रविवार को मलखाचक गांव में 333 स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मानित करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि शहीदों की भूमि वंदनीय होती है और यह उनका सौभाग्य है कि उनको मलखाचक आने का मौका मिला है। उन्होंने समाज के सभी लोगों से शहीद व स्वतंत्रता सेनानियों के परिजनों को सम्मान देने का आग्रह किया। संघ प्रमुख ने कहा मलखाचक एक तीर्थ के समान है और इस स्थान का एक विशेष महत्व है। हमें इस भूमि की वंदना करनी चाहिये।



**विश्व कल्याण के लिए भारत बड़ा बनेगा : संघ प्रमुख**

आरएसएस प्रमुख ने कहा कि जब हम पर विदेशी आक्रमण नहीं हुआ था तो हम सुरक्षित थे और जब हम अपनों में बंटे तो अंग्रेजों ने इसका फायदा उठाया और हमें गुलाम बनाना शुरू किया। अपनों में बंटने के बाद ही ब्रिटिश हम लोगों को गुलाम बनाने में सफल रहे। मुगलों के आक्रमण के बाद सभी को अलग-अलग लड़ना पड़ा। अंग्रेजों ने अधूरी शिक्षा व्यवस्था को लागू कर हमें पंगु बनाना शुरू कर दिया था। लेकिन अब अपने देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार हुआ। उन्होंने कहा कि भारत को अब कोई दुरात्मा नहीं जीतेगी और विश्व कल्याण के लिए भारत बड़ा बनेगा। आज देश का विचार, प्रांत, भाषा, जाति अलग-अलग है। मगर सभी का एक ही लक्ष्य है देश की तरक्की व समृद्धि की प्राप्ति।

# चलती कार में लगी आग

## बाल-बाल बची चार लोगों की जान, जलकर राख हुई कार

भागलपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भागलपुर जिले के जगदीशपुर में एक कार में अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि लोगों को आग पर काबू पाने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ रही थी। जब तक लोग आग को बुझा पाते तब तक कार पूरी तरह से जल चुकी थी। बताया जा रहा है की कार मालिक बांका निवासी अभिषेक कुमार अपने साले के शादी समारोह में जा रहे थे, लेकिन जगदीशपुर में शार्ट-शर्किट की वजह से आग लग गई। कार में अभिषेक के अलावा, उनकी पत्नी, बच्चा और ड्राईवर मौजूद थे। वहीं कार सवार लोग समान लेकर किसी तरह आनन-फानन में अपनी जान बचाकर उतरे। उसके बाद जगदीशपुर थाना परिसर में पानी की उपलब्धता को देखते हुए स्थानीय लोगों कार को धक्का देकर थाना परिसर में घुसा दिया। स्थानीय लोग व पुलिस प्रशासन की मदद से आग पर काबू पाया गया। थाना परिसर में कार में लगी आग को बुझाया गया।

# आजम खां बोले- मेरी पत्नी को पुलिस ने दी है धमकी

## ऐसे तो भाजपा प्रत्याशी को घोषित कर दें विजेता

रामपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर सपा नेता आजम खां ने पुलिस पर बड़ा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा पुलिस लोगों को घरों में घुसकर धमकी दे रही है। पुलिस लोगों से कह रही है कि अगर सपा को वोट दिया तो उनके घर खाली करा लिए जाएंगे। आजम खां ने कहा कि पुलिस ने उनकी पत्नी को नहीं बख्शा है, जो पूर्व सांसद और पूर्व विधायक हैं। पुलिस ने उनसे कहा है कि घर से बाहर मत निकलना। सपा नेता ने कहा है कि अगर ऐसा ही चुनाव कराना है तो चुनाव आयोग भाजपा प्रत्याशी को जीता हुआ घोषित कर दे। शनिवार की देर रात लगभग 12 बजे सपा कार्यालय पर आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में आजम खां ने कहा कि हम जो आरोप लगा रहे हैं उसके प्रमाण हमारे पास हैं। वीडियो फुटेज भी हैं और रिकॉर्डिंग भी, लेकिन कुछ खास वजह से हम इसे मीडिया को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ माह पहले संपन्न हुए लोकसभा के उपचुनाव में क्या हुआ था, किसी से छुपा नहीं है। अब विधानसभा के उपचुनाव को लेकर भी वैसा ही माहौल बनाया जा रहा है।



**पुलिस ने 50 घरों के दरवाजे तोड़े- आजम**

आजम खां ने आरोप लगाया कि शनिवार की रात पुलिस ने 50 घरों के दरवाजे तोड़े हैं और महिलाओं के साथ अभद्रता की है। उन्होंने कहा कि रामपुर विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, रालोद के अध्यक्ष जयंत चौधरी और भीम आमी के चंद्रशेखर भी आने वाले हैं। आजम ने सवाल उठाया कि आखिर ये किस बात के लिए रामपुर आ रहे हैं जब यहां चुनाव ही नहीं हो रहा है। यहां तो पुलिस ने दहशत का माहौल बना रखा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार किसी भी व्यवस्था को शोभा नहीं देता है। उन्होंने रामपुर के लोगों से अपील करते हुए कहा कि मुझे मत बचाइए। मैं तो सजायाफ्ता हूं, चुनाव तो लड़ नहीं सकता हूं। मुझे तो वोट डालने का भी अधिकार नहीं है। लेकिन अपने नामों को जिनकी वजह से आपकी पहचान है, उनको बचा लीजिए। आजम ने कहा कि यह न तो कटाक्ष है और न ही नसीहत। यह दर्दमंदाना अपील है क्योंकि वो बहन-बेटियां, वो मांएं आप ही की हैं जिनके साथ अपमानजनक व्यवहार हो रहा है।

# दरवाजे में फंसकर चोर की मौत

## सिर पावरलूम के अंदर और धड़ बाहर फंसा, पूरी रात दरवाजे से चिपका रहा



वाराणसी, 27 नवंबर (एजेंसियां)। वाराणसी के एक पावरलूम में चोरी करने घुस रहे युवक की दरवाजे पर ही मौत हो गई। चोर का सिर पावरलूम के दरवाजे के अंदर और बाकी शरीर बाहर रह गया था। वह दरवाजे में इस कदर फंसा कि न तो अंदर घुस पाया और न ही बाहर निकल पाया। स्थिति यह हो गई कि उसने फंसे-फंसे ही तड़प कर दम तोड़ दिया। सुबह लोगों ने जब उस को दरवाजे से चिपका देखा, तो शोर मचाना शुरू किया। पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। मामला सारनाथ थाना क्षेत्र के दानियालपुर स्थित ताड़ीखाना का है। दानियालपुर में 22 साल का जावेद अपनी पत्नी तरन्नुम के साथ रहता था। वह अक्सर चोरी करता रहता था और उसी को अपना पेशा बना रखा था। कई बार वह छोटी-मोटी चोरी करते पकड़ा भी गया था। शनिवार रात भी वह चोरी की नीयत से रहमतुल्ला के पावरलूम में घुस रहा था। जब जावेद अंदर घुस रहा था, तभी दरवाजे में उसकी गर्दन फंस गई। उसने काफी कोशिश की, लेकिन गर्दन निकल नहीं पाई। थोड़ी देर बाद उसका दम घुटने लगा और फिर उसकी मौत हो गई। हालांकि, पुलिस ने अपनी रिपोर्ट में चोरी की आशंका नहीं जताई है। मगर, स्थानीय लोगों का कहना है कि यह युवक चोरी की नीयत से अंदर घुस रहा था। दरवाजे के दोनों दरवाजों के बीच में उसकी गर्दन ऐसी फंसी कि वह न तो अंदर घुस पा रहा था और न ही उसका सिर बाहर आ पा रहा था। रविवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे जब लोगों ने देखा तो हल्ला मचाना शुरू किया। पुलिस ने मौके पर पहुंच छानबीन शुरू कर दी है। फिलहाल, पुलिस मौत की प्राथमिक वजह दम का घुटना ही बता रही है। बाकी बातें, जांच के बाद साफ हो पाएंगी। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पावरलूम के संचालक निजाम ने बताया कि बीते दो दिन से उसका पावरलूम बंद था। जावेद की आदतें ठीक नहीं थी। उसे कई बाद छोटी-मोटी चोरी के दौरान रंगेहाथ पकड़ा जा चुका था। लेकिन, समझा कर छोड़ दिया जाता था। आसपास के लोगों ने बताया कि उसकी पत्नी तरन्नुम ने पूरी रात जावेद का इंतजार किया।

# पहाड़ा नहीं सुनाया तो 5वीं के छात्र के हाथ पर चला दी ड्रिल मशीन

## सजा देने वाले टीचर को निकाला गया-दो को नोटिस

कानपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के कानपुर से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। कानपुर के एक निजी स्कूल के शिक्षक ने कथित तौर पर पांचवीं कक्षा के एक छात्र को 2 का पहाड़ा न सुनाने पर उसके हाथ पर ड्रिल मशीन चला दिया। हालांकि छात्र को गंभीर चोट नहीं आई और उसे प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी मिल गई

पीड़िता छात्र की पहचान कानपुर जिले के सीसामऊ निवासी के रूप में हुई है। वह प्रेमनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय में पढ़ाई करता था। पुलिस द्वारा जारी एक बयान के अनुसार घटना की जानकारी होने पर पीड़िता के परिजन स्कूल पहुंचे, जिससे विद्यालय परिसर में हंगामा मच गया। कानपुर के बेसिक शिक्षा अधिकारी सुजीत कुमार सिंह ने मीडिया से बात करते हुए कहा, "घटना कानपुर के प्रेमनगर की है। हमने क्षेत्र के संबंधित शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। इस पूरे घटनाक्रम की जांच के लिए एक कमेटी का गठन किया गया है। प्रेमनगर व शास्त्रीनगर के प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मामले की जांच कर रिपोर्ट भेजेंगे। जो भी दोषी पाया जाएगा उसे दंडात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।" पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित छात्र ने कहा, "शिक्षक ने मुझे 2 का पहाड़ा सुनाने के लिए कहा। मैं ऐसा करने में विफल रहा और फिर उसने मेरा हाथ ड्रिल कर दिया। मेरे बगल में खड़े एक साथी छात्र ने ड्रिल मशीन के प्लग को तुरंत बंद किया।" रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्र के बाएं हाथ में चोट आई है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पीड़िता को स्कूल से घर भेज दिया गया और इलाज कराया गया।

सूत्रों के अनुसार प्रभारी शिक्षक ने कथित तौर पर घटना की जानकारी स्थानीय शिक्षा अधिकारियों को नहीं दी थी। परिजनों के हंगामे के बाद ही इसकी सूचना खंड शिक्षा अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलने पर बेसिक शिक्षा अधिकारी व प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी मामले की जांच करने मौके पर पहुंचे। वहीं बताया जा रहा है कि आरोपी शिक्षक को स्कूल से निकाल दिया गया है और दो अन्य लोगों को भी लापरवाही बरतने के कारण नोटिस भेजा गया है।

# डॉक्टर ने ऑपरेशन के दौरान चार मरीजों का निकाला गर्भाशय

## सभी महिलाओं की उम्र 40 से कम

पश्चिम चंपारण, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के बगहा में एक बार फिर से मरीजों का गर्भाशय निकालने का मामला सामने आया है। पश्चिम चंपारण जिला के भैरोगंज के एक झोला छाप डॉक्टर ने चार महिलाओं का गर्भाशय निकाल लिया और फिर मौके से फरार हो गया। प्रशासन द्वारा इस अवैध क्लिनिक को सील तो कर दिया गया है। लेकिन एक ही जिले में एक महीने के अंदर इस तरह की दो घटनाएं कई सवाल खड़े करती हैं।

**ऑपरेशन के दौरान चार महिलाओं का निकाला गया गर्भाशय**

भैरोगंज के अवैध क्लिनिक में छापेमारी की गई तो कुल पांच महिला अस्पताल में भर्ती मिली जिनका ऑपरेशन किया गया था। इनमें से चार महिलाओं का ऑपरेशन के दौरान गर्भाशय निकाल लिया गया था। इसके बाद जब महिलाओं की जांच बगहा अनुमंडलीय अस्पताल में की गई तब जाकर गर्भाशय निकालने की पुष्टि हुई। जबकि एक महिला का पेट खोलकर ऑपरेशन किया गया था। जिसमें मृत नवजात पाया गया। जांच टीम के अधिकारियों ने सभी मरीजों को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती करा दिया। जहां सर्जन चिकित्सक डॉ। विजय कुमार एवं अन्य सहयोगियों की देख रेख में उनका इलाज किया गया। बता दें कि अवैध क्लिनिक संचालकों के विरुद्ध एसडीएम बगहा डॉ। अनुपमा सिंह के निर्देश पर शनिवार की शाम छापेमारी की गयी थी। जिसका नेतृत्व प्रखंड बगहा एक के बीपीआरओ विजय कुमार व पीएचसी प्रभारी डॉ। एसएन महतो ने किया। छापेमारी दल में भैरोगंज थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष भरत कुमार, एएसआई सुधीर कुमार, सुनील कुमार समेत आधा दर्जन से अधिक महिला और पुरुष बल शामिल थे।



छापेमारी के दौरान भारी भीड़ हो गया और सड़क जाम हो गया। पुलिस की तत्परता से सड़क से लोगों को हटाया गया।

पीएचसी प्रभारी ने बताया कि अवैध क्लिनिक से चार महिलाओं का गर्भाशय समेत पांच महिलाएं भर्ती मिली है। जिन्हें बेहतर इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया। अवैध ऑपरेशन करने वाले चिकित्सक एवं सभी कर्मी छापेमारी दल के आते ही फरार होने में सफल हो गए है। एसडीएम के निर्देश पर अज्ञात के विरुद्ध स्थानीय थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई हैं। वही भवन मालिकों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही हैं। मकान मालिक से पूछताछ किया जाएगा कि आप किसके अनुमति से ऑपरेशन करने के लिए मकान को किराये पर दिया गया था।

**डॉक्टर की हो रही तलाश**

बता दें कि छापेमारी दल के पहुंचने के बाद भैरोगंज बाजार में अल्ट्रासाउंड, एक्स-रे, दवा दुकानें बंद हो गयी। झोला छाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया। सभी शटर बंद करके फरार हो गए। मकान मालिक भैरोगंज थाना क्षेत्र के नड्डा निवासी बताया जा रहा है। वहीं झोलाछाप डॉक्टर के पहचान का पता लगाया जा रहा है। हाल ही में रामनगर में गर्भाशय निकालने की शिकायत को लेकर प्रशासन द्वारा कई निजी क्लिनिकों पर छापेमारी करते हुए सील किया गया था और डॉक्टर समेत स्वास्थ्य कर्मियों पर थाना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई हैं। इसके बावजूद अवैध क्लिनिक संचालक अपनी रवैये से बाज नहीं आ रहे हैं। अनुमंडलीय अस्पताल के सर्जन चिकित्सक डॉ। विजय कुमार ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर जांच टीम के अधिकारियों द्वारा भैरोगंज में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक से पांच महिलाओं में से चार महिलाओं का गर्भाशय निकाल लिया गया था।

# आग से 15 झोपड़ी जलीं

## धमाके से आसमान में उठता रहा आग का गुबार, इलाके में मची अफरा-तफरी

गाजियाबाद, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पड़ियों में भीषण आग लग गई। इस दौरान कई तेज धमाके हुए। पूरे इलाके में दहशत और अफरा-तफरी मच गई। दमकल की छह गाड़ियों ने घंटों मशक्कत कर आग पर काबू पाया। शुक्र रहा कि कोई जनहानि नहीं हुई। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राहुल सिंह के मुताबिक, टीला मोड़ थाना क्षेत्र में कृष्णा कुटी भोपुरा में सैकड़ों की तादात में झुग्गी-झोपड़ियां हैं। इन झुग्गियों में कबाड़ी रहते हैं। वे कूड़ा बीनने के बाद उन्हें इकट्ठा करके वहीं पर रख लेते हैं। रात करीब 12 बजे यहां कुछ झोपड़ियों में आग लग गई। इसके बाद आग फैलती चली गई। सूचना पर फायर फाइटर्स पहुंचे और बचाव-राहत कार्य शुरू कर दिया। आसमान में दूर से ही आग की लपटें दिखाई दे रही थीं। इस दौरान कई बार तेज धमाके हुए। ये धमाके ऐसे थे, जैसा आग में सिलेंडर फटने पर होते हैं। धमाकों के वक्त आग का विशाल गुबार आसमान में कई बार उठा। आग बढ़ती देख वैशाली, कोतवाली घंटाघर फायर स्टेशन से छह गाड़ियां बुलाई गईं। इन गाड़ियों ने लगातार कई बार पानी की बौछार की। घंटों बाद आग बुझ पाई। इस अग्निकांड में करीब 15 झुग्गी-झोपड़ियां जल गईं। फायर फाइटर्स ने आग को समय रहते रोक लिया, वरना वहां बड़ी तादात में झोपड़ियां चपेट में आ सकती थीं। झोपड़ी में चूल्हे की राख से ये आग लग सकती है।

# यात्रीगण कृपया ध्यान दें, डिंपल भाभी को जिताएं

## इटावा रेलवे स्टेशन पर किया गया अनाउंसमेंट, यात्री बोले- अब स्टेशन पर भी प्रचार होगा

इटावा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। यात्रीगण कृपया ध्यान दें, मैनपुरी से डिंपल भाभी को जिताएं। इटावा जंक्शन पर शनिवार रात करीब 11 बजे अचानक यह अनाउंसमेंट होने लगा। ऐसा 15 से 20 बार हुआ। स्टेशन पर मौजुद यात्रियों को पहले तो लगा कि कहीं स्टेशन पर चुनाव प्रचार तो नहीं हो रहा। सुनने के बाद वे समझ गए कि इन्क्वायरी ऑफिस के माइक से ही ये अनाउंसमेंट हो रहा है। घटना के दौरान स्टेशन पर मौजूद यात्रियों ने कहा कि पहली बार हम लोगों ने रेलवे के अनाउंसमेंट माइक से चुनाव प्रचार की आवाज सुनी। 15-20 बार डिंपल यादव के नारे लगे हैं। कई यात्रियों ने कहा कि क्या अब स्टेशन पर भी चुनाव प्रचार होगा? पुलिस उल्टा हम लोगों से पूछताछ कर रही है। मौके पर मौजूद यात्रियों का कहना है कि रात के समय पूछताछ केंद्र खाली था। तभी कुछ लोगों ने वहां जाकर ये हरकत की है।

# पिकअप के तहखाने से 26 पेटी शराब बरामद

## यूपी से बिहार लाने के लिए बनाया था तहखाना, एक खेप में लाता था 26 पेटी

बक्सर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बक्सर जिले के धनसोइ थाने की पुलिस ने ढाई लाख रुपए की शराब बरामद की है। शराब एक पिकअप के तहखाने से बरामद की गई है। शातिर शराब तस्कर 26 पेटी शराब लाने के लिए ऐसा तहखाना बनाया था कि पुलिस ढूंढती रह जाती। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने वाहन को पकड़ लिया, लेकिन शराब तस्कर बिहार पुलिस को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। पुलिस वाहन नंबर के आधार पर वाहन मालिक और शराब तस्कर को पकड़ने के लिए प्रयास कर रही है। थानाध्यक्ष कमलनयन पांडेय द्वारा बताया गया की गुप्त सूचना मिली कि क्षेत्र में शराब की बड़ी खेप आने वाली है, जिसके बाद त्वरित कार्रवाई के लिए एक टीम का गठन कर इलाके में गश्ती तेज कर दी गई।

इसी क्रम में पुलिस ने सूचना के आधार पर दुल्फा गांव के खलिहान के पास मैजिक वाहन खड़ा कर तस्कर भाग गया। इस दौरान तस्करों द्वारा वाहन में बनाये गए तहखाने से 26 पेटी 8पीएम (180एमएल प्रति पीस) बरामद किया गया। हालांकि, तस्करों के गिरफ्तारी के लिए आसपास छानबीन की गई, लेकिन पुलिस की भनक लगते ही सभी फरार हो गए। हालांकि गाड़ी नंबर और अन्य आधार पर फरार चालक और वाहन मालिक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लिया गया है, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## रेलवे पटरी के पास मिली सॉफ्टवेयर इंजीनियर की लाश

भोपाल, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रेलवे पटरी के पास सॉफ्टवेयर इंजीनियर की लाश मिलने से सनसनी फैल गई. अभी मौत और घटना की वजह का खुलासा नहीं हो पाया है. पुलिस को शव के पास से ईयर फोन मिला है. ऐसे में पुलिस को शक है कि ईयर फोन लगे होने की वजह से सॉफ्टवेयर इंजीनियर ट्रेन की आवाज को नहीं सुन पाया और चपेट में आने से हादसे का शिकार हो गया. फ़िलहाल, पुलिस सभी संभावित एंगल पर जांच कर रही है. एमपी नगर थाना पुलिस को जानकारी मिली कि सुभाष नगर रेलवे पटरी के पास एक युवक का शव पड़ा हुआ है. पुलिस मौके पर पहुंची तो उसके शरीर पर जगह-जगह चोट के निशान थे. पुलिस ने जब जांच पड़ताल शुरू की तो युवक की पहचान सागर निवासी घनश्याम पटेल के रूप में हुई. मौके पर पहुंचे इस मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर हर्ष शर्मा ने बताया कि युवक की शिनाख्त के बाद उसके परिजन को मौके पर बुलाया गया. पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है उन्होंने कहा कि घनश्याम पटेल एमपी ऑनलाइन में सॉफ्टवेयर डेवलपर है वह सुभाष नगर में वह रहा था जब ऑफिस से घर नहीं पहुंचा तो दोस्तों ने उसकी तलाश की परिजनों को सूचना भी दी है. पुलिस को घनश्याम पटेल के शव के पास से एक ईयर फोन भी मिला है. घनश्याम रोजाना सुभाष नगर रेलवे ट्रक को क्रॉस करके एमपी नगर ऑफिस जाता था. शाम को 7:00 बजे करीब वह ऑफिस से वापस आता था. उस समय ट्रैक पर अंधेरा रहता है. पुलिस की शक है कि कान में इयरफोन लगे होने की वजह से ट्रेन की आवाज घनश्याम को सुनाई नहीं दी और वह ट्रेन से टकरा गया.

## कर्नाटक बीजेपी सांसद की धमकी के बाद मस्जिद जैसे बस स्टॉप का लुक बदला



बेंगलुरु, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मैसूर में एक बस स्टॉप इसलिए चर्चा में था क्योंकि बीजेपी नेता को वो देखने में मस्जिद जैसा लग रहा था. जिसको लेकर भाजपा सांसद ने इसे गिराने की चेतावनी तक दे डाली थी. दरअसल बस स्टॉप पर तीन गुंबद थे. अब इसका एक वीडियो और फोटोज सामने आए हैं, जिसमें इसके नए लुक को देखा जा सकता है. राष्ट्रीय राजमार्ग-766 के केरल बॉर्डर-कोल्लेगला खंड पर बस स्टॉप पर अब केवल एक ही गुंबद दिख रहा है, जिसे लाल रंग से रंगा गया है. वहीं दो छोटे गुंबद जो पहले मौजूद थे, वो अब गायब है. कर्नाटक के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा ने यह कहकर विवाद खड़ा कर दिया कि उन्होंने इंजीनियरों से मस्जिद जैसी संरचना को ध्वस्त करने के लिए कहा है, जिसे उनकी पार्टी के एक विधायक ने बनाया था. उन्होंने कहा, मैंने इसे सोशल मीडिया पर देखा है. बस स्टैंड में तीन गुंबद हैं, बीच में एक बड़ा और उसके बगल में दो छोटे हैं, जो कि एक मस्जिद है. उन्होंने यह भी दावा किया था कि मैसूर के अधिकांश हिस्सों में इस तरह के गुंबद जैसे ढांचे का निर्माण किया जा रहा था. उन्होंने कहा था, मैंने इंजीनियरों से कहा है कि वे तीन-चार दिनों में ढांचे को गिरा दें. अगर वे ऐसा नहीं करते हैं, तो मैं एक जेसीबी लूंगा और इसे गिरा दूंगा. उनके इस बयान की विपक्ष समेत कई लोगों ने विभाजनकारी बताकर आलोचना की थी. स्थानीय भाजपा विधायक राम दास, जिन्होंने बस स्टॉप का निर्माण किया. उन्होंने पहले अपने पार्टी सहयोगी की टिप्पणियों का खंडन किया और कहा कि ये बस शेल्टर डिजाइन मैसूर पैलेस से प्रेरित था.

इसके बाद में, दास ने स्थानीय लोगों को संबोधित एक पत्र में माफी मांगते हुए कहा कि उन्होंने मैसूर की विरासत को ध्यान में रखते हुए बस स्टॉप को डिजाइन किया था. उन्होंने कहा, लेकिन विचारों में मतभेद हो गया..इसलिए मैं दो गुंबदों को हटवा रहा हूं. अगर किसी की भावनाएं आहत हुई हैं तो मैं माफी चाहता हूं. आज सुबह, सिम्हा ने बस शेल्टर में किए गए बदलावों के बारे में खबर साझा की. उन्होंने उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए भाजपा विधायक और जिला प्रशासन को भी धन्यवाद दिया. इससे पहले, एनएचएआई ने सिम्हा के ट्वीट को ध्यान में रखते हुए, मैसूर सिटी कॉरपोरेशन और कर्नाटक रूरल इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट लिमिटेड को बस शेल्टर स्टॉप को हटाने के लिए नोटिस जारी किया था. यह दावा करते हुए कि विवादास्पद प्रकार के मुद्दों को प्राप्त करने के लिए संरचना का निर्माण किया गया था, राजमार्ग प्राधिकरण ने इसे हटाने के लिए एक सप्ताह का समय दिया. एनएचएआई ने कहा, चूंकि इसने (संरचना) सांप्रदायिक मुद्दा विकसित किया है ... इसे नोटिस के रूप में माना जा सकता है, वरना राजमार्ग प्रशासन अधिनियम 2003 के अनुसार कार्रवाई शुरू की जाएगी.

## खुद को दिल्ली का मालिक समझते हैं

### मनोहर लाल खट्टर के निशाने पर अरविंद केजरीवाल



नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा के मुख्यमंत्री और भाजपा नेता मनोहर लाल खट्टर ने शनिवार को एमसीडी चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी पर हमला करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल खुद को दिल्ली का मालिक समझते हैं. हरियाणा के सीएम ने कहा, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विपरीत खुद को दिल्ली का मालिक मानते हैं, जो खुद को इस राष्ट्र का सेवक मानते हैं. मनोहर लाल खट्टर दिल्ली नगर निगम चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में राष्ट्रीय राजधानी में एक जनसभा को संबोधित कर रहे थे. खट्टर ने दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में लगातार तीन रैलियों को संबोधित किया. कृष्णा नगर से शुरू होकर वह शाहदरा गए और शनिवार को पुराने राजेंद्र नगर में अपना कार्यक्रम समाप्त किया. इससे पहले दिन में केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने आप पर हमला बोला और उसके नेताओं पर भ्रष्टाचार और घोटालों में शामिल होने का आरोप लगाया. ठाकुर ने शनिवार को एक सार्वजनिक रैली के दौरान एएनआई से बात करते हुए कहा, आप के सभी मंत्री न केवल भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों में शामिल हैं बल्कि जेल भी गए हैं. इससे पता चलता है कि उनकी (अरविंद केजरीवाल की) राजनीति केवल भ्रष्टाचार, शराब और घोटालों के बारे में है. भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा,

## डीआरआई की बड़ी कार्रवाई

### मुंबई एयरपोर्ट से 40 करोड़ की ड्रग्स के साथ 2 विदेशी गिरफ्तार



मुंबई, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मुंबई के इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर राजस्व खुफिया निदेशालय ( डीआरआई) की एक टीम को बड़ी सफलता मिली है. डीआरआई की टीम ने एयरपोर्ट पर आठ किलो हेरोइन बरामद करने के साथ दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है. पकड़ी गई ड्रग्स की कीमत अंतरराष्ट्रीय बजार में 40 करोड़ रुपये आंकी गई है. जानकारी के मुताबिक, डीआरआई टीम ने अपने सूत्रों से मिली गुप्त सूचना के आधार पर इस कार्रवाई को अंजाम दिया है. डीआरआई टीम को जानकारी मिली थी कि दो विदेशी नागरिक करोड़ों रुपये की ड्रग्स के साथ मुंबई आ रहे हैं. ये लोग मुंबई एयरपोर्ट पर उतरने वाले हैं. सूचना के अनुसार, डीआरआई ने जाल बिछाकर आरोपियों को एयरपोर्ट पर ही धर दबोचा. अधिकारियों ने जब आरोपियों से पूछताछ की तो उन्होंने कुछ भी बताने से मना कर दिया लेकिन लगेज चेक करने पर ड्रग्स बरामद हो गई.

**21 नवंबर को पकड़ी गई थी कोकीन**

मुंबई एयरपोर्ट पर पहले भी बड़ी मात्रा में ड्रग्स पकड़ी जा चुकी है. 21 नवंबर को एनसीबी ने एक इंटरनेशनल ड्रग्स रैकेट का भंडाफोड़ किया था. केंद्रीय जांच एजेंसी ने करोड़ों रुपये की कोकीन के साथ दो विदेशी नागरिकों को मुंबई से गिरफ्तार किया था. गिरफ्तार किए गए विदेशी नागरिकों में एक महिला भी थी, जिसकी पहचान दक्षिण अफ्रीकी निवासी मारिंडा एस के रूप में हुई थी. महिला के पास से 2.800 किलोग्राम अच्छी गुणवत्ता वाली कोकीन बरामद की गई थी. जिसे अलग-अलग आकार के 8 पैकेट में छिपाया गया था.

**6 किलो हेरोइन के साथ एक विदेशी धरा गया**

इससे पहले मुंबई एयरपोर्ट से ही सात नवंबर को सीबीआई ने एक विदेशी नागरिक को ड्रग्स के साथ गिरफ्तार किया था. आरोपी पोलैंड का नागरिक था. आरोपी के पास से छह किलो हेरोइन मिली थी, जिसकी अनुमानित कीमत 18 करोड़ रुपये बताई गई थी. आरोपी को मादक पदार्थों की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार करके न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था. जानकारी के मुताबिक, आरोपी ने मादक पदार्थ को अंडरगारमेंट में छुपा रखा था.

## 78 दिन पैसा जोड़कर भाई-बहन ने राहुल को दिया गुल्लक

### कहा- ये पैसे भारत जोड़ो यात्रा में लगाएं



खंडवा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण से शुरू हुई कांग्रेस नेता राहुल गांधी की यात्रा अब मध्यप्रदेश पहुंच गई है। भारत जोड़ो यात्रा जैसे जैसे आगे बढ़ रही है। इसमें अलग अलग रंग देखने को मिल रहे है। कभी यात्रा में गरीब महिला राहुल गांधी को स्नेह देते नजर आती हैं। तो कभी बॉलीवुड कलाकार भी उनके साथ यात्रा में शामिल होते हैं। मध्यप्रदेश में दो नन्हें बच्चों ने राहुल को उनकी यात्रा के लिए अपना समर्थन दिया है। दरअसल, भारत जोड़ो यात्रा मध्यप्रदेश में है। शुक्रवार को इस यात्रा में बड़ी भावुक करने वाली तस्वीर निकल कर सामने आई। भोपाल के एक भाई-बहन अपनी गुल्लक लेकर राहुल गांधी से मिलने खंडवा पहुंचे थे। खंडवा के सनावद में उन दोनों की राहुल गांधी से मुलाकात हुई। जब उन्होंने अपनी गुल्लक राहुल को सौंपी तो जिसने भी यह नजारा देख वो भावुक हुए बिना नहीं रह सके।

इस मौके पर बच्चों की भावना देखकर राहुल गांधी समेत अन्य नेता भावुक हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, भोपाल के 11 साल के यश परमार और 15 साल की जिया परमार भाई-बहन है। दोनों भाई-बहन 78 दिन से अपने गुल्लक में पैसा इकट्ठा कर रहे थे। गुल्लक का यह पैसा भारत जोड़ो यात्रा कर रहे राहुल गांधी को सौपने दोनों बच्चे शुक्रवार को खंडवा जिले के सनावद पहुंचे। जिया के हाथ में स्व इंदिरा गांधी के साथ राहुल गांधी के बचपन की एक फोटो भी थी।

बच्चों का प्यार देखकर राहुल गांधी भी खुश हो गए। यश और जिया परमार ने बताया कि, वे चाहते हैं कि इन रुपयों को यात्रा के दौरान जरूरत पड़ने पर उपयोग किया जाए। ये दोनों भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने के साथ ही गुल्लक में पैसे जमा कर रहे थे। अब इसे वो राहुल गांधी को देने आए हैं। बच्चों के गुल्लक राहुल गांधी को देने की एक वीडियो कांग्रेस यूथ अध्यक्ष श्रीनिवास बी.वी ने एक वीडियो सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि, गुल्लक के पैसे नहीं, ये मोहब्बत अनमोल है।

## 151 फीट तिरंगे से चंबल अंचल के रणबांकुरों को दी गई सलामी, महासंगम किनारे जलाए गए दीप



भिंड, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भिंड जिले में चंबल घाटी के क्रांतिकारी योद्धाओं को 151 फीट राष्ट्रीय झंडा तिंरगे से सलामी दी गई। इसमें उत्तर प्रदेश के इटावा, जालौन और औरैया, वहीं मध्यप्रदेश के भिंड, बाह और ग्वालियर जिले के निवासी बड़े पैमाने पर श्रद्धा सुमन देने पहुंचे। पंचनद दीप महापर्व में अतिथि के तौर पर चंबल घाटी के सरदार भगत सिंह के नाम से सुविख्यात शहीद डॉ. महेश सिंह चौहान के अनुज इतिहासकार देवेन्द्र सिंह चौहान, सामाजिक विचारक और पूर्व आईपीएस अधिकारी चेतराम सिंह भदौरिया, क्रांतिकारी लेखक डॉ. शाह आलम राना, रिटायर्ड डीएसपी हाकिम सिंह यादव रहे। संचालन चंबल पर्यटन नोडल अधिकारी डॉ. कमल कुमार कुशवाहा ने किया। स्वतंत्रता संग्राम में क्रांतिकारियों की शरण स्थली रही महाकालेश्वर धाम से 151 फीट तिरंगे के साथ क्रांतिवीरों को सलामी देने बच्चों, युवाओं, महिलाओं और बड़े-बुजुर्गों का हुजूम उमड़ पड़ा। गगनभेदी नारों के साथ यात्रा आगे बढ़ी। पंचनदा पुल पर भिटौरा-कंजौसा ग्राम प्रधान रेखा देवी ने पुष्प वर्षा कर पदयात्रा का स्वागत किया। मार्च का नेतृत्व चंबल परिवार समन्वयक वीरेन्द्र सिंह सेंगर ने किया। पदयात्रा आगे चली तो बाबा साहेब मंदिर के पदाधिकारियों ने फूल-मालाओं से यात्रियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। पंचनद संगम तट के नजदीक विशाल जलराशि तक पहुंचकर कारंवा जनसभा में तब्दील हो गया।

पंचनद दीप पर्व को संबोधित करते हुए इतिहासकार देवेन्द्र सिंह चौहान ने चंबल अंचल के क्रांतियोद्धा सूबेदार मेजर अमानत अली, राजा निरंजन सिंह चौहान, जंगली और मंगली मेहतर, मारून सिंह लोधी, मंशाराम गुर्जर, रूपचंद पांडेय, तेजाबाई, चुन्नी यादव, बंकट सिंह कुशवाह, राम प्रसाद चौधरी, गेंदालाल दीक्षित, दादा शंभूनाथ आजाद और अर्जुन सिंह भदौरिया आदि जननायकों का जिक्र करते हुए कहा कि अंग्रेजी दासता से मुक्ति की लड़ाई साझा कुर्बानी का संघर्ष रहा है। चंबल परिवार प्रमुख क्रांतिकारी लेखक डॉ. शाह आलम राना ने पंचनदा तहजीब की वकालत करते हुए कहा कि इटावा, औरैया, जालौन और भिंड जनपद मुख्यालयों से समान दूरी पर पंचनदा है। यहां चंबल, यमुना, क्वारी, सिंध और पहुज नदियों का भोगौलिक मिलन के साथ कई संस्कृतियों के महासंगम का गौरवशाली इतिहास की रवायत रही है। डॉ. शाह आलम राना ने जोर देते हुए कहा कि सत्तावनी क्रांति के मस्तिष्क अजीमुल्ला खां ने 'हम हैं इसके मालिक, हिन्दुस्तान हमारा' राष्ट्रगीत लिखा था, जिसे पढ़ते हुए लाखों आजादी के मतवालों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। यही आजाद भारत में हमारे राष्ट्रीय ग्रंथ भारतीय संविधान की आत्मा बनी।

इस दौरान देवेन्द्र सिंह चौहान ने संविधान की उद्देशिका का सामूहिक स्वरपाठ कराते हुए कहा कि पवित्र ग्रंथ भारतीय संविधान की हिफाजत करना हम सभी का फर्ज है। चंबल अंचल के प्रसिद्ध लोकगायक सद्दीक अली ने 'जो देश पर शहीद हुए थे, सच्चे थे वे हिन्दुस्तानी' जैसी अपनी कई प्रस्तुतियां देकर मौजूद लोगों की आखें नम कर दी। पंचनद दीप पर्व में आए हुए सभी का धन्यवाद ज्ञापन चंबल परिवार संयोजक चन्द्रोदय सिंह चौहान ने किया। इसके बाद साझे तौर पर सभी ने आजादी के महानायकों की याद में दीपों से पंचनद तट को रोशन किया।

इस मौके पर मेजर मनोज कुमार सिंह, पंडित राम लखन, अवधेश सिंह चौहान, राम सुन्दर यादव, कुलदीप सिंह परिहार, विनोद सिंह गौतम, प्रमोद सिंह सेंगर, हरीराम, राम औतार तिवारी, राम सजीवन, चंद्रवीर सिंह चौहान, अनिल पाल, अभिलाख, अनीश खान, सोनपाल, धर्मेन्द्र सिकरवार, आबिद अली, सुदीप बाथम, प्रमोद वन, बृजेन्द्र सिंह, विजय बहादुर शंखवार, आदिल खान और सुखराम टेलर आदि का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## भोपाल में ईसाई बन बजरंग दल कार्यकर्ता धर्मांतरण कार्यक्रम में पहुंचे, बवाल, पुलिस ने शुरू की जांच

भोपाल, 27 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी भोपाल के टीटी नगर इलाके में रविवार को धर्मांतरण कराने का मामला सामने आया है। शिव नगर के आनंद नगर के स्कूल के पास ईसाई बनकर बजरंग दल के कार्यकर्ता शामिल हुए। इसके बाद जमकर बवाल हुआ। पुलिस ने शिकायत पर जांच शुरू कर दी है। टीटी नगर की शिव नगर बस्ती में ईसाई मिशनरी से जुड़े लोगों ने 12 से 15 लोगों को एकत्रित कर रखा था। यहां पर प्रार्थना कराई जा रही थी। संस्कृति बचाव मंच के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने बताया कि शिवनगर बस्ती में कई दिनों से यह काम चल रहा था। रविवार को बजरंग दल के कार्यकर्ता ईसाई बनकर शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि शिवनगर कॉलोनी में हिंदू देवी-देवताओं को अपमानित कर ढाई लाख रुपए का प्रलोभन व नौकरी का लालच देकर धर्मांतरण कराया जा रहा था। उन्होंने सूचना देकर दूसरे हिंदू संगठनों को भी बुला लिया।

इसके बाद जमकर बवाल हुआ। इसकी सूचना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। जिसके बाद मामला शांत हुआ तिवारी ने बताया कि ईसाई समुदाय के फॉस्टर उमेश, बाला पीटर एवं सहयोगियों द्वारा धर्मांतरण करने का प्रयास किया जा रहा था। लोगों को एकत्रित करने वाले लोगों का कहना था कि वह लोगों को प्रार्थना कर रहा है। इस पर हिंदू संगठनों के लोगों ने आपत्ति जताते हुए कहा कि हिंदू समाज के लोगों को प्रार्थना क्यों कराई जा रही है। एसीपी चंद्रशेखर पांडे ने कहा कि शिकायतकर्ता ने धर्मांतरण कराने की बात कही थी। जिन पर आरोप है, उन्होंने कहा कि यहां पर रविवार को प्रार्थना कराई जाती है। अभी हम पूछताछ कर रहे है। जबदस्ती, प्रलोभन देकर धर्मांतरण करने की शिकायत है। इन बिन्दुओं पर जांच की जा रही है।

## जमात-ए-इस्लामी पर सरकार ने की बड़ी कार्रवाई, 90 करोड़ रुपये की संपत्ति ज़ब्त

श्रीनगर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में प्रतिबंधित इस्लामिक संगठन जमात-ए-इस्लामी की करीब 90 करोड़ रुपये की 11 प्रमुख संपत्तियां जब्त की गईं हैं. अधिकारियों ने कहा कि संगठन पर शिकंजा कस दिया गया है. यह ऑपरेशन संगठन पर चल रही कार्रवाई का हिस्सा है. जमात-ए-इस्लामी पर कट्टरपंथ, अलगाववाद और आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने का आरोप है.

राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने जम्मू-कश्मीर में जमात-ए-इस्लामी की करीब 200 संपत्तियों की पहचान की है. इस महीने की शुरुआत में, शोपियां जिले में एसआईए ने समूह से संबंधित दो स्कूल भवनों सहित नौ संपत्तियों को अधिसूचित और जब्त कर लिया था. सख्त आतंकवाद विरोधी कानून यूएपीए के तहत जिलाधिकारी ने जमात-ए-इस्लामी की संपत्तियों को अधिसूचित किया है. अधिकारियों ने कहा कि अनंतनाग में कई स्थानों पर शनिवार को छापेमारी की गई. भारी पुलिस दल के साथ एसआईए के अधिकारियों ने 11 संपत्तियों पर छापा मारा और अनंतनाग के जिलाधिकारी से एक आदेश प्राप्त करने के बाद जमात-ए-इस्लामी की संपत्तियों को औपचारिक रूप से जब्त कर लिया. एजेंसी ने अधिसूचित संपत्ति में प्रवेश और उपयोग को प्रतिबंधित करने वाले बैनर लगाए हैं.

जमात-ए-इस्लामी जम्मू-कश्मीर का सबसे बड़ा राजनीतिक-धार्मिक संगठन है. 2019 में प्रतिबंधित होने से पहले इसके पास स्कूलों और अन्य सामाजिक बुनियादी ढांचे का एक विशाल नेटवर्क था. जमात-ए-इस्लामी पर आतंकवाद का समर्थन करने का आरोप है और वह 1990 के दशक में कश्मीर में सबसे बड़े स्वदेशी आतंकवादी समूह हिजबुल मुजाहिदीन का वैचारिक संरक्षक था.अधिकारियों का कहना है कि एसआईए द्वारा पहचानी गईं जमात-ए-इस्लामी की संपत्ति सैकड़ों करोड़ रुपये की हैं और जम्मू-कश्मीर के लगभग हर जिले में स्थित हैं.

## 'गुजरात में निष्पक्ष नहीं हो रहा चुनाव

### सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर रहे सीएम पटेल'

### कांग्रेस उम्मीदवार अमीबेन याग्निक का आरोप



सूरत, 27 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में एक और पांच दिसंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा. चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों के बीच बयानबाजी तेज है. इसी कड़ी में राज्यसभा सांसद और कांग्रेस की उम्मीदवार अमीबेन याग्निक ने बीजेपी पर बड़ा आरोप लगाया है. मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के सामने चुनाव लड़ रहीं अमीबेन याग्निक ने कहा कि फेयर इलेक्शन नहीं हो रहा है. मुख्यमंत्री सरकारी तंत्र का इस्तेमाल कर रहे हैं. कांग्रेस उम्मीदवार अमीबेन याग्निक यहीं नहीं रुकीं, उन्होंने कहा, प्रचार खत्म होने के बाद भी सरकारी तंत्र लगेगा और काउंटिंग में भी लगेगा. आचार संहिता की मॉनिटरिंग कौन करेगा? बता दें कि कांग्रेस ने अहमदाबाद महानगर की घाटलोडिया सीट पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल के खिलाफ राज्यसभा सदस्य अमीबेन याग्निक को मैदान में उतारा है. इससे पहले, अमीबेन याग्निक ने बीजेपी पर कांग्रेस के नेताओं को तोड़ने का भी आरोप लगाया था. उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जोश के साथ चुनाव लड़ रही है, इसलिए दल-बदल देखने को मिल रहा है. कांग्रेस उम्मीदवार ने कहा कि बीजेपी वाले कभी भी लीडर नहीं बनाते, वे तो हमारी पार्टी से विधायकों को उठा-उठाकर ले जाते हैं.

**क्यों खास है घाटलोडिया विधानसभा सीट?**

गौरतलब है कि जिस सीट (घाटलोडिया) से अमीबेन याग्निक चुनाव लड़ रहीं हैं वो साल 2012 में अस्तित्व में आई थी. कांग्रेस उम्मीदवार के सामने यहां मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल मैदान में हैं. अब तक यहां दो बार चुनाव हुए हैं और दोनों बार इस सीट पर बीजेपी का कब्जा रहा है. दिलचस्प बात यह भी है कि यहां से जीते दोनों विधायक राज्य के मुख्यमंत्री बने. हालांकि, दोनों ही चुनाव के दौरान वे मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं थे.

**कब होगा मतदान?**

गुजरात में पहले चरण में 89 सीटों पर चुनाव होना है. एक दिसंबर को मतदान होगा. वहीं, दूसरे चरण में 93 सीटों पर चुनाव होना है, जिसके लिए पांच दिसंबर को वोट डाले जाएंगे. चुनाव नतीजे आठ दिसंबर को आएंगे. उल्लखनीय है कि गुजरात के चुनाव में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है. बीजेपी और कांग्रेस के अलावा, दिल्ली और पंजाब में सरकार बना चुकी आम आदमी पार्टी भी चुनावी मैदान में ताल ठोक रही है और जीत का दावा कर रही है.

## हिंसा के शिकार 'बांग्लादेशी जनजातीय शरणार्थियों' ने ली भारत में शरण,



आइजोल, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बांग्लादेश के 'चटगांव हिल ट्रैक्ट' में हिंसा से बचकर मिजोरम आने वाले कुकी-चिन जनजातीय शरणार्थियों की संख्या बढ़ती जा रही है. शरणार्थियों की संख्या अब बढ़कर 300 के करीब हो गई है. इस मामले की जानकारी रखने वाले एक स्थानीय नेता ने इसकी जानकारी दी है. स्थानीय शरणार्थी आयोजन समिति के अध्यक्ष गॉस्पेल हमांगईहजुआला ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि 21 कुकी-चिन शरणार्थियों ने शुक्रवार देर रात बांग्लादेश के चटगांव हिल ट्रैक्ट (सीएचटी) से सीमा पार की. सीएचटी में कथित हिंसा के कारण मिजोरम आए कुकी-चिन शरणार्थियों के मद्देनजर लवंगतलाई जिले के परवा गांव के ग्रामीण प्राधिकारियों और गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ) ने हाल ही में इस आयोजन समिति का गठन किया था. आपको बता दें कि कुकी-चिन जनजाति बांग्लादेश, मिजोरम और म्यांमार के पहाड़ी इलाकों में फैली हुई है. गॉस्पेल ने बताया कि शरणार्थियों के सीमा पार करने के तुरंत बाद सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) सीमावर्ती गांव से लगभग 21 किलोमीटर दूर स्थित परवा गांव में इन्हें लेकर आए. उन्होंने बताया कि इस समय बांग्लादेश के कुल 294 लोगों ने परवा के एक स्कूल, एक सामुदायिक सभागार, एक आंगनवाड़ी केंद्र और एक उप-केंद्र में शरण ले रखी है.

स्वतंत्र वार्ता

सोमवार,28 नवंबर, 2022

# राजनीति का अपराधीकरण

चाहे लोगसभा चुनाव हो या विधानसभा, .या फिर स्थानीय निकाय के। सभी राजनीतिक दल अपने जिताऊ प्रत्याशी खडा करने का गणित लगाते हैं। ऐसे में आपराधिक पृष्ठभूमि के लोगों को भी अपना उम्मीदवार बनाने से पार्टियां परहेज नहीं करतीं। ताजा उदाहरण देखना है तो गुजरात विधानसभा के चुनाव पर नजर डाला जा सकता है। अभी इसके पहले चरण के लिए पर्चे भरे गए हैं, जिसमें नवासी सीटों पर इक्कीस फीसद प्रत्याशी आपराधिक छवि के उतरे हैं। पिछले चुनाव में ऐसी छवि वालों की संख्या पंद्रह फीसद थी। अभी दूसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी तो इस संख्या में जो कुछ कमी-बेशी है वह भी पूरी हो सकती है। कोफ्त होती है कि इस तरह के उम्मीदवार खडा करने में किसी भी राजनीतिक दल ने कोई कंजूसी नहीं बरती है। सबने ऐसे प्रत्याशियों पर जमकर कृपा बरसाई है। यहां तक कि राजनीतिक शुचिता की बार-बार दुहाई देने वाली आम आदमी पार्टी ने सबसे अधिक, तेरह फीसद प्रत्याशी, आपराधिक पृष्ठभूमि के खड़े किए हैं। खुद प्रत्याशियों ने अपने हलफनामे में यह बात स्वीकार की है। उसके बत्तीस में से छब्बीस उम्मीदवारों पर गंभीर अपराध के मुकदमे दर्ज हैं। इसी तरह कांग्रेस के अठारह और भाजपा के ग्यारह उम्मीदवारों पर गंभीर अपराध के मुकदमे चल रहे हैं। अक्सर होता यह है कि राजनीति में कई बार प्रतिद्वंद्वी दलों द्वारा रंजिश के चलते या सबक सिखाने की गरज से नेताओं पर मुकदमे दर्ज करा दिए जाते हैं। आंदोलनों आदि के दौरान भी उन पर मुकदमे दर्ज हो जाते हैं। ऐसे मामलों को राजनीति से प्रेरित मान कर प्रायः नजरअंदाज कर दिया जाता है। लेकिन जब हत्या, बलात्कार, सार्वजनिक धन का गबन, चुनाव संबंधी अपराध, जिनमें पांच साल से अधिक कैद का प्रावधान है, जैसे गंभीर अपराधों में मुकदमें चल रहे हों तो फिर क्या कहा जा सकता है। सभी राजनीतिक दलों से अपेक्षा की जाती है कि ऐसे आपराधिक लोगों को टिकट देने से परहेज करें, लेकिन आजकल राजनीतिक दलों का जोर प्रत्याशियों के चरित्र पर नहीं, उनके जीतने की संभावना पर रहता है। इसलिए वे दबंग किस्म के लोगों को टिकट देने में ज्यादा आत्मविश्वास पाते हैं कि यह किसी न किसी तरह चुनाव जीत ही जाएगा। बाहुबली के बाद यही हाल धनबल वालों का है। जिसके पास अधिक धन है, वे किसी भी राजनीतिक दल की आर्थिक रूप से अधिक मदद कर के बदले में चुनाव का टिकट हासिल कर लेते हैं। अक्सर देखा गया है कि गंभीर आपराधिक पृष्ठभूमि वालों के पास धनबल भी अधिक होता है और राजनीतिक संरक्षण पाने की मंशा से जीत की संभावना वाले राजनीतिक दल का दामन थाम लेते हैं। मजेदार बात तो यह है कि इनमें से बहुत सारे लोग चुनाव जीत भी जाते हैं। राजनीति में आपराधिक छवि के लोगों की बढ़ती पैठ इसलिए चिंता का विषय है कि उनके सत्ता में आने से न सिर्फ उन पर चल रहे मुकदमों में न्याय प्रभावित होता है, बल्कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाना चुनौती बना रहता है। ऐसे में सबसे बड़ा लोकतांत्रिक सैद्धांतिक सवाल सदा अनुत्तरित रह जाता है कि जिन लोगों को खुद कानून की परवाह नहीं, उन्हें कानून बनाने का अधिकार क्यों दे दिया जाता है। जाहिर है ऐसे लोग अपने लाभ के हिसाब से कानून बनवाते व खत्म करवा लेते हैं। चूंकि साफ-सुथरी छवि वालों की अपेक्षा धनबल और बाहुबल वाले मतदाताओं पर दबाव बनाने और उन्हें रिझाने में अधिक कामयाब देखे जाते हैं, इसलिए राजनीतिक दल उनसे निकटता रखने में परहेज नहीं करते। आज की तारीख में राजनीति में दबंगई एक बड़े मूल्य की तरह स्थापित होती गई है, इसलिए भी राजनीतिक पार्टियां ऐसे लोगों को अपने साथ जोड़े रखती हैं। लेकिन राजनीति में ऐसे लोगों के प्रवेश से लोकतंत्र को कितना नुकसान पहुंच रहा है, इस पर सोचने का समय किसी भी राजनीतिक पार्टी के पास नहीं है।

# अमेरिका में पनप रहा संकीर्ण नस्लवाद



रघु ठाकुर

अमेरिका का जन्म ही एक प्रकार से साम्राज्यवाद से हुआ है। ब्रिटिश नस्ल के लोगों ने वहां पहुंचकर न केवल अमेरिकी भू-भाग पर आधिपत्य जमाया बल्कि वहां के स्थानीय लोगों को जो कि अधिकांशतः आदिवासी और काले रंग के थे उन्हें दास बनाया तथा उन्हें जंगलों तक सिकोड़ दिया। कुछ अंतराल के बाद इस दास प्रथा तथा सत्ता के विरूद्ध वहां के मूल निवासियों ने भारी विद्रोह किया इस गृहयुद्ध के फलस्वरूप अंततः अमेरिका सरकार ने दास प्रथा की समाप्ति की घोषणा की। अमेरिका में आजादी की प्रतिमा (स्टैचू ऑफ लिबर्टी) आजादी के प्रतीक के रूप में स्थापित की गयी थी तथा अमेरिका में रंगभेद और नस्लभेद मिटाने के लिये न केवल कानून बनाये गये बल्कि सामाजिक और राजनैतिक अभियान भी चले। अमेरिकी समाज एक खुले आजाद और सहनशील समाज के रूप में स्थापित हुआ था जहाँ कोई दूसरे के भीतर तांक-झांक नहीं करता था। अमेरिका की सम्पन्नता और सुविधायुक्त जीवन ने दुनिया को आकर्षित किया। द्वितीय विश्वयुद्ध तथा जापान के हीरोशिमा और नागासाकी में परमाणु बम्बों का प्रयोग कर अमेरिका आर्थिक और सामरिक शक्ति में विश्व शक्ति बन गया। कई दशकों तथा अमेरिका एक मात्र विश्व शक्ति बना रहा और लगभग दो दशक के बाद जब साम्यवादी रूस और चीन की सामरिक शक्ति बड़ी तो अमेरिका को कुछ चुनौती मिली और शीत युद्ध आरंभ हुआ। शीत युद्ध एक प्रकार से कूटनीति व रणनीति के कौशल का युद्ध था जिसमें सीधे हथियारों का प्रयोग अमेरिका का सैन्य समूह नाटो और साम्यवादी देशों का सैन्य समूह सेंटो युद्ध नहीं करता था बल्कि ये दोनों समूह पीछे से अपने प्यादे और मौहरों को लड़ाते थे और पीछे से उन्हें शस्त्र धन आदि की आपूर्ति करते थे। लगभग दो दशक तक यह स्थिति रही और फिर रूस के बिखराव के बाद अमेरिका फिर से एक नई विश्व शक्ति के रूप में स्थापित हो गया। हालाकि 20वीं सदी की समाप्ति और 21वीं सदी के आरंभ के बाद चीन ने अमेरिकी आर्थिक साम्राज्यवाद और एक मात्र विश्व शक्ति होने के दर्जे को चुनौती दी तथा 21वीं सदी के आंरभ होने के कुछ समय बाद ही वैशविक परिदृश्य में बदलाव आया। परन्तु दुनिया के पढ़े लिखे और अपने आपको सभ्य समझने वाले लोगों के लिये अमेरिका रिहायस और सुखमय जीवन जीने के लिये आकर्षक का केन्द्र नजर लग रहा है। 19वीं दशक में अमेरिका दुनिया की लोगों की नज़रों में एक लोकतांत्रिक राज्य था जहां सम्पन्नता और आजादी दोनों उपलब्ध थीं। दुनिया के कला प्रेमियों के लिये फ्रांस व सुख उपभोग खोजियों के लिये अमेरिका सबसे उपयुक्त स्थान माना जाता था। हालाकि यह अमेरिका का बाहरी चेहरा था। शक्ति और सम्पन्नता के शीर्षकाल में भी अमेरिका सी.आई.ए. के माध्यम से समूचे दुनिया के देशों में उथल-फुथल करने के बीजा रोपण का केन्द्र बना रहा तथा गैर अमेरिकी दुनिया के देशों को कैसे अस्थिर रखना है? कहां कैसे अनुकूल सरकारें बनवाना हैं या प्रतिकूल सरकारों को गिराना इन सब षड़यंत्रों को बनाने और फैलाने का केन्द्र भी अमेरिका रहा। यद्यपि 19वीं सदी के अन्त में अमेरिका में रंगभेद को मिटाने के लिये कई सुनियोजित प्रयास हुये। काले और गोरों की शादियों की लोकतांत्रिक पहल भी हुई और यहां तक की रंग परिवर्तन के लिये या नस्ल परिवर्तन के लिये तकनीकी उपाय, दवायें और वैज्ञानिक प्रयोग भी शुरू किये गये। परन्तु चीन की आर्थिक सम्पन्नता और सामरिक शक्ति के तेजी से विकास के बाद एक नये प्रकार का राष्ट्रवाद अमेरिका में शुरू हुआ है जो अमेरिका पहले दुनिया भर के लोगों के लिये रोजगार का केन्द्र था वह अब प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से बाहरी लोगों से मुक्ति पाना चाहता है। उसका पहला चरण है अप्रवासियों को वापिस भगाना और इसके लिये अमेरिका ने रिप्लेसमेंट स्ट्रेटीज पर काम करना शुरू किया है। तथा किसी न किसी तरीके या बहाने से अप्रवासियों के आने को रोका जा रहा है तथा जो आ चुके हैं उन्हें विभिन्न कठोर नियमों के आधार पर वापिस जाने को अप्रत्यक्ष तरीके से बाध्य किया जा रहा है। अमेरिका में अवैध प्रवेश का सबसे बड़ा दरवाजा मैक्सिको का बर्फीला इलाका था। इस इलाके पर अमेरिका ने पर्याप्त अवरोध खड़े कर दिये हैं। कितने ही लोग सीमा पर बर्फ में दबकर मर चुके हैं। वीजा के नियम क्रमशः सख्त किये जा रहे हैं। ताकि बाहर से वैधानिक आगमन न्यूनतम हो और जो आ चुके हैं उन्हें भी बहुत दिन टिकना संभव न हो। तकनीकी विकास के माध्यम से कारपोरेट का मुनाफा तो बढ़ रहा है परन्तु रोजगार क्रमशः कम हो रहे हैं। हाल के एक सर्वेक्षण के अनुसार तकनीकी परिवर्तन के माध्यम से तकनीक के क्षेत्र में कई लाख रोजगार कम हो जायेंगे। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि कारपोरेट का मुनाफा तो बढ़ेगा। एलन मस्क व जुकरवर्ग ने भी छंटनी शुरू कर दी है तथा कई हजार लोग काम से हटाये गये हैं। ऐसे और भी रोजगार घटेंगे। दूसरी तरफ अमेरिकी समाज में रंगभेद की कट्टरतायें बढ़ रही है। बाहरी लोगों के खिलाफ जो अमेरिकी नागरिकों में ऑनलाईन नफरत का प्रचार चल रहा उससे अमेरिकी युवकों में अप्रवासियों के खिलाफ नफरत की भावना बढ़ी है। जिस प्रकार पिछले दिनों भारत में साम्प्रदायिकता के आधार पर मॉब लीचिंग की घटनायें घटी उसी प्रकार अमेरिका में मॉस शूटिंग की घटनायें बढ़ी हैं। न्यूयॉर्क के बफेलो प्रदेश में अमेरिका सरकार ने मास शूटिंग के कारणों की जांच कराई तो यह रपट मिली है कि ऑनलाईन प्लेटफार्म पर घृणा के कनटेंट इतने अधिक फैलाये जा रहे हैं जिससे आम अमेरिकी युवक न केवल अप्रवासियों और बाहरी लोगों के प्रति बल्कि अश्वेत लोगों के खिलाफ भी हिंसक बन रहे हैं। अमेरिका के अटॉर्नी जनरल जैम्स ने अपनी रपट में इस ऑनलाईन और कट्टरपंथी विचारधारा के लोगों की भूमिका को स्वीकार किया है। मास शूटिंग के अपराधी उसे लाईव स्ट्रीम करते हैं। बफेलो मास शूटिंग के अपराधी गोडरोल ने भी यही किया था। 7 सितम्ब्र 22 को लाथन जानसन नामक व्यक्ति ने 14 हिन्दू महिलाओं पर हमला किया। तथा उनकी माथे की बिंदी व साड़ियों पर टिप्पणी की। यह अमेरिका में पनप रही भारत विरोधी एक मात्र घटना नहीं है बल्कि एक चेतावनी भी है। घृणात्मक प्रचार का परिणाम हम भारत में अनेक बार देख चुके हैं। राष्ट्रपिता गाँधी की हत्या 1984 के सिक्खों पर दंगे साम्प्रदायिक दंगे, मॉब लीचिंग, राजस्थान में कन्हैयालाल की हत्या और अन्य हत्यायें भी इसी का परिणाम हैं। अमेरिका में भी यह प्रचार भारत के समान चल रहा है कि अमेरिका में 2010 में श्वेत आबादी 64 प्रतिशत थी जो अब घटकर 60 प्रतिशत रह गयी है और 2045 में श्वेत अल्पसंख्यक हो जायेंगे। इस प्रचार ने अमेरिका में आम श्वेत युवकों में अन्यों के प्रति एक गहरी नफरत का भाव भरा है। जिस प्रकार भारत में कुछ जमाते यह प्रचार कर रही है कि आबादी नियंत्रण के बाद भी जो पंथिक असंतुलन पैदा हो रहा है उससे कुछ दशकों में हिन्दू भारत में अल्पसंख्यक हो जायेंगे। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति खुलेआम नारा दे रहे हैं कि श्वेत-श्वेत को वोट दे तथा क्यूरिसर्च में यह बताया गया है कि अमेरिका के 45 प्रतिशत लोग अमेरिका को इसाई राष्ट्र घोषित करना चाहते हैं। इससे अमेरिका में रंगभेद की क्रूरता और हिंसा की घटनायें बढ़ रही है। ट्रम्प की पार्टी का बड़ा हिस्सा इसी रणनीति पर चल रहा है। यदि धोखे से अमेरिका ईसाई राष्ट्र बनता है तो यह समूची दुनिया में धर्म निरपेक्षता के लिये मारक घटना होगी और शायद दुनिया के बहुत सारे देश जो धर्मनिरपेक्ष है उन्हें एक धर्म का राष्ट्र बनने की ओर ढकेलेगी। दुनिया में शक्ति संतुलन का स्वरूप बदल जायेगा। अभी जो पूँजीवाद के विस्तार के लिये या साम्राज्यवाद के लिये युद्ध हो रहे हैं वे शायद धर्म युद्ध में बदल जायेंगे। यह नियोजित है या आकस्मिक कहना संभव नहीं है, परन्तु दुनिया के प्रवृत जगत के एक बड़े हिस्से में यह चिंता या कारण है तथा वे ऐसा महसूस करते हैं कि इस समय अमेरिका में ट्रम्प की भाषा विचार और रास्ता लगभग वही है जो भारत में संघ प्रमुख की भाषा विचार और तरीके है। 21वीं सदी का यह एक ऐसा दौर है कि जब दुनिया के अनेक देशों में कट्टरपंथी विचार चुनकर सत्ता में आ रहे हैं। इटली व इजराइल के हाल के चुनाव के यही संकेत हैं।

# उद्धव की शिवसेना के भटकाव का निहितार्थ



मुनीष त्रिपाठी

हाल ही में महाराष्ट्र सरकार के पूर्व मंत्री आदित्य ठाकरे ने बिहार दौरे के दौरान विपक्षी एकता की बात कही है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव से मुलाकात के बाद जिस तरह का बयान आदित्य ठाकरे ने दिया उसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की मुहिम के विस्तार के रूप में देखा जा सकता है। क्योंकि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी कहते रहे हैं कि जल्द ही देश में विपक्षी एकता एक स्वरूप में देखने को मिलेगा। लगभग वही बात आदित्य ठाकरे भी कह रहे हैं। किसी भी राजनीतिक दल का सत्ता में बने रहना और न रहना दोनों अस्थायी है। यह जनता के हाथों में होता है परन्तु किसी भी राजनैतिक पार्टी का अपनी विचारधारा की पहचान बनाये रखना उसका विशेष अधिकार होता है। किसी भी दल अथवा पार्टी की पहचान उसके लंबे कालखंड के कृतित्व से बनती है । उस विचार धारा पर ही जनता का आकर्षण और प्रतिकर्षण होता है । हालाकि समय 2 पर परिस्थिति की आवश्यकतानुसार मूल चरित्र को बचाते हुए कुछ बदलाव पार्टियों को करना ही पड़ता है। राजनैतिक पार्टियों का इतिहास गवाह है कि यदि किसी भी पार्टी ने अपने मूल चरित्र में ज्यादा भटकाव किया तो भविष्य में उसको खामियाजा भुगतना ही पड़ता है । हो सकता है कुछ समय तक उसे सत्ता का भोग प्राप्त हो जाये । सत्तारूढ़ भाजपा ही इसका उपयुक्त उदाहरण हो सकती है। भाजपा के हिंदुत्व ब्रांड नेता लालकृष्ण आडवाणी ने जैसे ही अपनी छवि में जिन्ना की मजार पर फूल चढ़ाकर बट्टा लगाया । भारत के लाखों मतदाताओं और जनमानस को इस विचित्र कार्य पर निराशा लगी । जो लोग आडवाणी को हिंदुत्व का पुरोधा मानकर भाजपा को वोट कर रहे थे । हिंदुत्व के पुरोधा के भटकाव ने भाजपा समर्थकों के भीतर निराशा भर दी जिसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा समर्थकों को कांग्रेस और भाजपा में कोई अंतर नही दिखाई देने लगा । परिणाम यह हुआ कि उन्होंने विकल्प के रुप में भाजपा की बजाय कांग्रेस को चुना वह भी दस वर्षो तक जब तक उन्हें विकल्प के रूप में हिंदुत्व के बड़े पुरोधा के रूप में मोदी नही मिल गए । शिवसेना कभी महाराष्ट्र में उग्र हिंदुत्व का पर्याय थी उसकी खासी पहचान इसी से थी। अब उद्धव ठाकरे शिवसेना गुट जिसकी अगुवाई उद्धव ठाकरे और उनके पुत्र आदित्य ठाकरे कर रहे है ,अपनी विचारधारा से समझौता ही नही बल्कि मूल विचार धारा त्यागकर भाजपा के खिलाफ मोर्चा बनाने की तैयारी कर रहे है। आज उद्धव की पार्टी उस पार्टी के साथ समझौता कर रही है जो क़भी राममंदिर निर्माण की धुरविरोधी रही हो । जबकि बालासाहेब ठाकरे गर्व से कहते रहे कि बाबरी ढाँचा तो उनके शिवसैनिकों ही तोड़ा था। राजनैतिक पंडितों की माने तो उद्धव ठाकरे को जल्द होने जा रहे मुंबई के बीएमसी चुनाव की चिंता सता रही है। जिस पर लंबे अरसे से शिवसेना का कब्जा बरकरार है, बीएमसी पर किसी भी कीमत पर अपना कब्जा उद्धव ठाकरे अपनी ही पार्टी का बनाये रखना चाहते है। बीएमसी की सत्ता महाराष्ट्र की लाइफ लाइन जैसी है। उन्हें लगता है कि नीतिश और तेजस्वी से नजदीकी के चलते उत्तर भारत के मुंबई में बसे लोग जिसमें बड़ी संख्या में बिहार और यूपी के है बीएमसी चुनाव में उनकी पार्टी को वोट कर सकते है । लेकिन यह आकलन ठीक नही है यदि ऐसा है तो फिर यदि नीतीश और तेजस्वी के कारण बिहार के लोग उद्धव की पार्टी को वोट करेंगे तो फिर योगी के कारण यूपी के लोग भाजपा और उसकी समर्थक दल को वोट करेंगे । जेडीयू मुख्य रूप से बिहार की राजनीति करती है जबकि शिवसेना का वजूद महाराष्ट्र में है लेकिन दोनों की राजनीति में एक बड़ी समानता है। दोनों दल लंबे समय तक भाजपा के साथ एनडीए में रहे हैं। दोनों ने राज्यों में एनडीए की सरकारें चलायी हैं। पिछले कुछ सालों में दोनों की राहें एनडीए यानी भाजपा से अलग हुई हैं।अब दोनों ही महागठबंधन का हिस्सा है, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है। बिहार की महागठबंधन सरकार में शामिल दल देश स्तर पर विपक्षी एकता की बात कर रहे है लेकिन यह दावा जितना कहने में सरल है उतना व्यवहारिक रूप से कठिन है । अलग-अलग प्रदेशों के क्षत्रप अलग 2 तरह से राजनीति करते है उनके अलग अलग हित है । क्या कांग्रेस कभी भी राहुल के गांधी के स्थान पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नेता के रूप में स्वीकार करेगी ? क्या ममता बनर्जी राहुल अथवा नीतिश को अपना नेता मान लेंगी कहना मुश्किल है। यही स्थिति कमोवेश केजरीवाल और टीआरएस प्रमुख चंद्रशेखर राव की है । तेजस्वी के साथ सरकार बनाने के बाद बिहार में महागठबंधन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता की दिशा में कोशिश शुरू की थी। दिल्ली दौरा करके कांग्रेस नेताओं के साथ वाम दलों के नेताओं, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता शरद पवार, समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव समेत लगभग एक दर्जन नेताओं से मुलाकात की थी। इसके बाद कहा गया था कि जल्द ही उड़ीसा और पश्चिम बंगाल के दौरे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जायेंगे। वहां के मुख्यमंत्रियों से मिलेंगे लेकिन महीनों के बाद भी ये दौरा अब तक नहीं हो पाया है। यहां चौकाने वाली बात यह भी है कि आदित्य ठाकरे के बिहार दौरे को लेकर राजद के नेता उत्साहित दिख रहे हैं लेकिन उनकी सहयोगी जदयू की ओर से कोई खास उत्साह नहीं दिखाया जा रहा है। पार्टी नेता इस पर ज्यादा मुखर होकर बयान भी नहीं दे रहे हैं । इसको लेकर भी बिहार के राजनीतिक हल्कों में चर्चा हो रही है। आदित्य ठाकरे ने जब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से की तब भी जदयू का कोई बड़ा नेता मौजूद भी नहीं था। सत्ता पाने के लिये मूल चरित्र और विचारधारा में समझौता करने से अल्पकालिक सफलता तो मिल सकती है लेकिन दीर्घकालिक नुकसान की संभावना ज्यादा है ।

# श्रद्धा 'ऑफ' हो गई




डॉ. सुरेश कुमार

ओ बेटियों के भोले-भाले माता-पिताओ !आप सभी को मेरा टुकड़ा वाद स्वीकार हो। आशा करता हूँ कि आप सभी मुझे अब तक बखूबी पहचान गए होंगे। मैं 'उसके' बारे में कुछ कहना चाहता हूँ। वह मेरे साथ रहती थी और मैं उसके साथ सोता था। वह रहने को प्यार समझती थी। मैं सोने को 'मौके पर चौका'। वह न जाने मुझसे क्या चाहती थी। मैं ठहरा 'यूज एंड थ्रो' का हिमायती और वह थी मुझे 'एक खूँटी' से बाँधे रखने की जिद पर अड़ी रहने वाली 'मस्त माल'। दोनों साथ में कहीं जाते तो वह गुलाब, टेड्डी या अन्य उपहारों की मांग करती नजर आती। उसे कौन समझाता कि पगली बाजार में चाकू, फ्रिज, फार्मांल्डिहाइड भी मिलते हैं। यह सब छोड़कर गुलाब, टेड्डी या अन्य उपहारों से दिल लगाना 'टिंडराती' लड़कियों को शोभा नहीं देता। जिस तरह माइनस इंटु मानस प्लस होता है ठीक उसी तरह दिल इंटू दिल प्यार होता है। वह पगली मुझसे दिल लगा बैठी और मैं अपना शातिर दिमाग। भला किसी ने सुना है कि दिल लगाने वाली चिड़िया का शातिर दिमाग वाले बहेलिए से प्यार हो गया? शिकारी का ईमान ही शिकार करना है। प्यार करना उसके डि.एन.ए. में नहीं होता। गाय सी भोली और मिमियाती बकरी सी कोई टू इन वन लड़की मिले तो भला गाय और बकरी को अलग-अलग काटने की बेफिजूल मेहनत क्यों करें? वैसे भी गाय और बकरी के खून में नमक नहीं होता। नमक में विश्वास होता है। और ऐसा नमकीन खून लिए किसी पर आफताब हो जाने वाली लड़की मिले तो कहना ही क्या। लोग बेवजह में चाकू को बदनाम करते हैं। चार सब्जियाँ काटकर चाकू की धार हाँफने लगती है और जबकि विश्वासघात वाले चाकू की धार कभी मंद नहीं पड़ती। मैं यह सब इसलिए बता रहा हूँ कि उसे मेरी यह खूबियाँ बहुत अच्छी लगीं। न मुझे उसे फंसाने में मशक्कत करनी पड़ी और न टुकड़े करने में। मैं भेड़िया था और वह हिरणी। मैंने एसिड अटैक वाली लड़कियों पर आँसू बहाए। एलजीबीटी वालों के प्रति हमदर्दी दिखाई। दीवाली में चार बधाइयों वाला ढोंग क्या किया वह 'टिंडर' पर अपनी 'टुकड़िया मौत' का 'टेंडर' ही दे बैठी। कैसे बताऊँ कि टुकड़े करने का टेंडर कोई आसान नहीं होता। बड़ी मेहनत लगती है। दुनिया में इतने सारे लोग पड़े हैं फिर भी उसने मुझे चुना। इसलिए कि उसने 'इंस्टा' पर सब्जी काटने की मेरी कला को खूब लाइक किया था। वह बार-बार कहती तुम बहुत अच्छा काटते हो।

कभी मुझे भी दिखाओ न। मैं उसे नाराज़ कैसे कर सकता था। मैंने बड़े सलीके से उसके पैंतीस टुकड़े किए। विश्वास के प्लेट में बीचों बीच उसका कटा सिर रखकर शेष चौंतीस टुकड़े उसकी आँखों के सामने काटे। मैं शाहजहाँ से भी महान हूँ। उसने मुमताज के मरने के बाद उसकी फरमाइश पूरी की। मैंने पूरी श्रद्धा के साथ मेरी मुरीद की आँखों के सामने उसके धड़ के टुकड़े कर उसकी मुराद पूरी की। मैं उन सभी माता-पिताओं का शुक्रिया अदा करना चाहता हूँ जिन्होंने अपनी बेटी को गायों और बकरियों की तरह पाला। कभी उन्हें शेर बनने नहीं दिया। जूडो-कराटे बेटों को सिखाकर चौका-बेलन बेटियों को सौंपना हम जैसों के लिए बड़ा उपकार है। इसी तरह उन्हें बनाते रहिए जिससे कि मुझ जैसे 'लव जी' का तुक्का छोड़ते हुए टुकड़े करने की सारी 'हदें' पार करते जाने का कीर्तिमान बनाएँ।

# राहुल का अद्भुत भोलापन



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

राहुल गांधी की मध्य प्रदेश यात्रा सर्वाधिक सफल रहने की उम्मीद है। पिछले तीन-चार दिनों में मुझे यहां के कई शहरों और गांवों से गुजरने का अवसर मिला है। जगह-जगह राहुल, कमलनाथ, दिग्विजयसिंह और स्थानीय नेताओं के पोस्टरों से रास्ते सजे हुए हैं। लेकिन राहुल के कुछ बयान इतने अटपटे होते हैं कि वे इस यात्रा पर पानी फेर देते हैं। जैसे जातीय जनगणना और सावरकर पर कुछ दिन पहले दिए गए बयानों ने यह सिद्ध कर दिया था कि वह अपनी दादी और माता की राय के भी विरुद्ध बोलने का साहस कर रहे हैं। ये कथन सचमुच साहसिक होते तो प्रशंसनीय भी शायद कहलाते। लेकिन वे साहसिक कम अज्ञानपूर्ण ज्यादा थे। इसके लिए असली दोष उनका है, जो राहुल को पर्दे के पीछे से पट्टी पढ़ाते रहते हैं। अब मध्य प्रदेश के महान स्वतंत्रता सेनानी टंट्या भील के जन्म स्थान पर पहुंचकर उन्होंने कह दिया कि टंट्या भील ने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़कर अपनी जान दे दी, जबकि आरएसएस अंग्रेजों की मदद करता रहा। उन्होंने संघ द्वारा आदिवासियों को वनवासी कहने पर भी आपत्ति की, क्योंकि आदिवासियों की सेवा करनेवाले संघ के संगठन इसी नाम का इस्तेमाल करते हैं। राहुल से कोई पूछे कि क्या ये आदिवासी शहरों में रहते हैं? जो वनों में रहते हैं, उन्हें वनवासी कहना तो एकदम सही है। आदिवासी शब्द का इस्तेमाल 'कबाइली' या ट्राइबल के लिए हुआ करता था लेकिन उस समय यह सवाल भी उठा था कि क्या सिर्फ आदिवासी लोग भारत के मूल निवासी हैं? बाकी सब 80-90 प्रतिशत लोग क्या बाहर से आकर भारत में बस गए हैं? मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को इस बात का श्रेय है कि उन्होंने टंट्या भील को एक महानायक का सम्मान दिया है। इसी प्रकार संघ को अंग्रेज का समर्थक बताना भी अपने इतिहास के अज्ञान को प्रदर्शित करना है। राहुल का भोलापन अद्भुत है। उस पर कुर्बान जाने का मन करता है। देश की स्वाधीनता का ध्वज फहरानेवाली महान पार्टी कांग्रेस के पास आज कोई परिपक्व नेता नहीं है, यह देश का दुर्भाग्य है। यह ठीक है कि हमारे देश में कुछ नेता प्रधानमंत्री की कुर्सी तक पहुंच गए लेकिन उनका ज्ञान राहुल जितना या उससे भी कम रहा होगा लेकिन उनकी खूबी यह थी कि वे अपने चारों तरफ ऐसे लोगों को सटाए रखते थे, जो उन्हें लुढ़कने से बचाए रखते थे। कांग्रेस के पास आज मोदी के विकल्प के तौर पर न तो कोई नेता है और न ही नीति है लेकिन इस अभाव के दौरान राहुल की यह भारत यात्रा बेचारे निराश कांग्रेसियों में कुछ आशा का संचार जरूर कर रही है लेकिन यदि अपने बयानों में राहुल थोड़ी रचनात्मकता बढ़ा दें और किसी के भी विरुद्ध निराधार अप्रिय टिप्पणियां न करें तो यह यात्रा उन्हें शायद जनता से कुछ हद तक जोड़ सकेगी।

# औपनिवेशिकता से उबरने की चुनौती



गिरीश्वर मिश्र

भारत में ज्ञान और शिक्षा की परम्परा की जड़ें न केवल गहरी और अत्यंत प्राचीन हैं बल्कि यहां विद्या को अर्जित करना एक पवित्र और मुक्तिदायी कार्य माना गया है । इसके विपरीत पश्चिम में ज्ञान का रिश्ता अधिकार और नियंत्रण के उपकरण विकसित करना माना जाता रहा है ताकि दूसरों पर वर्चस्व और एकाधिकार स्थापित किया जा सके । उसी रास्ते पर चलते हुए पश्चिमी दुनिया में मूल्य-निरपेक्ष विज्ञान के क्षेत्र का अकूत विस्तार होता गया और उसके परिणाम सबके सामने हैं । ऐतिहासिक परिवर्तनों के बीच विज्ञान की यह परम्परा यूरोप और अमेरिका से चल कर दुनिया के अन्य क्षेत्रों में फैली । इतिहास गवाह है कि औपनिवेशक दौर में पश्चिम से लिए गए विचार, विधियाँ और विमर्श अकेले विकल्प की तरह दुनिया के अनेक देशों में पहुँचे और हाबी होते गए । ऐसा करने करने का प्रयोजन 'अन्य' के ऊपर आधिपत्य था । इस प्रक्रिया में अंतर्निहित एक साम्राज्यवादी ढांचे के जोर से अध्ययन और अनुसंधान की एक पराई ज्ञान और पंथ आदि की परम्पराएं थोपी जाती रहीं । यूरो-अमेरिकी मूल की शाखा या कलम के रूप में रोपे जाने का परिणाम यह हुआ कि उपनिवेशों में ज्ञान की संस्थाएं स्वभाव से परोपजीवी हो गईं और उन देशों की स्थानीय या देशज ज्ञान परम्पराएं अपदस्थ कर दी गईं । बाद में स्वतंत्रता मिलने के बाद कदाचित जरूरी आत्मविश्वास के अभाव और इस भ्रम के बीच कि वे औपनिवेशिक परम्पराएं ही एक मात्र सत्य हैं। स्थानीय परम्पराएं निर्जीव सी ही बनी रहीं । दूसरी ओर पराई ज्ञान-प्रणाली में अनुकरण की प्रवृत्ति और परनिर्भरता एक अनिवार्य बाध्यता बनी रही क्योंकि पश्चिम ही प्रामाणिक बना रहा यहां तक कि देशज ज्ञान का संदर्भ भी वही बन गया । भारत का शिक्षा-तंत्र, उसकी प्रक्रियाएं और उपलब्धियां प्रमाण हैं कि इस विशाल देश में स्वायत्त और अपनी संस्कृति और पारिस्थितिकी के अनुकूल शिक्षा की जरूरत की पहचान करने में हम विफल रहे और शिक्षा में जरूरी गुणात्मक वृद्धि नहीं हो सकी । शैक्षिक सामर्थ्य का भारतीय स्वप्न जिसे कभी महात्मा गांधी, गुरुदेव रबीन्द्र नाथ टैगोर, पंडित मदन मोहन मालवीय और डॉक्टर जाकिर हुसेन जैसे लोगों ने देखा था, वह अप्रासंगिक बन बीच अधर में ही छूट गया । देश की शिक्षा की दुरवस्था को लेकर बुद्धिजीवी वर्ग गाहे-बगाहे आलोचना करता रहा और सरकारों के बिठाए आयोग अपनी रपट भी बनाते रहे परंतु जमीनी हकीकत यही थी कि सब कुछ ठंडे बस्ते में पड़ा धूल खाता रहा । सतत उपेक्षा के चलते शिक्षा में ज्यादातर सब कुछ यथावत चलता रहा । स्वाधीनता मिलने के बाद भी भारत के शिक्षा-क्षेत्र में स्वतंत्रतापूर्व की औपनिवेशिक अकादमिक संरचनाएं और प्रक्रियाएं कमोबेश पहले जैसी ही प्रभावशाली बनी रहीं और उन्हीं का पोषण होता रहा । बौद्धिक आत्मनिर्भरता और वैचारिक स्वराज के सवाल आधारभूत होने के बावजूद भी सक्रिय कार्यवाही के एजेंडे से बाहर ही बने रहे। यह जरूर हुआ कि थोड़े से कुछ चुनिंदे संस्थान खड़े हुए और वे पश्चिमी माडेल को अक्षत बनाए रखने में लगे रहे और वह प्रक्रिया अभी भी जारी है ।

उनके उत्पाद विदेशों में भी प्रतिष्ठित हैं और ज्ञान की एक धारा में वे योगदान कर रहे हैं । दूसरी ओर पूरे भारत में पसरा शिक्षा का व्यापक धूल-धूसरित परिसर विचित्र किस्म के अवसाद का शिकार होता गया । उपेक्षा के कारण सकारात्मक परिवर्तन तो दूर जो व्यवस्थाएं चल रही थीं वे भी टूटती गईं । सद्गुणों के विकास की जगह येन केन प्रकारेण डिग्री बटोरने की प्रक्रिया बनती जा रही शिक्षा मुक्ति की जगह भार होती गई । यह शिक्षा बंधन को बढ़ाने वाली होती गई और मूल्यहीन होने के चलते लोगों के क्लेश बढ़ते रहे । ऐसे में दिशा की तलाश में व्यग्र युवा वर्ग, विफलता, कुंठा और क्षोभ का शिकार होता रहा । आमजनों के लिए उपलब्ध भारतीय शिक्षा के खोखलेपन को देखें तो यही लगता है कि औपनिवेशिकता की मानसिकता अचेतन में इतने गहरे स्तर पर इस तरह भिन कर छाई हुई है कि वह औपनिवेशिकत ही नहीं लगती । इसके परिणामस्वरूप उसी के खांचे में शैक्षिक जीवन जीना एक विवशता बन चुका है ।

कहा जा सकता है कि औपनिवेशिकता (और अब नव औपनिवेशिकता ! ) शिक्षाविदों के लिए अंधबिंदु (ब्लाइंड स्पॉट) सरीखे हो चुके हैं और इसके लिए जरूरी आत्मालोचन के लिए अपेक्षित अवकाश और अवसर ही नहीं है ।

# विवाह पंचमी पर ये काम करने से मिलेगा मनचाहा जीवनसाथी

## प्रेम विवाह में आ रही बाधा होगी दूर

प्रत्येक वर्ष मार्गशीर्ष माह में शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को विवाह पंचमी पर्व के रुप में मनाया जाता है। इस साल विवाह पंचमी का पर्व 28 नवंबर 2022 को है। कहा जाता है कि इस दिन अयोध्या नरेश भगवान श्रीराम और जनक दुलारी माता सीता का विवाह हुआ था। वैसे तो विवाह पंचमी भगवान श्रीराम और माता सीता के विवाह की वर्षगांठ के रूप में मनाया जाता है। लेकिन ये दिन शादी-विवाह जैसे मांगलिक कार्यों के लिए शुभ नहीं माना जाता है, क्योंकि भगवान राम के साथ विवाह के बाद माता सीता को अपने जीवन में कई दुखों का सामना करना पड़ा था।

### रामचरितमानस का करें पाठ

शास्त्रों के मुताबिक इस दिन भले ही शादी-विवाह नहीं की जाती है, लेकिन विवाह पंचमी पर कुछ खास उपाय करने से वैवाहिक जीवन में मधुरता आती है। वहीं धार्मिक विद्वानों के अनुसार मार्गशीर्ष मास में ही गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरितमानस ग्रन्थ को पूर्ण किया था। इसलिए इस दिन रामचरितमानस का पाठ करने से बहुत लाभ मिलता है और इसे शुभ माना जाता है।

### जरूर रखें विवाह पंचमी पर व्रत

मान्यता है कि जिन लोगों के विवाह में देरी हो रही है और वो समय-समय पर समस्याओं का सामना कर रहे हैं। तो उन्हें विवाह पंचमी के दिन व्रत का पालन करना चाहिए। साथ ही इस दिन उन्हें माता सीता और श्रीराम की पूजा करनी चाहिए। इसके साथ ही विवाह पंचमी के दिन विधि विधान से राम-सीता का विवाह कराएं। ये काम करने से कुंडली में विवाह संबंधित दोष को समाप्त होता है।

### शादीशुदा जीवन में घुल जाती है मिठास

यदि पत्नी-पत्नी के बीच आए दिन बिना बात के झगड़ा होता है, तो विवाह पंचमी के दिन पत्नी-पत्नी साथ मिलकर रामचरितमानस में वर्णित राम-सीता प्रसंग का पाठ करें। मान्यता है कि इससे शादीशुदा जीवन में मिठास घुल जाती है। भगवान श्रीराम के समक्ष अपनी मनोरथ कहने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं।

### प्रेम विवाह की बाधा होती है समाप्त



मान्यता ये भी है कि अगर प्रेम विवाह में कोई बाधा आ रही हो तो विवाह पचंमी के दिन सुहाग की समाग्री माता सीता के चरणों में अर्पित करें और मनचाहा जीवनसाथी पाने की प्रार्थना करें। फिर अगले दिन ये सामग्री किसी सुहागिन महिला को दान कर दें। जल्द ही प्रेम विवाह के योग बनेंगे।



### शीघ्र विवाह के लिए करें ये उपाय

विवाह पचंमी के दिन नीचे दिए मंत्र का जाप करें। मान्यता है इससे शीघ्र विवाह के योग बनते हैं।

पानिग्रहन जब कीन्ह महेसा। हियं हरषे तब सकल सुरेसा॥
बेदमन्त्र मुनिबर उच्चरहीं। जय जय जय संकर सुर करहीं॥

# 3 दिसंबर को मोक्षदा एकादशी

## पूजा- विधि और महत्व



शास्त्रों में एकादशी व्रत को श्रेष्ठ माना गया है। आपको बता दें कि एकादशी व्रत भगवान विष्णु को समर्पित होता है और इस दिन व्रत रखा जाता है। आपको बात दें कि पंचांग के अनुसार मोक्षदा एकादशी मार्गशीर्ष महीने की शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि को मनाई जाती है। इस बार मोक्षदा एकादशी 03 दिसंबर 2022 पड़ रही है। शास्त्रों के अनुसार मान्यता है कि जो व्यक्ति मोक्षदा एकादशी का व्रत करता है, उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### मोक्षदा एकादशी शुभ मुहूर्त और तिथि

फ्यूचर पंचांग के अनुसार मोक्षदा एकादशी का आरंभ 03 दिसंबर 2022 शनिवार को सुबह 05 बजकर 38 मिनट पर होगी और इसका अंत अगले दिन 04 दिसंबर को सुबह 05 बजकर 33 मिनट पर होगी। इसलिए उदयातिथि के अनुसार 3 दिसंबर को मनाई जाएगी। मोक्षदा एकादशी के दिन व्रत के पारण का समय 04 दिसंबर को दोपहर 01 बजकर 21 मिनट से दोपहर 03 बजकर 28 मिनट तक है।

### मोक्षदा एकादशी पूजन विधि

इस दिन सुबह जल्दी उठ जाएं।
इसके बाद स्नान करने के बाद साफ सुथरे कपड़े पहन लें।
इसके बाद पूजा स्थल पर रखी चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं।
इसके बाद भगवान विष्णु की तस्वीर या चित्र स्थापित करें।
इसके बाद व्रत का संकल्प लें।
इसके बाद घी का दीपक जलाकर फल, मिठाई और नैवेद्य अर्पित करें।
साथ ही भगवान विष्णु का गंगाजल के अभिषेक करें।
मोक्षदा एकादशी को पूरे दिन व्रत रखकर रात्रि जागरण करते हुए श्री हरि विष्णु का स्मरण करना चाहिए।
अगले दिन दान करने का भी विशेष महत्व है।
इसलिए दूसरे दिन जरूरतमंदों और ब्राह्मणों को दान करें।

### मोक्षदा एकादशी का महत्व

मान्यता है कि मोक्षदा एकादशी के दिन व्रत कर भगवान विष्णु की पूजा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो सकती है। वहीं शास्त्रों के अनुसार इस दिन भगवान श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का संदेश दिया था, इसलिए, मोक्षदा एकादशी पर गीता जयंती भी मनाई जाती है। इसलिए इस दिन भगवान कृष्ण की पूजा करने का भी विधान है।

# कलयुग में इंसानों की आयु घटते-घटते रह जाएगी मात्र 20 साल

## जानें किस पुराण में है ये भविष्यवाणी

सनातन धर्म के ग्रंथों के अनुसार, सृष्टि-चक्र में चार युग हैं. पहला सतयुग है, जिसमें स्वयं देवता, यक्ष, किन्नर और गंधर्व आदि इंसानों की तरह पृथ्वी पर निवास करते थे. दूसरा युग है- त्रेता युग, जो कि सतयुग के बाद आया. इस युग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में इंसानी देह में अवतार लिया. उसके बाद तीसरा युग द्वापर आया, उस युग में भगवान ने श्रीकृष्ण ने अवतार लिया. आखिर में शुरुआत हुई कलयुग की, जो कि अभी चल रहा यह युग इससे पहले के 3 युगों की तुलना में काफी छोटा है, लेकिन इसमें पापकर्म-अंधकार ज्यादा रहते हैं, और देवता-राक्षस आदि नहीं दिखते. इस युग में मनुष्य ही सर्वश्रेष्ठ होते हैं, जो जन्म लेते हैं, संसार को भोगते हैं और फिर एक दिन मर जाते हैं. महाभारत ग्रंथ,



विष्णु पुराण और कल्कि पुराण समेत कई ग्रंथों में कलयुग के बारे में हजारों साल पहले ही भविष्यवाणी कर दी गई थी. इनमें यह बताया गया कि, कलयुग में धर्म यानी कि अच्छाइयां कम और अधर्म यानी कि बुराइयों को बोल-बाला ज्यादा रहेगा. विद्वान कहते हैं कि, अलग-अलग युगों का इंसानी चेतना पर अलग-अलग प्रभाव पड़ता है और, कलयुग में हमारा बोध जुबानी संवाद पर आधारित है. इस युग की अवधि 4,32,000 मानव-वर्ष की है. इसमें मानव की आयु 100 साल के आस-पास रह गई है. विष्णु पुराण के अनुसार, कलयुग में अभी इतने बुरे दिन आएंगे कि इंसान की लम्बाई मात्र 4 इंच रह जाएगी. वहीं इंसान की उम्र 12-20 साल तक के बीच की ही बचेगी. यह ऐसा युग है, जिसमें सत्य, दया, करुणा, कर्तव्य व अहिंसा का ह्रास होता है...और पापियों की संख्या बढ़ती है. कलयुग में धर्म का अनुसरण करने वाले कम होते जाएंगे, गायें भी खत्म होती जाएंगी. इसके अलावा धरती पर हजारों साल से मौजूद कुछ निशानियां विलुप्ति के कगार पर हैं. अभी कलयुग को प्रारंभ हुए साढ़े 5 हजार वर्ष ही बीते हैं.

# क्या है भगवान शिव के जन्म से जुड़ा रहस्य

## कैसे उत्पन्न हुए भोलेनाथ

वेद कहते हैं कि जो जन्मा है, वह मरेगा अर्थात जो बना है, वह फना है। वेदों के अनुसार ईश्वर या परमात्मा अजन्मा, अप्रकट, निराकार, निर्गुण और निर्विकार है। अजन्मा का अर्थ जिसने कभी जन्म नहीं लिया और जो आगे भी जन्म नहीं लेगा। प्रकट अर्थात जो किसी भी गर्भ से उत्पन्न न होकर स्वयंभू प्रकट हो गया है और अप्रकट अर्थात जो स्वयंभू प्रकट भी नहीं है। निराकार अर्थात जिसका कोई आकार नहीं है, निर्गुण अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई गुण नहीं है, निर्विकार अर्थात जिसमें किसी भी प्रकार का कोई विकार या दोष भी नहीं है।

इसलिए भगवान शिव को स्वयंभू कहा जाता है। हालांकि भगवान शिव के जन्म के संबंध में एक कहानी प्रचलित है। एक बार भगवान ब्रह्मा और भगवान विष्णु के बीच जमकर बहस हुई। दोनों खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित करना चाह रहे थे। तभी एक रहस्यमयी खंभा दिखाई दिया। खंभे का ओर-छोर दिखाई नहीं पड़ रहा था। भगवान ब्रह्मा और विष्णु को एक आवाज सुनाई दी और उन्हें एक-दूसरे से मुकाबला करने की चुनौती दी गई। उन्हें खंभे का पहला और आखिरी छोर ढूंढने के लिए कहा गया।

भगवान ब्रह्मा ने तुरंत एक पक्षी का रूप धारण किया और खंभे के ऊपरी हिस्से की खोज करने निकल पड़े। दूसरी तरफ भगवान विष्णु ने वराह का रूप धारण किया और खंभे के आखिरी छोर को ढूंढने निकल पड़े। दोनों ने बहुत प्रयास किए लेकिन असफल रहे। जब उन्होंने हार मान ली तो उन्होंने भगवान शिव को इंतजार करते हुए पाया। तब उन्हें एहसास हुआ कि ब्रह्माण्ड को एक सर्वोच्च शक्ति चला रही है जो भगवान शिव ही हैं। खंभा प्रतीक रूप में भगवान शिव के कभी न खत्म होने वाले स्वरूप को दर्शाता है। भगवान शिव के जन्म के विषय में इस कथा के अलावा भी कई कथाएं प्रचलित हैं। दरअसल भगवान शिव के 11 अवतार माने जाते हैं। इन अवतारों की कथाओं में रुद्रावतार की कथा काफी प्रचलित है।

कूर्म पुराण के अनुसार जब सृष्टि को उत्पन्न करने में ब्रह्मा जी को कठिनाई होने लगी तो वह रोने लगे। ब्रह्मा जी के आंसुओं से भूत-प्रेतों का जन्म हुआ और मुख से रूद्र उत्पन्न हुए। रूद्र भगवान शिव के अंश और भूत-प्रेत उनके गण यानी सेवक माने जाते हैं। शिव पुराण के अनुसार, भगवान शिव को स्वयंभू माना गया है। शिव पुराण के अनुसार, एक बार जब भगवान शिव अपने टखने पर अमृत मल रहे थे तब उससे भगवान विष्णु पैदा हुए जबकि विष्णु पुराण के अनुसार शिव भगवान विष्णु के माथे के तेज से उत्पन्न हुए बताए गए हैं। संहारक कहे जाने वाले भगवान शिव ने एक बार देवों की रक्षा करने हेतु जहर पी लिया था और वह नीलकंठ कहलाए। भगवान शिव अगर अपने भक्तों पर प्रसन्न हो जाएं तो सारी मुरादें पूरी कर देते हैं। भगवान शिव की लिंग रूप में पूजा की जाती है। जटाधारी शिव शंकर को प्रसन्न करने में किसी भी मनुष्य को कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़ता है। उन्हें सच्ची श्रद्धा मात्र से ही प्रसन्न किया जा सकता है।

### सोमवार को ऐसे करें प्रसन्न

भगवान शिव को प्रसन्न करने, उनका आशीर्वाद प्राप्त करने और उनकी आराधना के लिए सोमवार का दिन सर्वोत्तम माना गया है.

आज (सोमवार) के दिन कुछ सरल उपाय कर मनुष्य अपने जीवन की परेशानियों से छुटकारा पा सकता है.

सोमवार के दिन शिवजी को खास तौर पर चंदन, अक्षत, बिल्व पत्र, धतूरा या आंकड़े के फूल चढ़ाएं।

ये सभी चीजें भगवान शिव की प्रिय हैं।

इन्हें चढ़ाने पर भोलेनाथ जल्दी प्रसन्न होकर अपनी कृपा बरसाते है।

सोमवार के दिन महामृत्युंजय मंत्र का जाप 108 बार करने से भगवान शिव की विशेष कृपा प्राप्त होती है।



# आपके हाथ में हैं ये रेखाएं तो मिलेगा राजयोग

## देवी लक्ष्मी की रहती है विशेष कृपा




यदि आप जानना चाहते हैं कि आपके हाथ की रेखाओं में राजयोग हैं या नहीं लक्ष्मी जी की कृपा कैसी होगी तो हम आपकी मदद कर रहे हैं. हस्त रेखा को भारतीय ज्योतिष में महत्वपूर्ण माना गया है. हस्त रेखा की सहायता से किसी भी व्यक्ति के भूत, भविष्य तथा वर्तमान में घटने वाली घटनाओं का अनुमान लगा सकता है. व्यक्ति के हाथ में कुछ ऐसे चिह्न और रेखाएं होती हैं जो राजयोग बनने के संकेत देती हैं. जिनके हाथों में ये रेखाएं होती हैं उसका जीवन भौतिक सुख-सुविधाओं और ऐश्वर्य से भरा हुआ होता है. जीवन भर सुख- समृद्धि की कमी नहीं होती है.

### हथेली के बीच में हो ये चिह्न

जिस व्यक्ति की हथेली के एकदम बीच वाले हिस्से पर कोई तोरण, बाण, रथ, चक्र या ध्वजा के चिह्न होते हैं वे जीवन में बड़ी उपलब्धि हासिल करते हैं. ऐसे लोगों को शासन करने का एक न एक बड़ा अवसर जरूर मिलता है. ऐसे लोग अपने जीवन में राजसुख भोगते हैं. ये जीवन में खूब धन कमाते हैं. सभी तरह के भौतिक सुख प्राप्त करते हैं.

### शनि की ऐसी रेखा वाले प्रशासनिक पदों पर होते हैं आसीन

वैसा व्यक्ति जिसकी हथेली में अनामिका उंगली के नीचे पुण्य रेखा और मणिबंध से शनि रेखा मध्यमा उंगली तक जाती हो वह राजसुख भोगता है. ऐसे व्यक्ति के ऊपर शनिदेव की विशेष कृपा रहती है. ऐसे लोग प्रशासनिक पद पर आसीन होते हैं. जीवन में बहुत सारा धन कमाते हैं.

### अंगूठे में ऐसे चिह्न वाले बनते हैं बड़े व्यवसायी

व्यक्ति के अंगूठे में मछली, वीणा या सरोवर जैसे चिह्न हों तो ऐसे व्यक्ति को खूब यश की प्राप्ति होती है. ऐसे चिह्न वाले व्यक्ति बड़े व्यापारी या व्यवसायी बनते हैं. इनके पास धन की कमी नहीं होती है. ये चिन्ह बहुत ही बारीकी से देखने पर भी दिखते हैं. इन्हें मार्क करने के लिए किसी अच्छे जानकारी ज्योतिष की भी मदद ले सकते हैं.

# म्यूजिक बजाकर मामू घर का माहौल शांत रखते हैं : नव्या नवेली का मामा अभिषेक को लेकर नया खुलासा



**अमिताभ बच्चन** की नातिन नव्या नवेली नंदा इन दिनों अपने पॉडकास्ट शो 'व्हाट द हेल नव्या' की वजह से चर्चा में बनी हुईं हैं। हाल ही में उन्होंने पॉडकास्ट के लास्ट एपिसोड में इस बात का खुलासा किया है कि उनके मामा अभिषेक बच्चन घर के तनाव भरे माहौल को दूर कैसे करते हैं। नव्या के साथ जया और श्वेता ने भी बताया कि जब भी घर का माहौल गंभीर होता है तो अभिषेक म्यूजिक बजाते हैं। नव्या मामा अभिषेक के साथ अच्छा बॉन्ड शेयर करती हैं।

### बच्चन परिवार के लोग एक दूसरे के बारे में खुलकर राय रखते हैं

पॉडकास्ट के लास्ट एपिसोड में नव्या के साथ उनकी नानी जया बच्चन और मां श्वेता नंदा भी थीं, जोकि शनिवार को रिलीज हुआ है। पॉडकास्ट के शुरुआत में नव्या ने कहा कि बच्चन परिवार के लोग परिवार के दूसरे लोगों के बारे में अपनी राय रखने से नहीं कतराते हैं। उन्होंने आगे कहा कि हमारी फैमिली में ऐसा माहौल है कि जहां हमारी बात सुनी जाती है, जहां हम अपनी राय रख सकते हैं और किसी भी चीज के बारे में बात कर सकते हैं।

### म्यूजिक बजाकर मामू अभिषेक घर का माहौल शांत रखते हैं- नव्या

इसी बीच जया बच्चन ने नव्या से कहा, 'तुम कल रात खाने के समय पर डाइनिंग टेबल पर नहीं थी, तो तुमने बहुत सारी चीजें मिस कर दी।' टेबल हम सभी किसी टॉपिक पर बात कर रहे थे। फिर थोड़ी देर बाद माहौल गरम होने पर अभिषेक ने कहा, श्वेता दी मम्मी के लिए ये वाला गाना बजाओ। इस पर नव्या ने कहा कि क्या माहौल को शांत करने के लिए।

जब जया बच्चन ने नव्या की इस बात सहमति जताई तो उन्होंने आगे कहा कि मामू (अभिषेक बच्चन) हमेशा ही ऐसा करते हैं। जब भी उन्हें लगता है कि माहौल गंभीर हो रहा, तो वो म्यूजिक बजा देते हैं। वो लाइट म्यूजिक भी नहीं होता है बल्कि हमेशा हाउस टेक म्यूजिक होता है।

### पेरेंट्स के साथ रहते हैं अभिषेक बच्चन

अभिषेक बच्चन अपने पेरेंट्स अमिताभ बच्चन और जया बच्चन के साथ मुंबई में जलसा में रहते हैं। साथ में उनकी पत्नी ऐश्वर्या राय बच्चन और उनकी बेटी आराध्या बच्चन भी रहती हैं। अभिषेक बच्चन हाल ही में रिलीज हुई सीरीज ब्रीदः इनटू द शैडोज के दूसरे सीजन में नजर आए थे।

# 'इरफान खान का बेटा होने का नहीं मिला कोई फायदा' बाबिल खान ने शेयर की अपनी स्ट्रगल स्टोरी



**बाबिल खान** अपकमिंग फिल्म 'काला' से बॉलीवुड में डेब्यू कर रहे हैं. जिन्हें मालूम नहीं है, उन्हें बता तें कि बाबिल बॉलीवुड के दिवंगत दिग्गज एक्टर इरफान खान के बेटे हैं. साल 2020 में कैंसर से जूझने के बाद इरफान खान का निधन हो गया था. ऐसे समय में जब फिल्मों की दुनिया में स्टार किड्स की शुरुआत नेपोटिज्म के आरोपों के साथ होती है, लेकिन बाबिल इन आरोपों से दूर रहने में कामयाब रहे हैं. हाल ही में दिए अपने एक इंटरव्यू में बाबिल ने कहा कि उन्हें इंडस्ट्री में इरफान खान का बेटा होने का कोई फायदा नहीं मिला. अन्विता दत्त गुप्तन द्वारा निर्देशित काला में बाबिल के साथ तृप्ति डिमरी और स्वस्तिका मुखर्जी भी नजर आएंगी. 1940 के दशक में सेट की गई इस फिल्म में बाबिल को विभाजन पूर्व भारत के बॉलीवुड में एक उभरते हुए गायक के रूप में दिखाया गया है. फिल्मों में अपने डेब्यू को लेकर बाबिल ने कहा, 'मैं हमेशा खुद की तुलना विरासत से करता हूं. आप जानते हैं, मेरे कंधों पर भार है. मैं एक ऐसा व्यक्ति हूं जो कुछ करते समय सर्वश्रेष्ठ देना चाहता है, हमने इसे दो साल पहले शूट किया था.' उन्होंने आगे कहा, 'मैं एक अभिनेता के रूप में बहुत विकसित हुआ हूं. इसलिए, मुझे हमेशा आश्चर्य होता है 'काश मैंने ये या वो किया होता. लेकिन मेरा यह भी मानना है कि आप जो भी क्रिएटिव बनाते हैं उसकी अपनी यात्रा होती है और आप उसमें अपना ईगो नहीं ला सकते.' कंधों पर भार के बारे में पूछने पर बाबिल ने कहा, बाबा (इरफान खान) का पूरा काम हमेशा लोगों से जुड़ना था. उन्हें अवॉर्ड्स की परवाह नहीं थी, या जो उन्हें प्रोड्यूस या डायरेक्ट कर रहे थे. वो सिर्फ इतना जानते थे कि उन्हें यह किरदार निभाना है. वह मेरे अंदर भी आ गया है.'

# अनिल कपूर ने दी विक्रम गोखले को श्रद्धांजलि

## ईश्वर में उनके साथ काम करने को किया याद, कहा- उस फिल्म में उनका योगदान बहुत बड़ा था



**दिग्गज एक्टर** विक्रम गोखले का 26 नवंबर को 77 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने पुणे के दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके यूं चले जाने से पूरी इंडस्ट्री सदमे में है। एक्टर अनिल कपूर ने सोशल मीडिया के जरिए उन्हें श्रद्धांजलि दी। विक्रम और अनिल ने फिल्म ईश्वर (1989) में साथ काम किया था। अनिल ने वक्रिम के साथ कुछ फोटोज शेयर की। साथ ही उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को याद करते हुए एक नोट लिखा।

### हमें हमेशा उनकी कमी बहुत खलेगी

अनिल कपूर ने लिखा, 'मुझे विक्रम गोखले जी के साथ एक फिल्म में काम करने का सम्मान और सौभाग्य मिला, जो मेरे दिल के बहुत करीब है। उस फिल्म में उनका योगदान बहुत बड़ा था। उनके साथ काम करने में बहुत मजा आया। वो भारतीय सिनेमा, थिएटर और मराठी सिनेमा के एक महान एक्टर थे। मैंने उनकी जितनी फिल्में देखी हैं, उनमें हमेशा मुझे उनकी परफॉर्मेंस का इंतजार रहता था। हमें हमेशा उनकी कमी बहुत खलेगी। परिवार के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं।'

### उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला

इससे पहले, भूल भुलैया (2007) जैसी फिल्मों में विक्रम के साथ काम कर चुके अक्षय ने ट्वीट किया था। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा था, 'विक्रम गोखले ने निधन के बारे में जानकर बहुत दुख हुआ। उनके साथ भूल भुलैया, मिशन मंगल जैसी फिल्मों में काम किया, उनसे बहुत कुछ सीखने को मिला। ओम शांति।'

### मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह हुआ निधन

विक्रम पिछले 18 दिनों से हॉस्पिटलाइज थे। उनकी हालत बुधवार (23 नवंबर) से ही नाजुक बनी हुई थी और वो वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। इस दौरान उनकी मौत की अफवाह भी उड़ी, जिसका परिवार ने खंडन किया था। हालांकि शुक्रवार (25 नवंबर) को उनकी हालत में कुछ सुधार भी हुआ था, लेकिन मल्टी ऑर्गन फेलियर की वजह से शनिवार (26 नवंबर) दोपहर को उनका निधन हो गया। उनका पार्थिव शरीर पुणे के बाल गंधर्व रंगमंदिर में रखा गया था, जिसके बाद उनका अंतिम संस्कार वैकुंठ श्मशान भूमि में हुआ।

### विक्रम ने कई सुपरहिट फिल्मों में किया है काम

विक्रम टेलीविजन, मराठी थिएटर, हिन्दी सिनेमा में एक्टिव रहे हैं। विक्रम गोखले ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। उन्होंने अपने करियर के दौरान कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। वो संजय लीला भंसाली की फिल्म 'हम दिल दे चुके सनम' में ऐश्वर्या के पिता के रोल में नजर आए थे। इसके अलावा वो 'भूल भुलैया', 'दिल से', 'दे दना दन', 'हिचकी', 'निकम्मा', 'अग्निपथ', 'मिशन मंगल', आदि फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं।

# करण जौहर की पार्टी में लड़खड़ाती दिखीं सीमा सजदेह

## वीडियो देख यूजर्स ने किया ट्रोल, कहा- काफी ज्यादा पी रखी है




**बॉलीवुड एक्टर** सोहेल खान और उनकी वाइफ सीमा सजदेह का तालाक हो चुका है। शादी टूटने के बाद सीमा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहने लगी हैं। हाल ही में सीमा फिल्ममेकर करण जौहर की डिनर पार्टी में पहुंची, जिसका एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में सीमा को नशे की हालत में स्पॉट किया गया। इस वीडियो में सीमा पैपराजी को पोज देती हुई नजर आईं लेकिन वो ठीक से खड़ी भी नहीं हो पा रही हैं, जिसे देखने के बाद फैंस ने इस वीडियो पर अपना जमकर रिएक्शन दिया है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'नशे सी चढ़ गई' तो वहीं दूसरे ने लिखा, 'टू मच ड्रंक'। बता दें, सीमा खान एक फैशन डिजाइनर और स्टाइलिस्ट हैं। कई बार वह अपने ग्लैमरस लुक के चलते सुर्खियों में बनी रहती हैं।

फैशन डिजानइनर सीमा सजदेह- सोहेल खान 24 साल बाद एक-दूसरे से अलग हो गए हैं। दोनों अब अलग-अलग अपार्टमेंट में रह रहे हैं। कपल के दो बेटे निर्वान और योहान हैं। सीमा एक पंजाबी परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता अर्जुन सजदेह हैं। सीमा के भाई बंटी सजदेह कॉर्नरस्टोन स्पोर्ट्स एंड इंटरटेनमेंट के फाउंडर हैं। सोहेल और सीमा ने 1998 में भागकर शादी की थी। सीमा दिल्ली की रहने वाली हैं और फैशन डिजाइनिंग में करियर बनाने के लिए वो मुंबई गई थीं। इसी बीच सीमा और सोहेल की पहली मुलाकात हुई थी। सोहेल के मुताबिक, उन्हें सीमा से पहली नजर में ही प्यार हो गया था। जल्द ही दोनों ने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया था।

# फिल्में ही नहीं खाना भी अच्छा बना लेते हैं अजय देवगन, पत्नी काजोल ने खोले घर के अंदर के राज



**बॉलीवुड एक्टर** अजय देवगन कि फिल्म 'दृश्यम-2 इन दिनों सिनेमाघरों में धूम मचा रही है. फिल्म ने पहले ही सप्ताह में 100 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई कर ली है. वहीं, दर्शकों को अब दृश्यम-3 के भी आने की उम्मीद लग रही है. इस बीच अजय देवगन की पत्नी और एक्ट्रेस काजोल ने एक्टर से जुड़े कई अन सुने राज खोले हैं. बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल ने खुलासा किया है कि पर्दे पर अलग-अलग किरदार निभा रहे अजय देवगन असल जिंदगी में स्वादिष्ट खाना बनाने वाले प्यारे पति हैं.

काजोल इस सप्ताह के अंत में जी टीवी के सा रे गा मा पा पर अभिनेता विशाल जेठवा के साथ विशेष एपिसोड – '30 इयर्स ऑफ काजोल' की शोभा बढ़ाती नजर आएंगी. शूटिंग के दौरान, विशेष अतिथि काजोल ने अपने पति अजय देवगन के बारे में दिलचस्प खुलासा किया. जब भारती ने काजोल से अजय की कुकिंग स्किल्स और उनकी पसंदीदा डिश के बारे में पूछा, जिसे अजय पकाते हैं, तो काजोल ने खुलासा किया.

### दृश्यम 2 देखने के बाद क्या बोले दर्शक

उन्होंने कहा, "जितना भी अविश्वसनीय लग सकता है, अजय को खाना बनाना बहुत पसंद है. हम अक्सर कहते हैं कि कुछ लोगों के हाथों में स्वाद होता है, अजय उन कुक में से एक हैं जिन्हें आप जानते हैं, जो कोई भी व्यंजन तैयार करते हैं और वह स्वादिष्ट बन जाता है. खाना पकाने में अजय को बहुत मजा आता है, और जब वह खाना बना रहा होता है तो वह रसोई का दरवाजा बंद कर देता है. यहाँ तक कि जब वह खाना बना रहा होता है, तब भी वह अपनी रेसिपी या जो बना रहा होता है उसे साझा नहीं करता है. वह अक्सर मेरे लिए अद्भुत खिचड़ी बनाता है और वह उनकी विशेषता है."

# रिद्धिमा पंडित ने टाइट ऑफ शोल्ड ड्रेस में दिए ऐसे पोज; फैंस हुए क्लीन बोल्ड



रिद्धिमा पंडित की लेटेस्ट फोटोज जो तेजी से वायरल हो रही हैं.

इन फोटोज में रिद्धिमा पंडित कैमरे के सामने ऑफ शोल्डर ड्रेस पहनकर अपने हुस्न का जादू चलाती नजर आईं. इन तस्वीरों में रिद्धिमा के लुक को देखकर आप भी कहेंगे कि एक्ट्रेस के सिर पर बोल्डनेस का खुमार चढ़ा हुआ है. लेटेस्ट फोटोज में रिद्धिमा ब्लैक कलर की ऑफ शोल्डर ड्रेस ब्रालेस होकर पहनी हुई हैं. जिसमें वो अपनी परफेक्ट बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए दिखीं. इन फोटोज में अपने लुक को पूरा करने के लिए रिद्धिमा पंडित लाइट मेकअप किए हुए दिखीं. इसके साथ ही बालों को ओपन करके एक से बढ़कर एक किलर पोज दिए. इन तस्वीरों को रिद्धिमा पंडित ने अपने आ धि का रि क इंस्टाग्राम पर शेयर किया. फोटोज को शेयर कर एक्ट्रेस ने कैप्शन में लिखा- 'जब आपको डाउट हो तो मैं पंख लगाना पसंद करती हूं.'

**'बहू हमारा** रजनीकांत' सीरियल में रोबोट बहू का रोल निभाने वाली रिद्धिमा पंडित को किसी पहचान की जरूरत नहीं है. रिद्धिमा इस सीरियल में आने के कई साल बाद 'बिग बॉस ओटीटी' में नजर आई थीं. जिसमें एक्ट्रेस के खेल को लोगों ने खूब पसंद किया. लेकिन समय के साथ रिद्धिमा के सिर पर बोल्डनेस का खुमार इस कदर चढ़ा है कि तस्वीरें देख आप भी शॉक्ड हो जाएंगे. लेटेस्ट फोटोज में रिद्धिमा ऑफ शोल्डर गाउन पहनकर अपनी परफेक्ट बॉडी को कैमरे के सामने फ्लॉन्ट करती हुई दिखाई दीं. देखिए

ऐसा पहली बार नहीं है कि रिद्धिमा पंडित ने इस तरह की बोल्ड फोटोज शेयर की हो. इससे पहले भी रिद्धिमा सोशल मीडिया पर हॉटनेस का तड़का लगा चुकी हैं. रिद्धिमा पंडित के इंस्टाग्राम पर 2 मिलियन फॉलोअर्स से ज्यादा है. एक्ट्रेस ने खुशी जाहिर करते हुए हाल ही में एक वीडियो शेयर किया था. इस वीडियो में एक्ट्रेस सेलिब्रेट करती हुई नजर आई थीं।

# हंसिका ने ग्रीस में सेलिब्रेट की बैचलर पार्टी:दोस्तों के साथ किया जमकर डांस, वीडियो शेयर कर लिखा- बेस्ट बैचलरेट एवर



एक्ट्रेस हंसिका मोटवानी ने हाल ही में अपनी गर्ल गैंग के साथ बैचलर पार्टी को सेलिब्रेट किया। उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए फैंस को अपनी बैचलर पार्टी की झलक दिखाई। इस पार्टी को उन्होंने ग्रीस में मनाया। इस क्लिप में हंसिका के अलावा पॉपुलर एक्ट्रेस श्रीया रेड्डी सहित उनके कई दोस्त भी नजर आ रहे हैं।

### हंसिका ने मस्ती भरे ट्रिप की दिखाई झलक

हंसिका ने इस वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, 'बेस्ट बैचलरेट एवर'। इस सुपर फन बैचलरेट पार्टी में हंसिका व्हाइट ड्रेस में नजर आ रही हैं, जिस पर 'ब्राइड' लिखा हुआ है। वहीं, उनकी ब्राइड्समेड्स कस्टमाइज्ड ब्लैक गाउन में नजर आ रही हैं। फिर बाद में वो व्हाइट क्रॉप्ड शर्ट और मिनी स्कर्ट में पार्टी में पहुंचती दिखाई दे रही हैं। इस वीडियो में एक्ट्रेस की गर्लफ्रेंड के साथ मस्ती भरे ट्रिप की झलक भी दिखाई गई है। वहीं हंसिका के फैंस इसे खूब पसंद कर रहे हैं।

### हंसिका की शादी के प्री वेडिंग फंक्शन्स हो चुके हैं शुरू

हंसिका 4 दिसंबर को अपने बॉयफ्रेंड सोहेल कथूरिया से शादी करने वाली हैं। उनके वेडिंग फंक्शन्स भी शुरू हो चुके हैं। हाल ही में हंसिका की फैमिली ने मुंबई में माता की चौकी रखी थी, जिसमें जाते दौरान उन्हें स्पॉट किया गया। इस पूजा में उनके खास दोस्त और फैमिली मेंबर्स ही शामिल हुए। हंसिका इस फंक्शन में रेड मिरर वर्क साड़ी में दिखीं। इसके साथ उन्होंने मैचिंग कलर का मांग टीका और ईयररिंग्स भी पहन रखे थे, जिसमें वो बेहद खूबसूरत लग रही थीं।हंसिका मोटवानी मुंबई से दूर जयपुर में डेस्टिनेशन वेडिंग करने जा रही है। इसके लिए उन्होंने जयपुर का 450 साल पुराना किला फाइनल किया है। वहीं कहा ये भी जा रहा है कि 2 दिसंबर को हंसिका और सोहेल की हल्दी की रस्म होगी और फिर शाम को सूफी नाइट। अगले दिन यानी 3 दिसंबर को मेहंदी और संगीत होने वाला हैं। वहीं 4 दिसंबर को शादी होगी। इसके अलावा, शादी के बाद एक पोलो मैच और एक कैसीनो की भी प्लानिंग की जा रही है।

# सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है तापसी पन्नू की फिल्म ब्लर

तापसी पन्नू जल्द ही फिल्म 'ब्लर' से धमाल मचाने आ रही हैं। इसी बीच एक्ट्रेस ने फिल्म का टीजर वीडियो अपने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। टीजर में तापसी पन्नू की दुनिया बिल्कुल धुंधली नजर आ रही है। ब्लर का टीजर सस्पेंस और थ्रिल से भरपूर है। वीडियो की शुरुआत होती है एक फोन के रिंग टोन से जिसके बाद घर के अंदर लगा एक कैमरा चारों ओर घूमता है। जैसे ही तापसी उस शख्स से बोलती हैं कि मुझे पता है तुम यहीं हो, मुझे देख रहे हो। मेरा जवाब दो।' वैसे ही वीडियो खत्म हो जाता है। फिल्म का टीजर देखने के बाद फैंस अब इस फिल्म का बेसब्री के इंतजार कर रहे हैं।



तापसी पन्नू ने ब्लर के टीजर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'खतरे की आहट चारों तरफ है लेकिन क्या गायत्री इसे आते हुए देख पाएगी? उसकी आंखों से उसकी दुनिया देखने के लिए तैयार हो जाइए। #BlurrOnZEE5 प्रीमियर 9 दिसंबर।' बता दें , जी स्टूडियोज, आउटसाइडर्स फिल्म्स और एखेलन प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित 'ब्लर' एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर है, जिसमें तापसी पन्नू और गुलशन देवैया मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में तापसी एक ऐसी लड़की का किरदार निभा रही हैं, जो अपनी जुड़वां बहन की मौत के कारण की खोज में लगी हुई है, मगर उसकी नजर धीरे-धीरे कमजोर हो रही है।






# फ्रेंड की शादी के लिए बढ़िया रहेगी सिल्क की ये साड़ियां

फैशन का दौर बदलता ही रहता है। शादी के सीजन की शुरुआत होती है, लड़कियां अपने खास दोस्त की शादी के लिए पहले से ही ऑउटफिट चुनने शुरु कर देती हैं। दोस्त की शादी किसी के लिए भी बहुत ही खास होती है। इस शादी में हर किसी देखने वाले की नजर दुल्हन की दोस्त पर ही रहती है। आप अपनी फ्रैंड की शादी में क्लासी, सैसी और स्टाइलिश ड्रेस का ही चयन करें। आज आपको कुछ ऐसी सिल्क की साड़ियों के बारे में बताएंगे जिन्हें आप फ्रैंड की शादी में ट्राई कर सकती हैं। तो चलिए जानते हैं इनके बारे में...



**जॉर्जे खादी स्लिक साड़ी**

आप अपनी फ्रैंड की शादी में जॉर्जे खादी स्लिक साड़ी पहन सकती हैं। यह साड़ी आपके लुक को अपलिफ्ट करेगी। इस साड़ी में खास तौर पर 2डी डाई टेक्नीक इस्तेमाल की जाती है। इसके अलावा बॉर्डर पर लगी गोल्ड जरी साड़ी को और भी सुंदर बना देती है। आप पर्पल कलर की साड़ी ट्राई कर सकती हैं।

**ऑर्गेन्जा सिल्क साड़ी**

यह एक तरह की स्टनिंग पार्टी वेयर साड़ी है। आप फ्रैंड की शादी में ऐसी साड़ी डाल सकती हैं। शीयर फैब्रिक में बनी हुई यह साड़ी आपके लुक को चार-चांद लगा देगी। पहनने में भी यह साड़ी बहुत ही लाइट वेट और क्लासी होती है। आप लाइटवेट साड़ी को मैचिंग ब्लाउज के साथ कैरी कर सकती हैं।

**प्रिंटिड चिनिया सिल्क साड़ी**

आप ऑरेंज टिंट वाली प्योर चिनिया सिल्क हैंडक्राफ्टेड साड़ी अपनी ऑउटफिट के लिए कैरी कर सकती हैं। यह आपको क्लासी लुक देगी। इसमें गोल्ड जरी का डिजाइन अपनी साड़ी में एड करवा सकती हैं। इसके साथ आप सिल्वर ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं।

**ग्रे फ्लोरल प्रिंटेड एम्ब्रॉयडर साड़ी**

चिनाय बनारस की साड़ी आप अपनी फ्रैंड की शादी के लिए कैरी कर सकती हैं। यह साड़ी भी बहुत ही लाइटवेट होती है। साड़ी के बॉर्डर पर बना हुआ फैसिनेंटिग कटवर्क मशीन की एम्ब्रॉयडरी को और भी सुंदर तरीके से दिखाएगा। आप लुक को कंप्लीट करने के लिए इस तरह की साड़ी अपने कलेक्शन में शामिल कर सकती हैं।

**क्रोमैटिक स्नोवी व्हाइट बनारसी साड़ी**

आप हैंडवोवेन प्योर क्रोमैटिक स्नोवी व्हाइट सिल्क साड़ी फ्रैंड की शादी के लिए ट्राई कर सकते हैं। व्हाइट शेड और सिल्वर जरी वर्क इस साड़ी को चार चांद लगा रहा है। गर्मियों की शादी के लिए इस तरह की सिंपल साड़ी शादी में ट्राई कर सकते हैं।

# इंट्रोडक्शन कॉल में करें सैलरी के बारे में चर्चा



जॉब सर्च में सीवी अगर कंपनी की जरूरतों के मुताबिक न बना हो तो उसके शॉर्ट लिस्ट होने की संभावनाएं कम होती हैं। एचआर एक्सपर्ट क्रिस्टल ब्राउन-टाटम का कहना है कि यदि किसी उम्मीदवार का सीवी कंपनी की सभी योग्यताओं पर खरा उतरता है तो अधिकांश कंपनियां 24 घंटे के भीतर उन्हें कॉल करती हैं। ऐसे में यदि आप जॉब सीकर हैं और चाहते हैं कि नियोक्ता जल्द ही कॉल करे तो टॉप रिक्रूटर्स की ये सलाहें आपके काम आ सकती हैं।

*सीवी भेजने से पहले यह देखना चाहिए कि संबंधित कंपनी कौन सी स्किल को प्राथमिकता दे रही है। उसी अनुसार आपको अपनी स्किल्स, अनुभव व प्रोजेक्ट्स को अरेंज करना चाहिए।

* तीन चीजें जो नियोक्ता को प्रभावित करती हैं वे हैं- आपको पता होना चाहिए कि आप क्या खोज रहे हैं, संबंधित नौकरी में आपकी दिलचस्पी होनी चाहिए और उस बारे में बात करने में भी आप रुचि रखते हों। यही वजह है कि कंपनी के बारे में सवाल पूछना रिक्रूटर को प्रभावित करता है।

# मेहंदी सेरेमनी के फंक्शन में ट्राई करें इस तरह के आउटफिट्स





शादी के सारे फंक्शन होने वाली दुल्हन के लिए बहुत ही खास होते हैं। लड़कियां रीति-रिवाजों और धार्मिक परंपरा के मुताबिक ही सारे आउटफिट्स कैरी करती हैं। उन्हीं सारे फंक्शन में से मेंहदी का फंक्शन भी बहुत ही खास होता है।

मेहंदी फंक्शन में आप इस तरह के ऑउटफिट्स ट्राई कर सकते हैं। आइए आपको मेहंदी फंक्शन के लिए कुछ आइडियाज बताते हैं।

क्रॉप टॉप और स्कर्ट

आप अपनी मेंहदी में क्रॉप टॉप और स्कर्ट जैसा ऑउटफिट कैरी कर सकती हैं। यह एक इंडो वेस्टर्न फ्यूजन है। आप इस लुक को अपनी मेंहदी फंक्शन में ट्राई कर सकती हैं।

**अनारकली सूट**

आप मेहंदी फंक्शन के लिए अनारकली सूट भी ट्राई कर सकती हैं। अनारकली सूट में आप ग्रीन और येलो कलर का सूट अपनी मेंहदी फंक्शन के लिए डाल सकती हैं।

**लहंगा**

आप मेंहदी सेरेमनी के लिए लहंगा भी ट्राई कर सकती हैं। यह एक एथनिक आउटफिट है । आप ग्रीन या फिर येलो कलर का लहंगा अपनी मेंहदी में डाल सकती हैं।

**प्लाजो और कुर्ती**

आप ट्रेडिश्नल लुक के लिए प्लाजो और कुर्ती अपनी आउटफिट के लिए कैरी कर सकती हैं। यह पहनने में भी कम्फर्टेबल होगा और आप मेहंदी का फंक्शन बहुत ही आसानी से एन्जॉय कर सकते हैं।

**शरारा सूट**

आप मेहंदी फंक्शन के लिए शरार सूट भी ट्राई कर सकती हैं। यह ट्रेडिश्नल होने के साथ-साथ कम्फर्टेबल भी होगा। हैवी बार्डर और मंहगी एम्ब्रोइडरी वाला शरारा आप मेहंदी लुक के लिए ट्राई कर सकती हैं।

**गाउन**

आप मेहंदी फंक्शन के लिए गाउन भी डाल सकती हैं। सिंपल और ट्रेडिश्नल गाउन के साथ आप अपनी लुक को बेहतर टच दे सकती हैं।

# वर्क कल्चर मन मुताबिक न होने से 72% महिलाएं छोड़ देती हैं जॉब



भारत में महिलाएं जॉब छोड़ने में संकोच नहीं करती यदि वर्क एन्वायरनमेंट फ्लेक्सिबल न हो। देश में 72% महिलाएं ऐसी नौकरियों को अस्वीकार कर देती हैं जो लचीले ढंग से काम करने की अनुमति न देती हो। यह आंकड़ा लिंक्डइन के एक सर्वे से सामने आया है। महिला प्रोफेशनल्स का मानना है कि लॉकडाउन के दौरान काम करना उनके लिए बेहद सहज था।

30% महिलाओं ने माना कि इससे उनके मानसिक स्वास्थ्य में सुधार हुआ है।

33%: का मानना है वर्तमान नौकरी में उनके बने रहने की संभावना बढ़ गई है।

43%का काम व निजी जीवन के बीच संतुलन बेहतर हुआ है।

70% महिलाएं या तो नौकरी छोड़ चुकी हैं या छोड़ने की तैयारी में हैं, नियमों में बदलाव की वजह से। क्योंकि उन्हें उनके अनुरूप काम का माहौल नहीं मिल पा रहा है।

# केरल के 2000 स्कूलों में रोबोट लैब स्थापित होंगी, 12 लाख छात्रों को मिलेगा लाभ

भारत में पहली बार केरल राज्य के 2000 हाई स्कूलों में रोबोट लैब स्थापित किए जाएंगे. राज्य सरकार की एडटेक शाखा, केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन दिसंबर 2022 से लैब स्थापित करेगी. जिससे 1.2 मिलियन स्कूली बच्चों को लाभ होगा. जनरल एजुकेशन मिनिस्टर वी. शिवनकुट्टी ने शनिवार को कहा कि रोबोट लैब के माध्यम से स्कूली बच्चों में नॉलेज स्किल की बढ़ोतरी होगी. 8 दिसंबर को मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन आईसीटी नेटवर्क लिटिल काइट्स के माध्यम से 9000 रोबोटिक लैब का उद्घाटन करेंगे. बता दें कि लिटिल काइट्स भारत में छात्रों का सबसे बड़ा आईसीटी नेटवर्क है.



मंत्री ने आगे कहा कि लिटिल काइट्स कार्यक्रम के तहत रोबोटिक्स एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कॉम्पोनेन्ट है. जिसके जरिए स्कूली बच्चों को आईओटी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसी लेटेस्ट तकनीकों के क्षेत्रों में प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिलेगा. इसके अलावा छात्रों को कार्यक्रम ट्रेनिंग के दौरान रचनात्मक सोच और समस्या को सुलझाने की क्षमता को बढ़ाने में मदद मिलेगी. साथ ही बच्चों को सभी विषयों को सीखने में भी मदद मिलेगी.

केरल इन्फ्रास्ट्रक्चर एंड टेक्नोलॉजी फॉर एजुकेशन (काइट) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि स्कूल में तैनात हर एक रोवोटिक किट में अरडीनो यूनो रेव 3, एलईडी, एसजी90 मिनि सर्वो मोटर, एलडीआर लाइट सेंसर मॉड्यूल, आईआर सेंसर मॉड्यूल, एक्टिव बजर मॉड्यूल, पुश बटन, ब्रीड बटन, जम्पर वायर्स और रेसिस्टर्स हैं. अनवर सादात ने आगे कहा कि जरूरत पढ़ने पर काइट अतिरिक्त पुजरें के सोर्स के लिए स्कूलों को और सहायता प्रदान करेगा.

रिपोर्ट के मुताबिक, स्कूलों में रोवोटिक किट लगाने के अलावा 4000 काइट मास्टर्स को भी स्कूलों में इस उपकरण का उपयोग करने के लिए एक विशिष्ट प्रशिक्षण मॉड्यूल का उपयोग करके प्रशिक्षित किया जाएगा. इन काइट मास्टर्स का उपयोग करते हुए काइट 60 हजार छात्रों को सीधे ट्रेनिंग प्रदान करेगा.

इस प्रकार प्रशिक्षित लिटिल काइट्स के सदस्य बदले में अन्य छात्रों को ट्रेनिंग देंगे. जिससे सीधे तौर पर 12 लाख से अधिक छात्रों को लाभ होगा. रिपोर्ट के अनुसार, छात्रों को विभिन्न गतिविधियों में भी प्रशिक्षित किया जाएगा. जिसमें ट्रैफिक सिग्नल का विकास, प्रकाश के माध्यम से ऑटोमेटिक स्ट्रीट लाइट एक्टिव, इलेक्ट्रॉनिक डोर के अलावा सुरक्षा अलार्म भी शामिल हैं.

# सरकारी नौकरी

## टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में ट्रेड अप्रेंटिस के 100 पदों पर निकली भर्ती

सार्वजनिक क्षेत्र की मिनीरत्न शेड्यूल ए कंपनी THDC इंडिया लिमिटेड ने 100 ट्रेड अप्रेंटिस भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया है। अप्रेंटिस एक्ट 1961 के तहत यह ट्रेड अप्रेंटिसिशिप ट्रेनिंग एक साल के लिए होगी। इस भर्ती के लिए उम्मीदवार 10 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। अप्रेंटिस के लिए उम्मीदवारों का सिलेक्शन सिर्फ मेरिट के बेसिस पर होगा। यह मेरिट आईटीआई में मिले मार्क्स के आधार पर बनेगी।

वैकेंसी डिटेल्स

कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट- 30 पद

स्टेनोग्राफर/सेक्रेटेरियल असिस्टेंट- 30 पद

ड्रॉफ्ट्समैन (सिविल)-15 पद

फिटर-5 पद

इलेक्ट्रिशियन-15 पद

इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक-5 पद

योग्यता

उम्मीदवारों को 10वीं के साथ आईटीआई पास किया होना चाहिए। आईटीआई 2018, 2019, 2020, 2021 और 2022 में पास होना जरूरी है। आयु सीमा : 18 से 30 वर्ष

ऐसे करें आवेदनऑफिशियल वेबसाइट www.thdc.co.in पर विजिट करें। विज्ञापन लिंक का चयन करें और Notification को ध्यान से पढ़ें। नौकरी के डिटेल्स के सामने लिखा गया “Apply Link” खोलें।

फील्ड में डिटेल्स भरें।

डॉक्यूमेंट अपलोड करें और भुगतान करें।

भरे हुए अप्लीकेशन को जमा करें।

इस भर्ती के लिए सिर्फ ऑफलाइन (डाक द्वारा) मोड के माध्यम से आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन करने का पता है : सीनियर मैनेजर (एचआर), टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, भागीरथी भवन, प्रगतिपुरम, बायपास रोड़, ऋषिकेश - 249201

# सभी स्ट्रीम के स्टूडेंट्स को मिल रहा है स्पेस फील्ड में कॅरिअर के लिए मौका

अब भारत भी उन अग्रणी देशों की सूची में शामिल हो गया है जो स्पेस साइंस में बेहतर कर रहे हैं। सरकार स्पेस साइंस के अध्ययन और रिसर्च पर काम कर रही है। उदाहरण के तौर पर मून मिशन, मंगल मिशन, चंद्रयान 2 मिशन के बाद सरकार साल 2030 तक अंतरिक्ष में स्पेस स्टेशन बनाने की योजना पर भी काम कर रही है। ऐसे में एक्सपर्ट्स का मानना है कि आने वाले समय में इस सेक्टर में कॅरिअर के मौके और बढ़ेंगे।



इस फील्ड में एस्ट्रोनॉमी, एस्ट्रोनॉट, स्पेस टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, स्पेस लॉ, स्पेस टूरिज्म, स्पेस आर्किटेक्ट, स्पेस मेडसिन आदि क्षेत्रों में कॅरिअर के लिए अवसर हैं। इसके अलावा मीडिया के छात्र भी स्पेस साइंस में कॅरिअर बना सकते हैं। इस फील्ड में मीडिया के छात्रों का मुख्य काम फोटोग्राफी, किसी प्रोजेक्ट के बारे में आसान भाषा में आम लोगों को बताना, टेक्निकल राइटिंग आदि होता है।

साइंटिस्ट व भौतिकविद के पदों के लिए पीएचडी की डिग्री अनिवार्य है। वहीं इंजीनियर, टेक्निशियन के लिए यूजी की डिग्री ही पर्याप्त है। स्पेस साइंस में कॅरिअर के लिए इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च-भोपाल, बिड़ला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी-रांची, इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ एस्ट्रोफिजिक्स, आदि संस्थाएं हैं जहां से आप डिग्री ले सकते हैं।

भारतीय मूल के नासा एस्ट्रोनॉट राजा चारी अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में छह माह बिताने के बाद वापस पृथ्वी पर लौट आए हैं। इससे पहले राजा एफ-35 इंटीग्रेटेड फोर्स के डायरेक्टर भी रह चुके हैं। इसी तरह मीनल संपथ, अनुराधा टीके, अश्विन वासवाड़ा समेत ऐसे भारतीयों की सूची लंबी है, जिन्होंने अंतरिक्ष के क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही देश-दुनिया में भारत का नाम रोशन किया है। दरअसल अब स्पेस साइंस में कई ऐसे विकल्प हैं, जिनमें आप एक मजबूत भविष्य बना सकते हैं। सैटेलाइट टीवी, ग्लोबल कम्यूनिकेशन आदि के कारण इसी फील्ड में सभी कोर्स के छात्रों को मौका मिल रहा है।

## एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल की संशोधित वैकेंसी में अब 45,284 पदों पर होगी भर्ती

एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती 2022 के लिए एसएससी ने जीडी कॉन्स्टेबल की संशोधित वैकेंसी जारी की है। इसके तहत भर्ती में 20,000 से अधिक और नए पद जोड़े गए हैं। नई वैकेंसी लिस्ट के अनुसार, भर्ती के माध्यम से कुल 45,284 पद भरे जाएंगे। वहीं आवेदन की आखिरी तारीख 30 नवंबर 2022 तय है। इससे पहले एसएससी जीडी कॉन्स्टेबल भर्ती के माध्यम 24,369 पद भरे जाने थे।

वैकेंसी डिटेल्स

इन 45284 पदों में 40,274 पद पुरुष उम्मीदवारों के लिए, 4835 पद महिलाओं के लिए एवं 175 पद एनसीबी के लिए हैं। इसके तहत BSF के 20,756, CISF के 5914, CRPF के 11,169, SSB के 2167, ITBP के 1787, असम राइफल्स के 3153 एवं एसएसएफ के 154 पद शामिल हैं।

एजुकेशनल क्वालिफिकेशन : मान्यता प्राप्त बोर्ड से 10वी पास उम्मीदवार इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं।

आयु सीमा :उम्मीदवारों की उम्र 18-23 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

सिलेक्शन प्रोसेस : उम्मीदवारों का सिलेक्शन ऑनलाइन कंप्यूटर बेस्ड रिटन टेस्ट, फिजिकल टेस्ट, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन, और मेडिकल एग्जाम के आधार पर किया जाएगा।

ऐसे करें आवेदन

उम्मीदवार विभाग की ऑफिशियल वेबसाइट पर विजिट करें।

ऑनलाइन अप्लाई के लिंक पर क्लिक करें।

आवेदन फॉर्म में मांगी गई जानकारियों को ठीक से भरें।

अपनी कैटेगरी के अनुसार अप्लीकेशन फीस जमा करें।

आगे की जरूरत के लिए आवेदन फॉर्म का प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

## राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन ने फूड सेफ्टी ऑफिसर के 200 पदों पर निकाली नौकरी

राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी कर फूड सेफ्टी ऑफिसर के पदों पर भर्ती निकाली है। इसके लिए उम्मीदवार राजस्थान पब्लिक सर्विस कमीशन की ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर आवेदन कर सकते हैं। ये भर्ती अभियान 30 नवंबर तक चलाया जाएगा।

योग्यता : उम्मीदवारों को मान्यता प्राप्त संस्थान से ग्रेजुएशन की डिग्री प्राप्त हुआ होना चाहिए।


एज लिमिट : सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों की उम्र 18 से 40 साल के बीच होनी चाहिए। जबकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को सरकारी नियमानुसार एज लिमिट में छूट दी जाएगी।

अप्लीकेशन फीस : सामान्य वर्ग के उम्मीदवारों को 350 रुपये देने होंगे। जबकि आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को अप्लीकेशन फीस में छूट दी जाएगी।

सिलेक्शन प्रोसेस

उम्मीदवारों का सिलेक्शन प्रतियोगी परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। क्वेश्चन पेपर दो पार्ट में होगा जिसमें 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। इसके लिए कैंडिडेट्स को 150 अंक दिए जाएंगे। परीक्षा में उम्मीदवारों को ढाई घंटे का समय दिया जाएगा।

ऐसे करें आवेदन : उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in/advertisements के माध्यम से आखिरी तारीख से पहले ऑनलाइन मोड में आवेदन करें।



# चांदी के रेट में बड़ा उछाल, सोना भी हुआ महंगा, पूरे हफ्ते के सर्राफा बाजार का हाल

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय सर्राफा बाजार में सोना की साप्ताहिक कीमतों में तेजी आई है। वहीं चांदी भी महंगी हुई है। इस कारोबारी हफ्ते में सोने के भाव में 254 रुपये प्रति 10 ग्राम की मामूली तेजी दर्ज की गई है जबकि चांदी के भाव में 1,387 रुपये प्रति किलोग्राम का उछाल आया है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन यानी आईबीजीए की वेबसाइट के मुताबिक, इस बिजनेस वीक (21 से 25 नवंबर) की शुरुआत में यानी 21 नवंबर को 24 कैरेट सोने का रेट 52,406 था, जो शुक्रवार तक बढ़कर 52,660 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। वहीं, 999 शुद्धता वाली चांदी की कीमत 60,442 से बढ़कर 61,829 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई है। उल्लेखनीय है कि आईबीजीए की ओर से जारी कीमतों से अलग-अलग शुद्धता के सोने के स्टैंडर्ड भाव की जानकारी मिलती है। ये सभी दाम टैक्स और मेकिंग चार्ज के पहले के हैं। आईबीजीए द्वारा जारी किए गए दरें देशभर में सर्वमान्य हैं लेकिन इसकी कीमतों में जीएसटी शामिल नहीं होती है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, देश का सोने का आयात चालू वित्त वर्ष के पहले सात माह (अप्रैल-अक्टूबर) में 17।38 फीसदी घटकर 24 अरब डॉलर रह गया। इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में सोने का आयात 29 अरब डॉलर रहा था। आंकड़ों के अनुसार, अक्टूबर में सोने का आयात पिछले साल के समान महीने की तुलना में 27।47 फीसदी घटकर 3।7 अरब डॉलर रह गया है। इसी तरह अक्टूबर में चांदी का आयात भी 34।80 फीसदी घटकर 58।5 करोड़ डॉलर रह गया।

# समझें बाजार की चाल और जानें ऐसे शेयर जो दिलाते हैं जोरदार रिटर्न पर हैं बेहद सस्ते

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पिछले काफी समय से हम आपको ऐसा मार्केट एनालिसिस बता रहे हैं जो बेहद बड़ी रिसर्च और अनुभव के आधार पर निकाला गया है। बाजार की चाल आगे कैसे रहने वाली है इस पर CNI रिसर्च के सीएमडी किशोर ओस्तवाल ने अपनी राय दी है और शेयर बाजार के आगे के आउटलुक पर अपना अनुमान दिया है। बाजार और दलाल स्ट्रीट के लोग चीन के कोविड संकट और लॉकडाउन की आशंका से चिंतित हैं और इस बात पर भी हैरान हैं कि अमेरिकी बाजारों के डाओ जोंस क्यों 34,000 के पार चला गया है। पहली बार हम कमजोर डाओ फ्यूचर्स के प्रीमियम पर कारोबार



करने का ट्रेंड देख रहे हैं। फेडरल रिजर्व के कदमों पर सबकी पैनी नजर है लेकिन ऐसा लग रहा है कि फेड बुल्स को फेवर कर रहे हैं जो लॉन्ग पोजीशन होल्ड कर रहे हैं। हालांकि फेड ने आधिकारिक तौर पर ये घोषणा कर दी है कि अब वो रेट में बढ़ोतरी को धीमा करेगा लेकिन मुझे ये विश्वास है कि साल 2023 में दरों में बढ़ोतरी का सिलसिला थमेगा और रेट में कटौती का सिलसिला शुरू होगा जिसके बाद डाओ जोंस ऑलटाइम-हाई पर जा सकता है। इसके बाद वहां मुनाफवसूली शुरू होगी। मेरी राय में डाओ में दिसंबर 16 के बाद कॉमन सेटलमेंट होगा जिसमें अरबों की डॉलर ऑप्शन एक्सपायरी देखी जाएगी। डाओ का अगला टार्गेट 34632 का हो सकता है और बाजार में तेजी ही जारी रह सकती है। इन सब के अलावा एक और बात पर चर्चा हो रही है कि महंगाई में बहुत तेजी से आ रही गिरावट भी आर्थिक मंदी का डर पैदा करती है। अब जहां तक आर्थिक मंदी के डर की बात है तो निवेशक लॉन्ग करने से बचना चाहेंगे जिसके बाद एफपीआई तेजी से खरीदारी बढ़ाना चाहेंगे क्योंकि वो सारे तकनीकी पहलू होंगे। अब अगर भारतीय बाजार की बात करेंगे यहां एक्सपायरी के समय आश्चर्यजनक रूप से बाजार में मजबूती देखी गई है और ये 1 निफ्टी को 18,000 से ऊपर बनाए रखने में सफल हो चुके हैं। हालांकि घरेलू बाजारों की तेजी को लेकर हर तरफ बात हो रही है तो कोई भी इसे गिराना नहीं चाहेगा वर्ना ये ऑलटाइम-हाई लेवल को पार करना मुश्किल होगा। इससे दो फायदे होंगे- पहला ये एफपीआई लॉन्ग करने के लिए तैयार हैं और रिटेल इंवेस्टर्स ज्यादा पैसा नहीं लगाएंगे। मैं पिछले छह महीनों से कह रहा हूं कि साल 2022 में हम निफ्टी को ऑलटाइम हाई पर देखेंगे और ऐसा लग रहा है कि ये जल्द ही होगा।

# फार्मा एक्सपोर्ट 14.57 अरब डॉलर पर पहुंचा

## देश बनेगा फार्मा बाजार की वैश्विक शक्ति

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। देश के फार्मा सेक्टर से बड़ी खबर सामने आ रही है। चालू वित्त वर्ष के अप्रैल से अक्टूबर माह के दौरान फार्मा सेक्टर से एक्सपोर्ट 4।22 फीसदी बढ़कर 14।57 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार, साल 2022 के पहले 7 महीने में निर्यात में यह वृद्धि पिछले महीने आई गिरावट के बावजूद हासिल हुई है। फार्मास्यूटिकल एक्सपोर्ट प्रमोशन कौंसिल ऑफ़ इंडिया ने यह जानकारी दी है। ये संगठन वाणिज्य मंत्रालय के तहत आने



वाला संगठन है। इस बारे में कहना है कि चालू वित्त वर्ष 2022-23 में फार्मा निर्यात का आंकड़ा 27 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। पिछले वित्त वर्ष में यह 24।62 अरब डॉलर रहा था। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में फार्मा निर्यात 13।98 अरब डॉलर रहा था। संगठन की ओर से बताया गया है कि वैक्सीन या टीके की श्रेणी में हमारे निर्यात की काफी खराब स्थिति है। रूस-यूक्रेन युद्ध की वजह से भी निर्यात प्रभावित हुआ है। इसके बावजूद देश का कुल फार्मा निर्यात बढ़ा है। देश के कुल फार्मा निर्यात में 67।5 प्रतिशत या करीब 5 अरब डॉलर की हिस्सेदारी अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको (नाफ्टा देशों), यूरोप और अफ्रीका की रही है। वाणिज्य मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर माह में फार्मा निर्यात 5।45 प्रतिशत गिरकर 1।95 अरब डॉलर रहा है। अक्टूबर, 2022 में भारत का कुल निर्यात पिछले साल के समान महीने की तुलना में 16।65 प्रतिशत घटकर 29।78 अरब डॉलर रह गया है। अप्रैल-अक्टूबर 2022 के दौरान निर्यात में 12।55 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और यह 263।35 अरब डॉलर रही है। भास्कर ने कहा कि रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण लगे प्रतिबंधों के अलावा कुछ प्रमुख देशों की मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के मजबूत होने से भी अक्टूबर के दौरान निर्यात में गिरावट आई है।

# कंपनियों को है अच्छी बिक्री की उम्मीद

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। रोजमर्रा यानी डेली यूज का सामान या फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनियां सर्दियों के उत्पादों की शुरुआती मांग और सकारात्मक रूझान से उत्साहित हैं। उन्हें उम्मीद है कि पारा जैसे-जैसे गिरता जाएगा, इन उत्पादों का इस्तेमाल भी बढ़ेगा और ग्रामीण इलाकों से वृद्धि को गति मिलेगी। डाबर, इमामी और मैरिको जैसी कंपनियों के सर्दियों के उत्पादों की बिक्री तेज हुई है जिनमें त्वचा की देखभाल वाले उत्पादों से लेकर प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले च्यवनप्राश और शहद जैसे उत्पाद शामिल हैं।

**कंपनियों को है बंपर सेल की उम्मीद**

कंपनियों को उम्मीद है कि फसल अच्छी रहने और सामान्य महंगाई दर में नरमी आने से आगामी तिमाहियों में ग्रामीण क्षेत्रों



में बिक्री बढ़ेगी। ई-कॉमर्स और व्यापार के आधुनिक माध्यमों पर भी सर्दियों के उत्पादों की बिक्री अच्छी बनी हुई है।

**मैरिको का क्या है कहना**

मैरिको में मुख्य परिचालन अधिकारी (भारत में कारोबार) और मुख्य कार्यपालक अधिकारी ( नया कारोबार) संजय मिश्रा ने कहा कि सफोला इम्युनिवेदा श्रृंखला के उत्पादों और बॉडी लोशन जैसे के लिए सर्दियों का मौसम अहम होता है जिनके लिए विशेषकर उत्तरी क्षेत्र से मांग आती है। उन्होंने कहा, सर्दियों शुरू होने के साथ ही इस साल भी इन उत्पादों का इस्तेमाल बढ़ गया है।₹ मिश्रा ने कहा, हमें भरोसा है कि इन सर्दियों में बॉडी लोशन की श्रेणी में मांग में वृद्धि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक रहेगी।

**डाबर इंडिया का क्या है कहना**

डाबर इंडिया लिमिटेड के चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर आदर्श शर्मा ने कहा, अभी तो सर्दियां शुरू ही हुई हैं, हमारे उत्पादों की शुरुआती मांग में निरंतरता बनी हुई है। यदि इस बार अच्छी ठंड पड़ेगी तो मांग में और तेजी आएगी।

उन्होंने कहा कि शहरी बाजारों की तुलना में ग्रामीण बाजारों में मांग अब भी कम है। हालांकि, फसल अच्छी रहने से आगामी तिमाही में ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाली मांग में वृद्धि की उम्मीद है।

# पेटीएम को पेमेंट एग्रीगेटर के लाइसेंस के लिए दोबारा आवेदन जमा करने को कहा

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक ने पेटीएम पेमेंट सर्विसेज के पेमेंट एग्रीगेटर लाइसेंस के लिए दिए गए आवेदन को खारिज कर दिया है। पेटीएम पेमेंट सर्विस जो कि पेटीएम की सब्सिडियरी है, इस एप्लीकेशन के खारिज होने के बाद फिलहाल नए ऑनलाइन मर्चेंट्स को अपने प्लेटफार्म से जोड़ नहीं पाएगी। आरबीआई ने पेटीएम पेमेंट्स सर्विसेज लिमिटेड के दिए गए आवेदन को फिलहाल मंजूर ना करते हुए इसे दोबारा आवेदन करने के लिए कहा है। कंपनी की ओर से एक्सचेज को बताया गया कि इस कदम का कंपनी के कारोबार पर कोई असर नहीं पड़ेगा। पेमेंट एग्रीगेटर एक सर्विस प्रोवाइडर होता है जो सभी तरह के पेमेंट्स के ऑप्शन को एक ही जगह मुहैया करा सकता है।

# बांधनी ने जामनगर को दिलाई वैश्विक पहचान

## इससे चलती है 50 हजार से ज्यादा लोगों की रोजी-रोटी

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कपड़ों की डाई और टाई करने की अति प्राचीन बांधनी कला केवल राजस्थान तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह उत्तर प्रदेश के कुछ इलाकों और गुजरात और वहां भी विशेष रूप से जामनगर में खासी प्रचलित है। जामनगर में रहने वाले लोगों की बड़ी संख्या इस कारोबार से जुड़ी है। जानकारी के मुताबिक, बांधनी बनाने का व्यवसाय जामनगर में कम से कम 50,000 लोगों के लिए रोजगार पैदा करके आजीविका प्रदान करता है। बता दें कि बांधनी कपड़ों की रंगाई और उस पर कलाकृतियां बनाने की एक पारंपरिक कला का रूप है। इसका उपयोग साड़ी, दुपट्टे और स्टोल के लिए कपड़ा सामग्री बनाने में किया जाता है। इस कला ने जामनगर को विश्वव्यापी पहचान दिलाई है। इस काम में केवल पुरुष ही नहीं बल्कि वहां की महिलाओं का भी बड़ा योगदान रहता है। यहां के पुरुष कपड़े की रंगाई करते हैं और महिलाएं उन्हें बांधती हैं। एक व्यवसायी सलीम ने बताया कि यह हाथ से किया जाने वाला काम है और इसमें मशीनों से कोई भी काम नहीं होता है। जामनगर में बांधनी बनाने से यहां की महिलाओं को रोजगार भी मिला है जिससे वे अपना घर चलाने और अपने बच्चों की शिक्षा का प्रबंधन करने में सक्षम हैं। इस काम में लगी महिलाओं का कहना है कि वेहद कठिन काम होने के बावजूद वे पूरे मन से बांधनी बनाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि यह हमारी पारंपरिक विरासत है और इसे ऐसे ही संजोकर चलना है। उन्होंने बताया कि लगभग 50 साल पहले, कपड़ों की रंगाई के लिए रासायनिक रंगों का उपयोग किया जाता था, वे ना तो पर्यावरण के अनुकूल थे और ना ही स्वास्थ्य के। रासायनिक रंगों के कारण अक्सर भारतीयों और यूरोपीय लोगों को त्वचा की एलर्जी जैसे रोग हो जाते हैं। ऐसे में सरकार ने कदम उठाते हुए रंगो का निर्माण करने वाले उद्योग पतियों को हमारी मांग के अनुसार और पर्यावरण की अनुकूलता के मुताबिक रंग बनाने के लिए कहा। सरकार की नीतियों के बाद अब यहां से निर्यात किए जाने वाले 95 प्रतिशत बांधनी को पर्यावरण के अनुकूल रंगों से बनाया जाता है। वहीं, बांधनी के एक अन्य व्यवसायी विबोध शाह ने बताया कि जामनगर की बांधनी के फेसम होने की एक और वजह भी है। और वो है यहां की रंगाई प्रक्रिया और प्रयोग किए जाने वाले पानी, जो इसे एक निश्चित रंग देता है जो आसानी से हल्का नहीं होता है। विबोध शाह ने बताया कि जामनगर की बांधनी को जीआई टैग भी मिला हुआ है। यहां से भारत के अलग-अलग हिस्सों और भारत के बाहर भी बांधनी का निर्यात किया जाता है। खासकर उन देशों में जहां गुजराती और मारवाडी भारतीय लोग रहते हैं। इसके अलावा टीवी सीरियल और बॉलीवुड में भी इसकी अच्छी खासी मांग रहती है। फिल्मों और सीरीयलों की शूटिंग के कपड़ों में इसका प्रयोग होता है। हमारे यहां के कारीगर ग्राहक की मांग के अनुसार कपड़े की डिजाइन तैयार करते हैं। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के वोकल फॉर लोकल कैंपेन की वजह से हमें उनकी तरफ से फ्री स्टॉल भी मिलते हैं और हमें उनका सपोर्ट भी मिलता है। इसके अलावा, सरकार कारीगरों को ऑनलाइन पोर्टल पर खुद को पंजीकृत करने में भी मदद करती है जो इसकी बिक्री को प्रभावित करती है।

# महंगे लोन से मिलेगी मुक्ति ईएमआई भी नहीं बढ़ेगी!

## उद्योग जगत ने भारतीय रिजर्व बैंक से बढ़ती ब्याज दर की रफ्तार घटाने को कहा

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बढ़ती महंगाई पर नियंत्रण पाने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने पिछले कुछ महीनों में लगातार ब्याज दरों में बढ़ोतरी का ऐलान किया है और इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव देखने को मिल रहा है। भारतीय उद्योग परिसंघ ने रविवार को कहा कि भारतीय उद्योग जगत बीते दिनों ब्याज दरों में हुई बढ़ोतरी के प्रतिकूल असर को महसूस कर रहा है।सीआईआई ने भारतीय रिजर्व बैंक से अनुरोध किया है कि वह ब्याज दर में बढ़ोतरी की रफ्तार घटाए। आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष में अभी तक रेपो दर में 1।9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। ब्याज दर पर विचार करने के लिए केंद्रीय बैंक की मौद्रिक नीति की समिति की बैठक दिसंबर के पहले सप्ताह में होगी।

सीआईआई के विश्लेषण के मुताबिक, चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही (जुलाई-सितंबर 2022) में बड़ी संख्या में कंपनियों की आय और मुनाफे में कमी आई है। ऐसे में सीआईआई ने तर्क दिया कि मॉनेटरी पॉलिसी की सख्ती में नरमी की जरूरत है। सीआईआई के अनुसार, आंकड़े बताते हैं कि घरेलू मांग में सुधार का रुख है। हालांकि, वैश्विक सुस्ती का असर भारत की वृद्धि संभावनाओं पर भी पड़ सकता है।

# किराएदार ने दे तो नहीं दिया है फर्जी आधार कार्ड! इस तरह घर बैठे करें इसे वेरिफाई

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। आधार कार्ड आजकल के समय में सबसे जरूरी डॉक्यूमेंट बन चुका है। आधार कार्ड को आजकल हर जगह आईडी के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। बच्चों के स्कूल में एडमिशन करवाने से लेकर यात्रा करने तक, बैंक में खाता खोलने से लेकर प्रॉपर्टी खरीदने तक हर काम के लिए आधार कार्ड की आवश्यकता पड़ती है। ऐसे में 12 अंक का यह यूनिक नंबर आपके लिए बहुत आवश्यक है। आजकल अगर आप किसी भी जगह रेट पर कोई प्रॉपर्टी लेने जाते हैं तो सबसे पहले मकान मालिक आपसे आधार कार्ड की मांग करता है। आमतौर पर लोगों को लगता है कि हर 12 अंक आधार कार्ड है, लेकिन ऐसा नहीं है। कई बार ऐसे मामले सामने आते हैं जब लोग आधार नंबर के बजाय नकली 12 डिजिट का नंबर मकान मालिक को दे देते हैं। ऐसे में अगर आप भी मकान मालिक हैं और अपने किराएदार के आधार कार्ड की प्रमाणिकता की जांच करना चाहते हैं तो ऐसा कर सकते हैं।अगर आप अपने मकान या दुकान को किसी व्यक्ति को किराए पर देने से पहले उसके आधार कार्ड का वेरिफिकेशन करना बहुत जरूरी है। वरना बाद में आप किसी मुसीबत में भी पड़ सकते हैं। आधार जारी करने वाली संस्था यूआईडीएआई अपने नागरिकों को आधार कार्ड का डेटा चेक करने की सुविधा देती है। आप इसे ऑनलाइन प्रोसेस से चेक कर सकते हैं। आइए जानते हैं इस प्रोसेस के बारे में जानते हैं। आपको बता दें कि 12 अंक के आधार के वेरिफिकेशन का प्रोसेस बहुत आसान है। आधार के वेरिफेकेशन के लिए आप यूआईडीएआई लिंक resident ।uidai ।gov ।in/verify पर सबसे पहले क्लिक करें। इसके बाद आप इस लिंक को ओपन करें और इसमें आधार नंबर दर्ज करने की जगह पर 12 अंक का आधार दर्ज करें। इसके बाद दिए गए कैप्चा कोड को दर्ज करें। अगर आपका आधार नंबर सही होगा तो इसकी जानकारी स्क्रीन पर दिखने लगेगी।

# अमेरिकी विनिमय दरों की वृद्धि में कमी से आएगी रुपये में स्थिरिता, बोले नोबल विजेता

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। नोबल पुरस्कार विजेता अर्थशास्त्री डगलस डब्ल्यू डायमंड ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपये की स्थिरता विनिमय दरों पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा, रुपये में लगातार आ रही गिरावट तब स्थिर होगी, जब अमेरिकी डॉलर की विनिमय दरों की वृद्धि की रफ्तार में कमी आएगी। न्यूज एजेंसी पीटीआई को दिए साक्षात्कार में उन्होंने कहा, जब अमेरिका विनिमय दरों को अप्रत्याशित रूप से बढ़ाता है तब डॉलर मजबूत होता है। उन्होंने कहा, अमेरिका और भारत में जब



ब्याज दर लगभग एक समान स्तर पर आएंगी, तो चीजें सामान्य होने लगेंगी। बता दें, शिकॉगो विश्वविद्यालय के बूथ स्कूल ऑफ बिजनेस में प्रोफेसर डगलस डब्ल्यू डायमंड को अमेरिका के केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के पूर्व चेयरमैन बेन बेर्नान्के और अमेरिकी अर्थशास्त्री फिलिप एच डिबविग के साथ संयुक्त रूप से नोबेल पुरस्कार मिला है। नोबल विजेता ने कहा, विनिमय दरों का सटीक अनुमान लगाना कठिन है। जब अमेरिका दरों में अप्रत्याशित तरीके से वृद्धि करता है, तो डॉलर में मजबूती आती है। जब अमेरिका में दरों में वृद्धि की गति घटेगी, तब रुपये में स्थिरता आएगी। बता दें, शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया 16 पैसे चढ़कर 81.54 पर प्रति डॉलर पर था। डायमंड ने कहा कि जब बैंकों के पास पूंजी होती है तो निगरानी प्रणाली तब बेहतर तरीके से काम करती है। उन्होंने कहा, जमाकर्ताओं को अच्छा रिटर्न मिले इसके लिए बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा जरूरी है। बता दें, नोबेल पुरस्कार विजेता डायमंड ने आरबीआई के पूर्व गवर्नर रघुराम जी राजन के साथ 2001 में 'थ्योरी ऑफ बैंकिंग' पर काम किया था।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य- | वृश्चिक | में | वृश्चिक. 05-38 | बजे |
| चंद्र- | मकर | में | धनु--- 07-53 | बजे |
| मंगल | वृष | में | मकर- 09-58 | बजे |
| बुध- | वृश्चिक | में | कुंभ - 11-59 | बजे |
| गुरु- | मीन | में | मीन... 13-27 | बजे |
| शुक्र- | वृश्चिक | में | मेष-- 15-03 | बजे |
| शनि- | मकर | में | वृष-- 16-48 | बजे |
| राहु- | मेष | में | मिथुन.. 18-49 | बजे |
| केतु- | तुला | में | कर्क... 21-00 | बजे |
| | | | सिंह... 23-13 | बजे |
| | | | कन्या.. 01-23 | बजे |
| | | | तुला 03-29 | बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- पूर्व -कांच मे मुंह देखकर घर से निकले
तिथि- पंचमी - **13 -35** तक उपरान्त षष्ठी
मास - मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष , सोमवार **Nov 28**
नक्षत्र -उत्तराषाढा - **10 - 28** - तक उपरान्त श्रवण
योग - वृध्दि - **18 - 04** - तक उप- धुव्र
करण- बालव **-13 - 35** - तक उप- कौलव
विशेष:-
व्रत -त्योहार - श्रीराम जानकी विवाहोत्सव

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 07:53 से 09:17 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत. | 06:29 - 07:53 | शुभ | चंचल. | 17:39 - 19:15 | शुभ |
| काल. | 07:53 - 09:17 | अशुभ | रोग. | 19:15 - 20:51 | अशुभ |
| शुभ. | 09:17 - 10:40 | शुभ | काल. | 20:51 - 22:28 | अशुभ |
| रोग. | 10:40 - 12:04 | अशुभ | लाभ | 22:28 - 00:04 | शुभ |
| उत्पात | 12:04 - 13:28 | अशुभ | उत्पात | 00:04 - 01:41 | अशुभ |
| चंचल | 13:28 - 14:51 | शुभ | शुभ | 01:41 - 03:17 | शुभ |
| लाभ | 14:51 - 16:15 | शुभ | अमृत | 03:17 - 04:54 | शुभ |
| अमृत | 16:15 - 17:36 | शुभ | चंचल | 04:54 - 06:31 | शुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ) आज का दिन मिश्रित फलों वाला है। आपका प्रभाव बढ़ेगा तथा आज्ञापालन भी बढ़ेगा। मित्र बहुत सहयोग करेंगे, तो शासन पर बैठे लोग भी आपको सहयोग करेंगे। निजी रिश्तों में दिन थोड़ा कठिन है और थोड़े से संदेह की परिस्थितियों से गुजरेंगे। कारोबार तो ठीक चलेगा, परन्तु आर्थिक लाभ के बारे में आप निश्चय नहीं कर पायेंगे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) काम-काज बहुत अधिक रहेगा, जिससे कि व्यस्तता बढ़ जायेगी। अकेले तो आप इतना सब नहीं संभालेंगे, परन्तु समूह में कार्य करने में सफलता मिल जायेगी। एक तरफ बहुत अधिक व्यय हो रहा होगा तो दूसरी तरफ प्रत्यक्ष आय बढ़ेगी। जीवन साथी को थोड़ा बहुत कोई मानसिक कष्ट हो सकता है।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) आज का दिन बहुत विशेष है, जब आप कई नये लोगों से मिलेंगे और एक महत्वपूर्ण व्यक्ति से कार्य या व्यवसाय संबंधित वार्ता होगी। अगर नौकरी करते हैं, तो भी आपकी पूछ बढ़ेगी। बहुत चाहने पर भी एकांत नहीं मिलेगा। आपके काम-काज पर लोगों की नजर है।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) आज प्रातः से ही मन में बहुत उत्साह रहेगा और चारों तरफ परेशानियों के बाद भी अपना काम-काज पूरी ऊर्जा के साथ करेंगे।घरेलू आवश्यकताओं की वस्तुओं पर खर्चा होगा। संतान के लिए आज का दिन बहुत ही अच्छा है क्योंकि उनकी आवश्यकता की वस्तुओं की खरीद हो सकती है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) आज प्रातः से ही दिनभर की काम-काज की योजना में जुट जायेंगे।किसी महत्वपूर्ण कार्य को करने में कोई बड़ी अड़चन चल रही है,साधारण बातचीत से ही सुलझ जायेगी और दोपहर बाद से काम-काज की गति तेज हो जायेगी।घरेलू कलह को जितना टाल सकते हैं टाल दें। संतान की तरफ से समस्यायें चलती ही रहेंगी।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) अपनी भावी योजनाओं को लेकर मन में बहुत अनिश्चय रहेगा। जितना अधिक सोचेंगे, उतना ही अधिक उलझते जायेंगे। आजीविका क्षेत्रों में कोई समस्या नहीं रहेगी। आर्थिक दृष्टि से लाभ हो या नहीं हो, भुगतान संबंधी दिक्कतें नहीं रहेंगी। कई कामों में से किसी एक में खास समस्या रहेगी।

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते) आज आर्थिक लाभ का दिन है और सोचे हुए काम समय पर बन जायेंगे। आज भाग्य भी आपका साथ देगा और अनुपात से अधिक सफलता मिलेगी। कई लोग आपको सहयोग करेंगे। संतान की तरफ से सामान्य-सी चिंता रहेगी। संतान को सफलता के लिए अधिक मेहनत करनी होगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) अत्यधिक मानसिक दबाव रहेगा और घटनाक्रम को नियंत्रित करना बहुत मुश्किल हो जायेगा।हौसले की कमी नहीं है, परन्तु कार्यभार बहुत ही अधिक होगा।संतान के लिए शुभ समय है और आपका उनसे निकट संपर्क रहेगा।पिता और भाई-बहिनों के लिए समय अच्छा है।जीवनसाथी को क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) समय बहुत शानदार चल रहा है और भारी मानसिक परेशानियों के बीच भी उत्साह बढ़ाने वाली कोई बात आ सकती है। आपको कोई महत्वपूर्ण बड़ा फैसला लेना है, जिसे आज ले ही ड़ालिये।आज भाग्य आपका साथ देगा और सोचे हुए काम ढंग से ही हो जायेंगे। संतान आज्ञाकारी रहेगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) आपकी राशि के लिए ग्रह स्थिति अच्छी है, यद्यपि आपका जीवन-संघर्ष बढ़ रहा है। आप दूसरे शहर की यात्रा को टाल दीजिये क्योंकि खर्च के सिवा और कुछ हाथ नहीं लगेगा। व्यावसायिक मामलों में आप टेण्डर या प्रतियोगिता में विजयी रहेंगे। आज आशा से अधिक आय होगी, परन्तु खर्चे पहले से तय हैं।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) आज का दिन प्रेम-संबंधों के विकास के लिए बहुत शानदार है। व्यवसाय में समस्यायें बनी रहेंगी और अच्छी कार्य-क्षमता के बाद कोई न कोई अड़चन बनी रहेगी। आज अकारण ही अचानक लोगों पर क्रोध आयेगा। दिन भाग्यशाली होने के बाद भी काम में एक अड़चन-सी बनी हुई है।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) आज मन में थकान-सी महसूस करेंगे। कई दिनों से कार्य-प्रणाली अस्त-व्यस्त होगी और लोग मनचाहे ढंग से काम करके नहीं दे रहे। जीवनसाथी के लिए या आपके किसी अत्यंत प्रिय व्यक्ति के लिए यह असाधारण समय है,जिसमें उनकी उन्नति या आय-वृद्धि सामने आयेगी।आज ऋणों के पुनर्भुगतान में रूचि लेंगे।

**पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693**

# हिंद महासागर में पकड़ मजबूत करने की फिराक में चीन!

## भारत की गैरमौजूदगी में 19 देशों के साथ की बैठक

बीजिंग, 27 नवंबर (एजेंसियां)। चीन ने इस हफ्ते की शुरुआत में भारत को छोड़कर दक्षिण एशिया के सभी देशों सहित हिंद महासागर क्षेत्र के 19 देशों के साथ बैठक की। सूत्रों का कहना है कि इस बैठक में भारत को आमंत्रित नहीं किया गया था। यह बैठक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र और प्रमुख समुद्री व्यापार मार्ग में बीजिंग के बढ़ते प्रभाव का ताजा संकेत है। चीन के विदेश मंत्रालय से जुड़े संगठन चीन अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी के बयान में कहा गया कि 21 नवंबर को विकास सहयोग पर हिंद महासागर क्षेत्रीय मंच की बैठक में 19 देशों ने हिस्सा लिया।

**भारत को नहीं किया गया आमंत्रित**

इंडोनेशिया, पाकिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका, बांग्लादेश, मालदीव, नेपाल, अफगानिस्तान, ईरान, ओमान, दक्षिण अफ्रीका, केन्या, मोजाम्बिक, तंजानिया, सेशेल्स, मेडागास्कर, मॉरीशस, जिबूती और ऑस्ट्रेलिया सहित 19 देशों और तीन अंतरराष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में हिस्सा लिया। यह बैठक यून्नान प्रांत के कुनमिंग में साझा विकास समुद्री अर्थव्यवस्था के सिद्धांत पर आधारित हाइब्रिड यानी प्रत्यक्ष-ऑनलाइन तरीके से आयोजित की गई।

मंच का आयोजन चीन अंतर्राष्ट्रीय विकास सहयोग एजेंसी (सीआईडीसीए) द्वारा किया गया था। यह एक सरकारी एजेंसी है, जिसकी अध्यक्षता पूर्व उप विदेश मंत्री और भारत में चीनी राजदूत रह चुके लुओ झाओहुई ने की। संगठन की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, झाओहुई सीआईडीसीए नेतृत्व समूह के सचिव हैं। बता दें कि पिछले साल भी चीन ने भारत की भागीदारी के बिना कोविड-19 टीका सहयोग पर कुछ दक्षिण एशियाई देशों के साथ बैठक की थी।

**चीन का हिंद महासागर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने की कोशिश**

विशाल समुद्री क्षेत्र में अपने प्रभाव क्षेत्र को व्यापक बनाने के लिए इस मंच का सहारा लेते हुए चीन ने हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के साथ समुद्री आपदा निवारण और शमन सहयोग तंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखा। बैठक के अंत में जारी सीआईडीसीए के एक बयान में कहा गया है कि चीन जरूरतमंद देशों को आवश्यक वित्तीय, सामग्री और तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए तैयार है। बयान में कहा गया है कि चीन ने यून्नान प्रांत के समर्थन से चीन और हिंद महासागर क्षेत्र के देशों के लिए एक ब्लू इकोनॉमी थिंक टैंक नेटवर्क की स्थापना का भी प्रस्ताव रखा। चीन पाकिस्तान और श्रीलंका सहित कई देशों में बंदरगाहों और बुनियादी ढांचे में निवेश के साथ रणनीतिक हिंद महासागर क्षेत्र में प्रभाव बढ़ाने का प्रयास कर रहा है। चीन का उद्देश्य साफ तौर पर हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के मजबूत प्रभाव का मुकाबला करने का है, जहां हिंद महासागर रिम एसोसिएशन जैसे भारत समर्थित संगठन ने मजबूत जड़ें जमा ली हैं जिसके 23 देश सदस्य हैं।




**संगठन का उद्देश्य विदेशी सहायता के लिए सलाह देना**

सीआईडीसीए की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा गया है कि संगठन का उद्देश्य विदेशी सहायता के लिए राजनीतिक दिशा-निर्देश, योजना और नीतियां बनाना, प्रमुख विदेशी सहायता मुद्दों पर समन्वय करना और सलाह देना, विदेशी सहायता से जुड़े मामलों में देश के सुधारों को आगे बढ़ाना तथा प्रमुख कार्यक्रमों को चिह्नित करना और उनके काम करने के तरीके का मूल्यांकन करना है।

इस साल जनवरी में श्रीलंका के अपने दौरे के दौरान चीनी विदेश मंत्री वांग यी ने हिंद महासागर के द्वीपीय देशों के विकास पर एक मंच स्थापित करने का प्रस्ताव रखा था। यह पूछे जाने पर कि क्या सीआईडीसीए की बैठक वही है जो वांग ने प्रस्तावित की थी तो, चीनी विदेश मंत्रालय ने मीडिया को स्पष्ट किया है कि 21 नवंबर की बैठक उसका हिस्सा नहीं थी।

**पाक की नई चाल : सीपीईसी में तुर्किये को भी शामिल होने का दिया आमंत्रण**

पाकिस्तान ने अब एक नई चाल चली है। अपने कब्जे वाले कश्मीर में परियोजनाओं के लिए पाकिस्तान ने भारत के लगातार विरोध के बीच तुर्किये को चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है।

पीएम शहबाज शरीफ ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब अर्दोआन के साथ उनके अंकारा दौरे के दौरान एक साझा प्रेसवार्ता में यह प्रस्ताव रखा। डॉन अखबार ने शरीफ के हवाले से कहा कि मैं सुझाव दूंगा कि इस परियोजना को चीन, पाक और तुर्किये के बीच सहयोग होने दें जो एक अद्भुत संयुक्त सहयोग होगा। इसके जरिए हम मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकते हैं। शरीफ ने कहा कि यदि तुर्किये सीपीईसी में शामिल होने के लिए आगे बढ़ता है तो उसे चीनी नेतृत्व के साथ इस मामले पर चर्चा करने में खुशी होगी। यह बात चीन और पाकिस्तान के संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता के मुद्दों पर भारत के विरोध के बावजूद अफगानिस्तान में सीपीईसी के विस्तार की योजना के साथ आगे बढ़ने के कुछ हफ्ते बाद आई है।

### चीन की बैठक में इन 19 देशों ने लिया हिस्सा




# इटली के इस्चिया आईलैंड में भूस्खलन के लोग बोले

## भारी बारिश के बीच तेज गर्जन सुनाई दी और सब तबाह हो गया



रोम, 27 नवंबर (एजेंसियां)। इटली के इस्चिया आईलैंड में भारी बारिश के बाद भूस्खलन हो गया। इस घटना में एक महिला की मौत हो गई। 10 से ज्यादा लोग लापता बताए जा रहे हैं। कंपानिया इलाके में रहने वाली लिसा मोकियारो ने बताया कि लैंडस्लाइड के बाद घर, सड़कों सब तबाह हो गया। उन्होंने कहा- रात करीब 3 बजे तेज गर्जन सुनाई दी। इसके बाद पहली लैंडस्लाइड हुई। 5 बजे के आस-पास दूसरा भूस्खलन हुआ। आस-पास का मंजर बहुत ही खतरनाक था। इंटिरियर मिनिस्टर माटेओ पियानटेडोसी ने कहा कि लोगों को सुरक्षित जगहों पर पहुंचाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यहां के हालात काफई नाजुक बने हुए हैं। मलबे में कई लोग दबे हुए हैं। हमें एक महिला का शव मिला है। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है। ये एक हॉलिडे डेस्टिनेशन है। हमें लगता है कि लैंडस्लाइड से कई विदेशी पर्यटक घायल हुए हैं।

# दक्षिण कोरिया में हेलीकॉप्टर हो गया दुर्घटनाग्रस्त, पांच लोगों की मौत



सोल, 27 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया के यांगयांग में रविवार को एक हेलीकरॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से पांच लोगों की मौत हो गई। यह हेलीकॉप्टर यांगयांग में बौद्ध मंदिर के पास दुर्घटनाग्रस्त हुआ। इसमें सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। योनहाप न्यूज एजेंसी ने बताया कि पीड़ितों की पहचान चल रही है। अधिकारियों को शुरू में केवल दो लोगों के मरने की खबर थी । बाद में पांच लोगों के मरने की पुष्टि की गई।आरंभ में अधिकारियों ने 71 वर्षीय पायलट और 54 वर्षीय मैकेनिक के ही मरने की पुष्टि की थी। अधिकारियों ने कहा कि यांगयांग, सोक्चो और गोसियोंग की स्थानीय सरकारों द्वारा लीज पर लिया गया एक एस-58टी हेलीकॉप्टर जंगल की आग का सर्वेक्षण करने के दौरान सुबह करीब 10:50 बजे एक पहाड़ी पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि अमेरिकी हेलीकॉप्टर निर्माता सिकोरस्की द्वारा बनाया गया हेलीकॉप्टर टुकड़ों में टूट गया और आग की लपटों में फट गया, लेकिन आग फैलने की संभावना नहीं है, क्योंकि इसे ज्यादातर बुझा दिया गया। एक अग्निशमन अधिकारी ने कहा, ₹हम देख सकते हैं कि दो यात्रियों की हेलीकॉप्टर के अंदर ही मौत हो गई, लेकिन उन तक पहुंचना मुश्किल था। क्योंकि तब आग बुझाई जा रही है थी अतिरिक्त विस्फोट होने की आशंका बनी थी। अग्निशमन अधिकारियों ने घटनास्थल पर एक हेलिकॉप्टर 28 उपकरण और 114 कर्मियों को तैनात किया है, जिनमें पहले उत्तरदाता भी शामिल हैं। राहत और बचाव कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है। अब तक पांच लोगों के मरने की जानकारी दी गई है।

# शिनजियांग-बीजिंग होते हुए शंघाई तक पहुंचा सरकार विरोधी प्रदर्शन, कोरोना लॉकडाउन से देशभर में बिफरे लोग

बीजिंग, 27 नवंबर (एजेंसियां)। चीन में कोरोना खतरनाक होता जा रहा है। यहां आए दिन नए संक्रमण के मामले बढ़ रहे हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर से जीरो कोविड पॉलिसी लागू कर दी है और कई शहरों के लाखों लोगों को उनके घरों में कैद कर दिया गया है। इस बीच सरकार की सख्त नीति से परेशान लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। जानकारी के मुताबिक, चीन के शंघाई में शनिवार को कई प्रदर्शनकारी सड़क पर उतर आए और जीरो कोविड पॉलिसी वापस लेने की मांग की। दरअसल, इस प्रदर्शन की शुरुआत चीन के उरुमकी शहर में एक इमारत में आग लगने के बाद हुई, जिसमें 10 लोगों की जलकर मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स का कहना है कि यहां जीरो कोविड पॉलिसी लागू होने के कारण राहत कार्य में देरी हुई, जिससे इतना बड़ा हादसा हो गया।

**प्रदर्शन के कई वीडियो आए सामने**

चीन में सरकार की सख्त नीति का विरोध कर रहे प्रदर्शनकारियों के कई वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो के मुताबिक उरुमकी शहर की सड़कों पर कई लोग दिखाई दे रहे हैं और ये लोग चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व वाली कम्युनिस्ट पार्टी का विरोध कर रहे हैं। इसके अलावा लोग कह रहे हैं कि उन्हें पीसीआर टेस्ट नहीं चाहिए, उन्हें आजादी चाहिए। वे झिनजियांग शहर में लॉकडाउन वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

**2019 के बाद सबसे अधिक मामले**

24 नवंबर को चीन में 31,444 नए मामले दर्ज किए गए थे। वहीं दूसरे दिन 32,943 तो तीसरे दिन यानी शुक्रवार को 35,909 मामले सामने आए। चीन के वुहान शहर में 2019 में सामने आए संक्रमण के पहले मामले के बाद देश में सामने आए ये सबसे अधिक दैनिक मामले हैं। देश में संक्रमण के दैनिक मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

**कई इलाकों में आवाजाही पर लगी रोक**

अमेरिका और अन्य देशों की तुलना में चीन में संक्रमण से मौत के कम मामले सामने आए हैं, लेकिन फिर भी देश की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी ने वायरस को लेकर कोई भी कोताही न बरतने की नीति अपना रखी है, जिसके तहत मामलों की संख्या देखते हुए इलाकों में लोगों की आवाजाही पर रोक लगाई जाती है।

**चीन के चाओयांग में 35 लाख लोग घर में कैद**

स्वास्थ्य अधिकारियों की अपील के बाद 35 लाख लोग घर में कैद हो गए हैं। लोगों को घर पर ही सारी सुविधाएं पहुंचाई जा रही हैं। कई जगह कैंप लगाकर जांच बढ़ा दी गई है। बीजिंग में इस सप्ताह एक प्रदर्शनी केंद्र में अस्थायी अस्पताल बनाया गया और बीजिंग इंटरनेशनल स्ट्डीज यूनिवर्सिटी में भी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया।

# सोमालिया के मोगादिशु में मिलिट्री की एयर स्ट्राइक

## अल-शबाब के 100 आतंकी ढेर, इस संगठन ने 4 महीने में 3 बड़े हमले किए

मोगादिशु, 27 नवंबर (एजेंसियां)। सोमालिया की सेना ने सेंट्रल शबेले क्षेत्र में एयर स्ट्राइक करके आतंकी संगठन अल-शबाब के 100 आतंकी को मार गिराया। इनमें 12 कमांडर थे। अल-शबाब का मकसद 2017 में बनी सोमालिया सरकार को जड़ से उखाड़ना है। ये संगठन पिछले 4 महीने में 3 बड़े हमलों को अंजाम दे चुका है। सोमालिया के डिप्टी इंफॉरमेशन मिनिस्टर अब्दिरहमान यूसुफ अल-अदाला ने कहा- हमारी आर्मी और इंटेलिजेंस डिपार्टमेंट लोगों की सुरक्षा के लिए हर कदम उठा रही है। शबेले क्षेत्र में एक मिलिट्री ऑपरेशन चलाया गया। इसमें अल-शबाब के 12 कमांडर समेत 100 आतंकी मारे गए हैं।

**सेना पर हमले की तैयारी में थे आतंकी**

मिनिस्टर अल-अदाला ने कहा- हमें खबर मिली थी कि ये आतंकी सरकारी अधिकारियों और सेना पर बड़ा हमला करने वाले हैं। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई थी। इस हमले को रोकने के लिए हमने एयर स्ट्राइक की। शबेले के पास महास जिले के कमिशनर मुमिन मोहम्मद हलाने ने कहा- मैंने 16 आतंकियों के शव देखे। इनके पास से सेना को कई हथियार बरामद हुए हैं।

**4 महीने पहले गई थी 19 लोगों की जान**

जुलाई में लोअर शबेले क्षेत्र में अलग-अलग बम हमलों में 19 लोग मारे गए थे। 23 लोग घायल हो गए थे। पहला धमाका मार्का शहर के एडमिनिस्ट्रेटिव हेडक्वार्टर के ठीक बाहर हुआ। मेयर अब्दुल्लाही अली वाफो टारगेट थे। दूसरा धमाका अफगोय शहर के एक स्थानीय बाजार में हुआ था।




**हयात होटल में घुसकर फायरिंग की थी**

आतंकियों ने हयात होटल में घुसकर फायरिंग की थी, जिसमें 8 लोगों की मौत हो गई और 9 घायल हुए थे। पहले हयात होटल के बाहर खड़ी 2 कारों में ब्लास्ट हुए। इसके बाद आतंकी होटल में घुसे और लोगों के बीच फायरिंग शुरू कर दी थी।

**किसमायो होटल पर हमला**

किसमायो शहर में रविवार देर रात आतंकियों ने किसमायो होटल पर हमला कर दिया था। हमले में 9 लोगों की मौत हो गई। 47 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने बताया था कि पहले एक धमाका हुआ और फिर फायरिंग शुरू हो गई। जिस होटल में धमाका हुआ वो एक स्कूल के पास था। हमले में कुछ स्टूडेंट्स भी मारे गए थे।

**क्या है अल-शबाब**

मोगादिशू शहर यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स के कब्जे में था, जो कि शरिया अदालतों का एक संगठन था। इसका मुखिया शरीफ शेख अहमद था। 2006 में इथियोपिया की सेना ने इस संगठन को हरा दिया और अल-शबाब का जन्म हुआ। अल-शबाब यूनियन ऑफ इस्लामिक कोर्ट्स की ही एक कट्टरपंथी शाखा है।

## 'दुनिया की सबसे मजबूत परमाणु शक्ति बनना हमारा अंतिम लक्ष्य'

# तानाशाह किम जोंग उन ने दी धमकी

प्योंगयांग, 27 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने विश्व के तमाम देशों को संदेश देते हुए कहा है कि आने वाले दिनों में दुनिया की सबसे ताकतवर परमाणु शक्ति बनना उत्तर कोरिया का अंतिम लक्ष्य है। उन्होंने इसके लिए दर्जनों सैन्य अधिकारियों को प्रोत्साहित भी किया है। किम द्वारा यह घोषणा देश की नई ह्वासोंग-17 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल (आईसीबीएम) के परीक्षण का निरीक्षण करने और 18 नवंबर को परमाणु हथियारों के साथ अमेरिकी परमाणु खतरों का मुकाबला करने का संकल्प लेने के बाद आई है। किम ने कहा कि परमाणु बल का निर्माण राज्य और लोगों की गरिमा और संप्रभुता की मजबूती से रक्षा करने के लिए है, और इसका अंतिम लक्ष्य दुनिया की सबसे शक्तिशाली सामरिक शक्ति बनना है। किम जोंग ने ह्वासोंग-17 को दुनिया का सबसे मजबूत सामरिक हथियार कहा और कहा कि यह उत्तर कोरिया के संकल्प और अंततः दुनिया की सबसे मजबूत सेना बनाने की क्षमता का प्रदर्शन करता है।

**हमारे वैज्ञानिकों ने अद्भुत छलांग लगाई: किम जोंग उन**

किम ने कहा कि उत्तर कोरिया के वैज्ञानिकों ने बैलिस्टिक मिसाइलों पर परमाणु हथियार लगाने की तकनीक के विकास में एक अद्भुत छलांग लगाई है। परीक्षण में शामिल वैज्ञानिकों, इंजीनियरों, सैन्य अधिकारियों और अन्य लोगों के साथ फोटो खिंचवाते हुए किम ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि वे असाधारण रूप से तेज गति से देश के परमाणु निवारक का विस्तार और मजबूत करना जारी रखेंगे। उन कार्यकर्ताओं ने सत्तारूढ़ दल के प्रति निष्ठा और विश्वास की शपथ ली, पार्टी और किम के पूर्ण अधिकार की रक्षा करने की कसम खाई और यह प्रण लिया कि हमारी मिसाइलें केवल उनके द्वारा बताए गए दिशा में सख्ती से उड़ेंगी।



**ह्वासोंग-17 ने 1000 किलोमीटर की उड़ान भरी, अमेरिका भी जद में**

केसीएनए ने कहा कि ह्वासोंग-17 आईसीबीएम के प्रक्षेपण की पुष्टि उत्तर ने की थी। यह सर्वोच्च प्राथमिकता वाली रक्षा तैयारी की रणनीति का हिस्सा था। उत्तर कोरिया का कहना है कि इसका मकसद सबसे शक्तिशाली और पूर्ण परमाणु प्रतिरोध तैयार करना है। एजेंसी ने दावा किया कि यह मिसाइल दुनिया में सबसे मजबूत सामरिक हथियार है। मिसाइल ने करीब 69 मिनट में करीब 1,000 किलोमीटर की उड़ान भरी और 6,041 किलोमीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची।इसे इसके आकार के कारण 'राक्षस मिसाइल' कहा जाता है। जेरूसलम पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार यह मिसाइल कई हथियार ले जाने में सक्षम है। यह करीब 15,000 किलोमीटर तक मार कर सकती है। इसकी जद में अमेरिका भी आता है।

**अमेरिका पर शत्रुतापूर्ण नीति अपनाने का आरोप**

केसीएनए की रिपोर्ट के अनुसार अपनी बेटी और पत्नी के साथ मिसाइल परीक्षण स्थल पर पहुंचे उत्तर कोरिया के प्रमुख किम जोंग ने कहा कि अमेरिका और उसके सहयोगियों की शत्रुतापूर्ण नीति को देखते हुए वे अपने देश की सुरक्षा के लिए परमाणु प्रतिरोध मजबूत करने को मजबूर हुए हैं। इस मौके पर किम ने एलान किया कि यदि दुश्मन धमकी देना जारी रखते हैं, तो हमारी पार्टी और सरकार परमाणु हथियारों का जवाब उसी अंदाज में देगी। उधर, दक्षिण कोरिया की समाचार एजेंसी योनहाप ने कहा है उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण में ह्वासोंग-17 आईसीबीएम शामिल थी। यह अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल 3 नवंबर को किए गए परीक्षण में विफल हो गई थी।

# भारत जोड़ो यात्रा में पहली बार जय-वीरू साथ-साथ

## मध्यप्रदेश में राहुल के साथ-साथ चले, अम्बेडकर की जन्मस्थली पर छत्तीसगढ़ की मिट्‌टी-पानी से पौधा रोपा



रायपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा में शनिवार को पहली बार छत्तीसगढ़ की राजनीति के जय-वीरू यानी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की जोड़ी साथ-साथ नजर आई। दोनों दिग्गज नेता खरगोन जिले के उमरिया चौकी से इंदौर के बलवाड़ा तक राहुल गांधी के साथ-साथ चले। देर शाम महू में डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जन्म स्थली पर छत्तीसगढ़ से ले जाए गए मिट्‌टी-पानी से पौधा रोपण किया गया।

छत्तीसगढ़ से गये अतिथि पदयात्रियों के लिए शनिवार-रविवार का समय तय हुआ था। इसके लिए कांग्रेस नेताओं का जत्थे अलग-अलग समय पर शुक्रवार को ही मध्य प्रदेश पहुंच गये थे। वहां अधिकांश नेता खंडवा के ओंकारेश्वर पहुंचे। वहां पूजा-अर्चना के बाद सभी आसपास के होटलों में ठहरे। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा सुबह करीब 6 बजे खंडवा जिले के मोरटक्का से शुरू हुई।

इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम सहित प्रदेश कांग्रेस के तमाम नेता राहुल गांधी के साथ थोड़ी-थोड़ी देर तक चलते रहे। पदयात्रा में टी ब्रेक तक प्रियंका गांधी और उनके पति राबर्ट वाड्रा भी साथ चलते रहे। बाद में प्रियंका इंदौर होते हुए दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

पदयात्री खरगोन के बड़वाह होते हुए खरगोन जिले के मनिहार पहुंच गये। यहां मॉर्निंग ब्रेक हुआ। करीब साढ़े 3 बजे यात्रा उमरिया चौकी से शुरू होकर बलवाड़ा के लिए निकली। यहां पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी पदयात्रा में शामिल हो गए। शाम को पदयात्री बलवाड़ा के मायापुर धाम मंदिर पहुंची जहां इवनिंग ब्रेक हुआ। बाद में राहुल गांधी के साथ सभी वरिष्ठ नेता महू के लिए रवाना हुए।

**महू में अम्बेडकर स्मारक पर नमन, जनसभा**

महू पहुंचकर राहुल गांधी और कांग्रेस नेताओं ने अम्बेडकर स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इससे बाद सभा को संबोधित किया। उनके साथ मंच पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, मुख्यमत्री भूपेश बघेल, मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश आदि मौजूद थे। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा, आरएसएस और बीजेपी के लोग संविधान को खत्म करना चाहते है। हमने संविधान को बचाने का बीड़ा उठाया है। हम एक जुट होकर देश की एकता और संविधान को बचाएंगे।

**महू से इंदौर होकर गुजरात गए मुख्यमंत्री भूपेश**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल महू की जनसभा के बाद इंदौर होकर गुजरात के भावनगर रवाना हो गए। वे रात को भावनगर में रुकेंगे। रविवार को दोपहर वे पालिताणा में वे एक जनसभा को संबोधित करने वाले हैं। उसके बाद वे महुवा और तालजा विधानसभा क्षेत्र में आयोजित जनसभाओं में कांग्रेस उम्मीदवार को प्रचार करने जाएंगे। देर शाम भावनगर में भी एक जनसभा होनी है। देर रात वे भावनगर से रायपुर के लिए उड़ान भरेंगे।

## छत्तीसगढ़ में ठंड का नया रिकॉर्ड

रायपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ में इस साल ठंड नया रिकॉर्ड बना सकती है। इसके लक्षण नवम्बर बीतते-बीतते दिखने लगा है। राजधानी रायपुर में रविवार को न्यूनतम तापमान 13 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया है। यह सामान्य से तीन डिग्री सेल्सयस तक कम है। मौसम विभाग के पिछले 10 साल के रिकॉर्ड में नवम्बर महीने में इतना कम तापमान कभी दर्ज नहीं हुआ है। बताया जा रहा है, दिसम्बर के पहले सप्ताह से रात अधिक सर्द हो जाएगी।

रायपुर में नवम्बर के महीने में औसतन 15-16 डिग्री सेल्सियस सामान्य न्यूनतम तापमान होता है। अब से 139 साल पहले यानी साल 1883 में 22 नवम्बर को रायपुर में 8.3 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ था। यह इस शहर का सर्वकालिक रिकॉर्ड है।

पिछले 10 साल में सबसे अधिक ठंढी रात का रिकॉर्ड 13.3 डिग्री सेल्सियस का है। यह 18 नवम्बर 2012 को दर्ज हुआ था।

# स्कूल मैदान बना 'वॉर जोन'

## गोलियों-बम के साथ एनसीसी कैडेट की दुश्मनों से छापामार लड़ाई



राजनांदगांव, 27 नवंबर (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव स्थित स्टेट हाईस्कूल का मैदान रविवार को 'वॉर जोन' में बदल गया था। यहां गोलियां और बम बरसाए जा रहे थे। बचने के लिए कभी पेड़ों की आड़ ली जाती तो कभी जमीन पर लेट जाते। इस दौरान कुछ लोगों को बंदूक में लगे चाकुओं से भी मार दिया गया। छापामार इस लड़ाई में कुछ लोग घायल भी हुए, जिन्हें उनके साथी दुश्मनों से बचाकर निकाल लाए और आखिरी में जीत मिली। यह सब एनसीसी के कैडेट थे, जो दो देशों के बीच होने वाली लड़ाई का प्रदर्शन कर रहे थे।

दरअसल, 27वें एनसीसी दिवस समारोह पर कैडेट ने दुश्मनों से युद्ध की शानदार प्रस्तुति दी। जवानों की तरह यूनिफार्म पहने कैडेट उनकी तरह ही लड़ाई का प्रदर्शन कर रहे थे। कभी बचने का प्रयास करते तो कभी लेटकर गोलियां चलाते। इस दौरान तोप से भी गोले दागे गए और विस्फोट किया गया। भारत माता की जय और हर-हर महादेव के नारों के साथ जवान अपने दुश्मनों से टक्कर ले रहे थे। कुछ घंटे चली इस लड़ाई के बाद कई दुश्मन मारे गए तो कई ने हथियार डाल दिए।

इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि 38 छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल रोहित कुमार कौशिक, एनसीसी के अफसर, गणमान्य नागरिक सहित कई लोग मौजूद रहे।

इससे पहले ध्वजारोहण किया गया और कैडेट ने परेड कर सलामी दी। कमान अधिकारी ने परेड का निरीक्षण किया। वहीं एनसीसी शपथ ग्रहण हुआ तो राष्ट्रपति का संदेश पढ़कर भी सुनाया गया। इस दौरान हुई प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

# पीएमएलए कोर्ट ने सीएम सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका की खारिज

रांची, 27 नवंबर (एजेंसियां)। विशेष पीएमएलए कोर्ट रांची ने अवैध खनन मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के करीबी पंकज मिश्रा की जमानत याचिका शनिवार को खारिज कर दी। आरोपी पंकज मिश्रा झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विधायक प्रतिनिधि हैं, उन पर अवैध पत्थर खनन के कई मामले दर्ज हैं और इनको अवैध खनन मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी ने पंकज मिश्रा, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश के खिलाफ झारखंड की राजधानी रांची में एक विशेष अदालत के समक्ष धन शोधन निवारण अधिनियम , 2002 के तहत अभियोजन शिकायत दर्ज की है। प्रवर्तन निदेशालय ने 19 जुलाई को पंकज मिश्रा को गिरफ्तार किया था, बच्चू यादव और प्रेम प्रकाश को चार अगस्त और 25 अगस्त को गिरफ्तार किया था। इसके बाद ईडी ने इन लोगों के कई ठिकानों पर देशभर में छापेमारी की, जिसके परिणामस्वरूप 5.34 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई, 13.32 करोड़ रुपये की बैंक शेष राशि जब्त की गई और दो हाइवा ट्रक के अलावा दो एके 47 असॉल्ट राइफलों के साथ आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

# रेड के दौरान आरोपी के 80 वर्षीय पिता की मौत

## नाराज ग्रामीणों ने पुलिस वालों को बनाया बंधक

रांची, 27 नवंबर (एजेंसियां)। झारखंड के खूंटी जिले के तोरपा थाना क्षेत्र के रोड़ो इस्लामपुर गांव में देर रात रेड डालने आई पुलिस खुद मुश्किल में पड़ गई। दरअसल, पुलिस की टीम वांछित अपराधी कालू के आवास पर छापा मारने के लिए भारी दल-बल के साथ उसके घर पहुंची थी। पुलिस को देखते ही वहां अफरा-तफरी मच गई। कुछ लोगों ने भागने की कोशिश की लेकिन इस दौरान



आरोपी के 80 वर्षीय बुजुर्ग पिता की मौत हो गई। बुजुर्ग की मौत के बाद वहां भारी संख्या में ग्रामीण पहुंच गए और पुलिस को बंधक बना लिया। खूंटी के एसपी अमन कुमार ने कहा कि झारखंड के खूंटी में वांछित अपराधी कालू के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके परिवार के एक 80 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। मामला दर्ज कर लिया गया है। छापेमारी की कार्रवाई की मजिस्ट्रियल जांच होगी। प्रथमदृष्टया-वरिष्ठ नागरिक की मौत में पुलिस की संलिप्तता नहीं पाई गई है।

# बागेश्वरधाम में पेशी पर पेशी, फिर 'समाधान'

## शादी के लिए पीले तो भूत-प्रेत के लिए काले कपड़े में अर्जी

भोपाल, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले का गढ़ा गांव। दिन मंगलवार, 300 घरों वाले गांव में इतनी भीड़ कि पांच से छह किलोमीटर पैदल चलना पड़ता है, क्योंकि गाड़ियों की एंट्री बंद है। ये सभी लोग धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के बागेश्वर धाम में अपनी परेशानी दूर करने की अर्जी लगाने आए हैं। अर्जी लगाने का यह सिस्टम भी अनोखा है। यहां लाल, पीले और काले कपड़े में नारियल बांधकर अर्जी लगाना पड़ती है। अर्जी स्वीकार हो गई, तो 21 बार पेशी होगी। बागेश्वर धाम के प्रसिद्ध होने के बाद से गांव में लोगों की कमाई कई गुना बढ़ गई। खजुराहो के व्यापारी भी यहां दुकान लगाने आ रहे हैं। यहां यूपी से ऑटो वाले आते हैं, जिनकी कमाई 8 से 10 हजार होती है।

भिंड जिले के ददरौआ में हाल ही में आयोजित दिव्य दरबार में उमड़ी भीड़ में मची भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी। आखिर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के दरबार में इतनी भीड़ क्यों उमड़ती है? मंगलवार पेशी का दिन होने के कारण यहां हर तरफ लोगों की भीड़ ही नजर आ रही थी। मंदिर में जाने वाले और अर्जी लगाने वालों की कतार खत्म होने का नाम ही नहीं ले रही थी। भीड़ में शामिल हैदराबाद की युवती संगीता देर रात दो बजे लाइन में लगी, तब जाकर मंदिर में दर्शन हो पाए, लेकिन बागेश्वर धाम सरकार से मुलाकात नहीं हो पाई। मंगलवार को बागेश्वर धाम में खूब भीड़ होती है। इस दिन पेशी होती है। इसके लिए यहां दो लाख




से ज्यादा लोग आते हैं।

**कैसे लगती है अर्जी, क्या है पेशी?**

अर्जी और पेशी का मतलब दमोह निवासी सतपाल मुंडा समझाते हैं- मेरी नौंवी पेशी हो चुकी है। संन्यासी बाबा की कृपा से मेरी अर्जी लगी। यहां पहले फोन करना पड़ता है। इसके बाद नाम का टोकन डलता है। फिर एक छोटी बच्ची से टोकन निकलवाया जाता है। नाम निकलने पर फोन पर सूचना दी जाती है। इसके बाद दिव्य दरबार में धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलने का मौका मिलता है। वे मन की बात जानकर एक पर्चा बनाते हैं। इस पर्चे में समस्या का समाधान भी लिखते हैं। इस पर्चे के साथ लगातार 21 पेशी पर बागेश्वर धाम में मत्था टेकने आना पड़ता है। मंगलवार या शनिवार में से कोई एक दिन तय होता है। इस पर्चे वाले को हर पेशी पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलने का मौका मिलता है। हालांकि उन्होंने परेशानी बताने से मना कर दिया। बोले- ये बताने वाली बात नहीं है। गुरुजी ने मना कर रखा है।

**21 मंगलवार या शनिवार होती है पेशी**

ललितपुर के सौरभ सोनी कहते हैं- डेढ़ साल पहले जून में हटा (दमोह) में दिव्य दरबार लगा था। वहीं पर मेरी अर्जी स्वीकार हुई थी। उससे पहले मैं सात बार बागेश्वर धाम में अर्जी लगाने आ चुका था। मेरे मन में जो भी सवाल थे, समस्या थी, उन सभी को गुरुजी ने पर्चे पर लिख दिया था। लगातार 21 मंगलवार पेशी पर आना था। अब तक 19 पेशी हो चुकी है। हर पेशी में बागेश्वर सरकार धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अपने हाथों से पेशी की तारीख अंकित करते हैं। हर मंगलवार को बागेश्वर धाम में इस तरह भीड़ लगती है। यहां लोग पर्चा लेकर घंटों लाइन में खड़े रहते हैं। करीब 4 से 5 घंटे बाद पेशी के लिए नंबर आता है।

**श्रद्धा से हो रही कमाई**

घर के बाहर प्रसाद और फूल-मालाएं बेचकर लोग दिन भर में 1200 से 1500 रुपए रोज कमा रहे हैं। यहां दुकानों का किराया भी 3 हजार से 1.25 लाख रुपए प्रतिमाह हो चुका है। गांव के हर परिवार को घर बैठे रोजगार मिल गया है। आलम ये है कि कमाई के मामले में 21 किमी दूर विश्व प्रसिद्ध खजुराहो की चमक बागेश्वर धाम के आगे फीकी नजर आने लगी है। यहां लोग अपने खपरैल के घरों को तोड़कर पक्का बनवाने में जुटे हैं। एक मंजिला घर है, तो उसे दो मंजिला बनवा रहे हैं, जिससे ऊपर के कमरे होटल के तौर पर किराए से दे सकें। गांव में बस और ट्रेन के टिकट उपलब्ध कराने ट्रैवल्स की दुकानें खुल चुकी हैं। लोग खेती छोड़कर जमीनें किराए पर देने लगे हैं।

**डेस्टिनेशन पॉइंट बन गया गढ़ा गांव**

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की प्रसिद्धि के चलते तीन हजार की आबादी वाला गढ़ा गांव छतरपुर जिले का सबसे बड़ा डेस्टिनेशन पॉइंट बन चुका है। गढ़ा गांव जाने के लिए दो नजदीकी रेलवे स्टेशन छतरपुर और खजुराहो हैं। बस से भी पहुंच सकते हैं। छतरपुर बस स्टेशन या रेलवे स्टेशन से गढ़ा जाने के लिए टैक्सी, ऑटो या बस की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है। सेलिब्रिटी बन चुके धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के सामने पुलिस, प्रशासन, नेता, मंत्री सभी नतमस्तक रहते हैं। उनसे मिलना लोगों के शब्दों में मनोरथ पूरा होने जैसा है। एक झलक पाने के लिए लोग दिल्ली, यूपी, बिहार, राजस्थान, हैदराबाद, मुंबई, गुजरात सहित कई राज्यों से पहुंच रहे हैं। इनमें से कुछ ही लोग उन तक पहुंच पाते हैं।

राष्ट्रीय राजमार्ग से गढ़ा गांव की दूरी 5 किमी है। गांव के आखिरी छोर पर बागेश्वर धाम है। इसकी दूरी एक किमी है। पुलिस चार लेयर में वाहनों को रोकती है। बागेश्वर धाम भगवान शंकर के नाम से प्रसिद्ध है। यहां 300 साल पुराना शिव मंदिर है। अब इसी के बगल में बालाजी की भी मूर्ति स्थापित कर दी गई है। इसी बालाजी की मूर्ति की पूजा धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री करते हैं। दर्शन करने के लिए लोगों को लंबी लाइन में लगना पड़ता है। लगभग तीन से चार घंटे बाद दर्शन का नंबर आता है। धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री से मिलने वालों की लाइन अलग लगती है।

बागेश्वर धाम मंदिर के रास्ते पर एक टेबल पर गढ़ा गांव निवासी पान सिंह घोष, धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री की तस्वीर बेचते हैं। तस्वीर में बालाजी भगवान भी हैं। यहां एक तस्वीर साइज के अनुसार 30 से 100 रुपए में बिकती है। कहते हैं कि टेबल रखने वाली जगह का तीन हजार रुपए महीने में किराया देना पड़ता है, पर तस्वीर हाथों हाथ बिक जाती है। कोविड के बाद से हमारे गांव वालों को घर बैठे कमाई हो रही है। गुरुजी की कृपा से खजुराहो तक का रोजगार चल रहा है। रेस्टोरेंट, ऑटो और होटल वालों की जमकर कमाई हो रही है। सबका पेट अच्छे से पल रहा है। कोविड में भी धाम पर लोगों को आना-जाना था, पर किसी को कोविड नहीं हुआ।

बागेश्वर धाम में दो से तीन हजार दुकानें, होटल, रेस्टोरेंट खुल चुके हैं। मंदिर के आसपास दुकान लगाने के लिए जमीन का किराया 1.25 लाख रुपए महीना है। कार पार्किंग से गांव के बीच जमीन 5 से 10 हजार रुपए के किराए पर मिलती है। कदौहा निवासी अन्नू राजा ने मंदिर से तीन किमी पहले होटल खोला है। अन्नू ने बताया कि 30 गुणा 30 के टीन शेड में होटल का किराया 5 हजार रुपए देता हूं। एक साल से दुकान लगा रहा हूं। रोज दो से ढाई हजार रुपए की कमाई हो जाती है। मंगलवार व शनिवार को 10 से 12 हजार की कमाई हो जाती है।

**कन्यादान के लिए सहयोग राशि लेती है समिति**

बागेश्वर धाम में हर शिवरात्रि के आसपास गरीब कन्याओं की शादी होती है। इसके लिए बागेश्वर जनसेवा समिति बनी है। समिति का बैंक खाता और आईएफएस कोड यहां सार्वजनिक किया गया है। बागेश्वर धाम आने वाले भक्तों से सहयोग राशि जमा करने की अपील की जाती है। खरगोन से पहुंचे मयंक कुशवाहा ने बताया कि वे तीन दोस्तों शैलेंद्र, दीपक व प्रमोद के साथ पहली बार आए हैं। सोशल मीडिया पर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज के चमत्कार देखकर आया हूं। भीड़ के चलते उनसे मुलाकात तो नहीं हो पाई, पर लाइन में लगकर मंदिर में दर्शन करने के साथ अर्जी लगाई है।

**लोगों की मन की बात जानना क्या संभव है?**

धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के चाचा स्वामी प्रसाद गर्ग ने बताया कि गंज निवासी स्वामी प्रसाद गर्ग के यहीं रहकर धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने 12वीं तक की पढ़ाई की थी। वे बताते हैं कि मेरे पिता भगवान दास गर्ग रामानंद सम्प्रदाय के प्रेम पुजारी से जुड़े थे। उन्हें सिद्धि प्राप्त थी। हमारे गढ़ा में बरम बाबा हैं, वो सिद्ध और तपस्वी संत थे। जब उन्होंने देह त्यागी होगी, तो उनका मोक्ष नहीं हुआ। वो आज भी अपनी साधना में लीन और सबका भला कर रहे हैं। संन्यासी बाबा उनके गुरु हैं। उन्हें साक्षात हनुमंत कृपा की सिद्धि थी। लोगों के मन की बात जान लेना एक सिद्धि है। नदी, पर्वत या वन में इस तरह के मंत्रों की साधना करनी पड़ती है। इसके बाद ये फलीभूत होती है। बागेश्वर धाम की चढ़ोतरी पर कहते हैं कि मेरे परिवार से उसका कोई सरोकार नहीं है। वैसे भी मुझे रक्त भिक्षा नहीं चाहिए।

**चचेरा भाई भी लगाता है दिव्य दरबार**

स्वामी प्रसाद गर्ग के दो बेटों में बड़े दिनेश उर्फ दीपक गर्ग भी मां तारादेवी का दिव्य दरबार लगाते हैं। इसी नाम से उन्होंने भी सोशल मीडिया पर चैनल और पेज बना रखे हैं। हर सोमवार, मंगलवार व शनिवार को उनका दरबार गंज में मां तारादेवी मंदिर में दोपहर तीन बजे से लगता है। यहां आने वाले सभी लोगों की मुलाकात दिनेश गर्ग से होती है। वे भी लोगों की मन की बात जान लेते हैं। चचेरे भाई धीरेंद्र शास्त्री की तरह पर्चे पर वे भी मन की बात लिख देते हैं। यहां कोई अर्जी नहीं लगती है। श्रद्धा के अनुसार मां तारादेवी के चरणों में चढ़ावा चढ़ा सकते हैं। सामान्य दिनों में भी दरबार लगाते हैं।

26 साल के कथावाचक धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का विदेश तक में नाम है। धीरेंद्र से ज्यादा उनकी पहचान बागेश्वर धाम के रूप में है। छतरपुर जिले के गढ़ा निवासी धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री कभी गांव में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनाते थे। गांव में हनुमानजी का मंदिर है। इसे बालाजी और बागेश्वर धाम नाम से जाना जाता है। इसी मंदिर में देवकी नंदन ठाकुर को रामकथा के लिए बुलाया जाता था। फिर धीरेंद्र खुद रामकथा के साथ 'दिव्य दरबार' लगाने लगे।

# '32 फीसदी आरक्षण लागू हो, तभी अनशन से हटेंगे'

## अकेले धरना दे रहे नंदकुमार साय, बोले-ठीक से सर्वे हो तो 80 प्रतिशत देना होगा रिजर्वेशन

रायपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी रायपुर की सड़क पर पंडाल लगा है, गोंडी हल्बी में जनजातीय गीत बज रहे हैं। शाम को हल्की ठंड बढ़ जाती है, पंडाल के पास अलाव जला होता है। मंच पर बैठे होते हैं भाजपा के वरिष्ठ आदिवासी नेता नंदकुमार साय। नंद कुमार साय सड़क किनारे पंडाल लगाकर 4 दिन से धरना दे रहे हैं। ये धरना आरक्षण की मांग पर है। प्रदेश में आदिवासी समुदाय का आरक्षण 32 से 20 प्रतिशत हो चुका है। इसी का विरोध नंद कुमार साय कर रहे हैं। साय को केंद्रीय कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया गया था। ये अविभाजित मप्र एवं छत्तीसगढ़ से तीन बार लोकसभा




सांसद, दो बार राज्यसभा सांसद, तीन बार विधायक रहे हैं। वे मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रथम नेता प्रतिपक्ष भी रह चुके हैं। मगर अपने इस आंदोलन में साय अकेले दिख रहे हैं। पंडाल में भाजपा का बैनर नहीं है। ज्यादा भाजपा के नेता भी यहां नहीं दिखते हैं। अनशन पर बात करते हुए साय ने बड़ा बयान दिया है। साय कहते हैं कि प्रदेश में आदिवासियों को 80 प्रतिशत तक आरक्षण मिल सकता है।

**धरना क्यों दे रहे हैं?**

नंद कुमार साय कहते हैं कि हाल ही में आरक्षण को लेकर हाईकोर्ट में लगाई गई याचिका पर सुनवाई के बाद प्रदेश के आदिवासियों को मिल रहा 32 प्रतिशत आरक्षण घटाकर 20 प्रतिशत कर दिया गया है। इससे समाज दुखी है, इसलिए हम धरने पर बैठे हैं। जवाबदारी कांग्रेस की है, कांग्रेस की तरफ से अदालत में सही तथ्य, जानकारियां नहीं देने की वजह से ये स्थिति बनी है। भाजपा के वक्त में ये समस्या नहीं थी, मौजूदा समय में कोर्ट के आदेश के बाद विवाद बढ़ा है। जब मैं जनजाति आयोग में था, तब इस तरह की समस्या ही नहीं थी। सरगुजा, बस्तर में निकलने वाली भर्तियों में स्थानीय लोगों को रोजगार में प्राथमिकता मिलती थी, वो नहीं मिलेगा। 12 प्रतिशत आरक्षण घटने से नौकरियों में, शिक्षा में हमारे बच्चों को अधिकार नहीं मिलेगा। वो पहले ही पिछड़े हुए हैं और पिछड़ जाएंगे।

फिलहाल तो 32 प्रतिशत जो पहले से लागू था वो यथावत किया जाना चाहिए। प्रदेश में आदिवासी समुदाय की आबादी बड़ी है। ठीक ढंग से सर्वे हो तो यहां जनजाति समुदाय का आरक्षण और बढ़ेगा। ये आरक्षण 60 से 80 प्रतिशत तक जा सकता है। मगर सर्वे में गड़बड़ी की जाती है जानबूझकर, पीछे रखा जाता है। मुझे याद है एक गांव में सिर्फ 2 आदिवासी बताए गए थे, जबकि पूरा गांव आदिवासियों का था। नंदकुमार साय कहते हैं कि मैं यहां धरना दे रहा हूं, सरगुजा, बस्तर में भी आंदोलन चल रहे हैं। रायपुर में पिछले दिनों चक्का जाम और प्रदर्शन हुए। मैं अकेला नहीं हूं। जन्म दिन के दिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव यहां आए थे। पार्टी के लोगों का पूरा समर्थन है। पिछले दिनों जब पार्टी के प्रदेश प्रभारी ओम माथुर आए थे, मैंने उनको भी इस अनशन की जानकारी दी थी।

मैं सुबह 10 बजे के आस-पास यहां आकर बैठ जाता हूं। इसके बाद शाम को 7-8 बजे तक मेरा धरना चलता है। बीच-बीच में लोग आकर मिलते रहते हैं। मैं दिन भर यहां बैठने के दौरान कुछ नहीं खाता, रात को ही लौटने के बाद कुछ हल्का खा लिया। धरने पर बैठने के दौरान में अन्न, फल, कुछ ग्रहण नहीं करता।

# बूढ़ा पहाड़ क्षेत्र के गांवों में लौट रही जिंदगी

## तीन दशक तक नक्सलियों के कब्जे में रहा इलाका

रांची, 27 नवंबर (एजेंसियां)। सीआरपीएफ ने इसी साल सितंबर माह में झारखंड-छत्तीसगढ़ सीमा से लगे बूढ़ा पहाड़ को नक्सलियों से मुक्त कराया था। यह इलाका तीन दशक से नक्सलियों के कब्जे में था। नक्सलियों को खदेड़ने के लिए ऑपरेशन ऑक्टोपस चला गया था। बूढ़ा पहाड़ इलाके के गांवों में स्थिति सामान्य होने का लाभ अब ग्रामीणों को मिलना शुरू हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि सीआरपीएफ के यहां आने के बाद से डर खत्म हो गया है। नक्सलियों ने जंगलों और खेतों में बम लगाए हुए थे। बूढ़ा पहाड़ इलाके के ग्रामीणों ने बताया, हमें खाद्यान्न की निर्बाध आपूर्ति मिल रही है और अब हम व्यावसायिक गतिविधियों को भी जारी रख सकते हैं। नक्सली ग्रामीणों का अपहरण कर लेते थे। हम रात में बाहर भी नहीं निकल पाते थे। अब वह डर चला गया है। सीआरपीएफ के झारखंड रेंज के आईजी अमित कुमार ने बताया, बूढ़ा पहाड़ झारखंड और छत्तीसगढ़ के साथ तीन जिलों में फैला हुआ है। यह नक्सलियों का गढ़ था। ऑपरेशन ऑक्टोपस दो चरणों में शुरू किया गया था। पहला चरण अगस्त में शुरू किया गया था, जब सुरक्षाबलों ने नक्सली ठिकानों का दौरान किया था।



## 'गहलोत को कुछ शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना था'

# मुख्यमंत्री के शब्द अप्रत्याशित थे, व्यक्ति आते-जाते रहते हैं, संगठन सबसे ऊपर : जयराम

जयपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच जारी खींचतान राजस्थान से बाहर भी कांग्रेस में चर्चा का विषय बनी हुई है। गहलोत के पायलट को गद्दार कहने से शुरू हुआ विवाद बढ़ता ही जा रहा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा में भी गद्दार शब्द की गूंज सुनाई दे रही है।

इंदौर में रविवार को भारत जोड़ो की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और कम्युनिकेशन सेल के चीफ जयराम रमेश ने गहलोत- पायलट विवाद पर फिर बयान देते हुए मतभेद की बात मानी है। जयराम रमेश ने कहा- मैंने पहले भी कहा- मुख्यमंत्री के शब्द अप्रत्याशित (अनएक्सपेक्टेड) थे। मुख्यमंत्री को कुछ शब्दों का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए था। शब्दों का जो इस्तेमाल किया, वे मेरे लिए अप्रत्याशित हैं। मुझे काफी आश्चर्य हुआ।



**कुछ मतभेद हैं**

जयराम रमेश ने कहा-राजस्थान के मुद्दे पर मैंने तीन बार बयान दिए हैं। अब चौथी बार दोहरा रहा हूं। गहलोत हमारी पार्टी के वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। सचिन पायलट हमारी पार्टी के युवा, लोकप्रिय और ऊर्जावान नेता हैं। दोनों की हमारी पार्टी को जरूरत हैं । कुछ मतभेद हैं। जो शब्द मुख्यमंत्री की ओर से इस्तेमाल किए गए, जो अप्रत्याशित थे। मुझे भी आश्चर्य हुआ।

**राजस्थान के मामले में नेतृत्व के स्तर पर सोच विचार हो रहा है**

जयराम रमेश ने कहा- व्यक्ति का महत्व नहीं है। व्यक्ति आते जाते रहते हैं। वरिष्ठ नेता हैं, युवा नेता हैं, बुजुर्ग नेता हैं, इससे कुछ नहीं। संगठन सबसे ऊपर है। संगठन को जो मजबूत करेगा, नेतृत्व की ओर से वही हल निकाला जाएगा।

**राजस्थान में जरूरत पड़ी तो कठोर निर्णय लिए जाएंगे**

राजस्थान पर फैसला करने की समय सीमा के सवाल पर जयराम रमेश ने कहा- राजस्थान के बारे में जितना कहना था, कह दिया। मैं कोई समय सीमा तय नहीं कर सकता हूं। वह कांग्रेस नेतृत्व तय करेगा। मैं सिद्धांत बता सकता हूं। मैंने सिद्धांत बताया वो एक ही है,अगर कोई फैसला करने से संगठन मजबूत होगा या कमजोर। वही चुना जाएगा, जो कांग्रेस संगठन को मजबूत करे। अगर कठोर निर्णय लेने हैं तो लिए जाएंगे। समझौता करवाना है तो करवाया जाएगा। मैंने पहले ही कहा है एक तरफ एक वरिष्ठ और अनुभवी नेता हैं। जो राज्य और केंद्र के स्तर पर कई पदों पर रह चुके हैं। दूसरी तरफ युवा, लोकप्रिय, सक्रिय ओर नौजवान नेता है। हमें दोनों की ही जरूरत है।

**राजस्थान में हर नेता चाहता है यात्रा सफल हो**

जयराम रमेश ने कहा- राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा सफल होगी,राजस्थान का हर नेता और कार्यकर्ता चाहता है कि भारत जोड़ो यात्रा सफल हो। बयानबाजी तो चलती रहती है।

**गहलोत ने बोला था**

तीन दिन पहले 23 सितंबर को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सचिन पायलट पर अब तक का सबसे बड़ा हमला बोलते हुए कहा था कि पायलट को कैसे सीएम बना सकते हैं। जिस आदमी के पास 10 विधायक नहीं हैं, जिसने बगावत की हो, जिसे गद्दार नाम दिया गया है, उसे लोग कैसे स्वीकार कर सकते हैं।

**आज तो मैं ही सीएम, मुझे हाईकमान से कोई संकेत नहीं**

सीएम रहने के सवाल पर गहलोत ने कहा था- आज तो मैं ही हूं यहां पर। हाईकमान की तरफ से इशारे के सवाल पर कहा- हाईकमान के इशारे की छोड़ो, मुझे तो कोई इंडिकेशन नहीं है। मैं हाईकमान के साथ हूं। पायलट को कोई स्वीकार ही नहीं करेगा।

गहलोत ने कहा था-हाईकमान राजस्थान के साथ न्याय करेगा। सितंबर की बातें हैं। अजय माकन और हाईकमान को अपनी फीलिंग बता चुका हूं। राजस्थान में सरकार आना जरूरी है। मैं तीन बार सीएम रह चुका। मेरे लिए सीएम रहना जरूरी नहीं है।

# सीएम गहलोत के मंत्री परसादी लाल मीणा का पलटवार

## बोले-पायलट 35 दिन मानेसर में रहने की दें सफाई

जयपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। सचिन पायलट को गद्दार कहने के बाद गहलोत और पायलट कैंप में जमकर बयानबाजी जारी है। अब स्वास्थ्य मंत्री परसादी लाल मीणा ने कहा कि सचिन पायलट को 35 दिन मानेसर जाने को लेकर सफाई देनी चाहिए। फिर उनकी बात जनता के गले उतरती है या नहीं देखने वाली बात होगी।

मंत्री परसादी लाल मीणा ने दौसा में मीडिया से बातचीत की है। इस दौरान उन्होंने बयान दिया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जो कहा है, वह सही कहा है। यदि 102 विधायक नहीं होते तो हमारी सरकार गिर चुकी होती। इसके साथ ही परसादी लाल मीणा ने कहा कि सीएम गहलोत के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार रिपीट हो सकती है। कांग्रेस आलाकमान को नेतृत्व में बदलाव नहीं करना चाहिए वरना राजस्थान में भी पंजाब जैसी स्थिति हो जाएगी।

दूसरी ओर राजस्थान में भारत जोड़ो यात्रा से पहले पायलट कैंप अपनी मांग को लेकर मुखर हो गया है। पायलट गुट के मंत्री हेमाराम चौधरी ने कहा था कि सचिन पायलट को जिम्मेदारी नहीं दी गई तो कांग्रेस को बड़ा नुकसान होगा। उन्होंने कहा था कि कहा कि पायलट ने विपक्ष में रहते हुए पार्टी को फिर से जीवित किया। उन्हें जिम्मेदारी देनी चाहिए। मैं मंत्री पद छोड़ने को तैयार हूं। मैं जगह नहीं खाली करुंगा तो युवाओं को कैसे मौका मिलेगा।



### पायलट गुट के नेता बोले

### 10 करोड़ लेने के सबूत दें:मंत्री मुरारीलाल बोले सीएम ने कार्रवाई क्यों नहीं की-हम 24 कैरेट गोल्ड

दौसा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। दो दिन पहले एक मीडिया इंटरव्यू में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के साथ मानेसर जाने वाले विधायकों पर बीजेपी से 10-10 करोड़ रुपए लेकर सरकार गिराने के आरोप लगाए थे। इस पर पायलट गुट के विधायक व राज्यमंत्री मुरारीलाल मीणा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि मैंने तो उस वक्त मानेसर से ही जवाब दे दिया था, फिर कह देना चाहता हूं कि यदि उनके (सीएम) पास इसका कोई ठोस सबूत है तो जांच करवाकर ठोस कार्रवाई करनी चाहिए थी। हम तो यह कह सकते हैं कि हम 100 प्रतिशत 24 कैरेट गोल्ड हैं। शॉर्ट में कहा जाए तो सोने पर कभी जंग नहीं लग सकती। वहीं गहलोत गुट के 102 विधायकों में से ही सीएम बनाने के सवाल पर मंत्री ने कहा 10-15 विधायक तो हमारे साथ यहीं घूम रहे हैं।

# उपचुनाव से पहले कांग्रेस के दो नेता बीजेपी में शामिल

## बोले : पायलट-गहलोत की लड़ाई में पार्टी उलझी



चूरू, 27 नवंबर (एजेंसियां)। सरदारशहर विधानसभा उपचुनाव से पहले कांग्रेस को झटका लगा है। विधानसभा उपचुनाव की जनसभा के दौरान कांग्रेस के दो नेता राजकुमार रिणवां और जयदीप डूडी भाजपा में शामिल हो गए। राजकुमार रिणवां की कांग्रेस से भाजपा में घर वापसी हुई है। रिणवां पिछली वसुंधरा सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। जयदीप डूडी पूर्व संसदीय सचिव चुके हैं। मीडिया रिपोर्टस के अनुसार भाजपा ज्वॉइन करने के बाद जयदीप डूडी ने कहा कि गहलोत और पायलट की आपसी लड़ाई में कांग्रेस उलझकर रह गई है। दोनों की लड़ाई में पिछले चार साल में जनता का नुकसान हुआ है। इसलिए मैं भाजपा में आ गया। भाजपा प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने दुपट्टा पहनाकर रिणवां और डूडी भाजपा परिवार में स्वागत किया।

इस मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया ने जमकर गहलोत सरकार पर तंज कसा। पूनिया ने कहा कि अभी भी भरोसा नहीं है कि गहलोत सरकार की जिंदगी कितनी बची है। राजकुमार रिणवां की घर वापसी और जयदीप डूडी की पार्टी में शामिल होने का काम हो गया है लेकिन इनकी असली परीक्षा युद्ध के मैदान में होगी। सरदारशहर उपचुनाव से बहुत सारी चीजें जुड़ी हुई हैं। सरदारशहर की जनता बदलाव चाहती है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि अभी अशोक गहलोत की फिल्म का नाम है 'गद्दार कौन'। अगली फिल्म का नाम होगा-'हम तो डूबेंगे सनम तुम्हें भी ले डूबेंगे'। ।' जब कांग्रेस पार्टी और सरकार डूबने वाली हो तो सरदारशहर की जनता डूबने वाले जहाज में क्यों सवार होगी?

## दुष्कर्म के बाद जन्मी बच्ची को नाबालिग मां ने फेंका

बूंदी, 27 नवंबर (एजेंसियां)। बच्चियों के साथ दुष्कर्म के मामलों में राजस्थान देश में सबसे आगे है। लगातार सरकार को ऐसे मामलों में आलोचना भी झेलनी पड़ती है, लेकिन अब भी हालात नहीं बदले हैं। सामने आया नया केस और भी दिल-दहलाने वाला है। चचेरे भाई की दरिंदगी का खामियाजा भुगतने वाली नाबालिग ने एक मासूम बेटी को जन्म देकर तेज सर्दी की रात में मरने के लिए झाड़ियों में फेंक दिया। मासूम कई घंटे तक बिना कपड़ों के ठंड में पड़ी रही और और उसका पूरा शरीर कंटीली झाड़ियों के कारण छिल गया।

मामला बूंदी के चित्तौड़ रोड का है। यहां के एक प्राइवेट स्कूल के नजदीक शनिवार सुबह एक नवजात बच्ची मिली। उसके शरीर पर कपड़े तक नहीं थे और सर्दी से वह कंपकंपा रही थी। कांटे लगने से उसका शरीर लहूलुहान हो गया था।

# बॉर्डर पर सेना ने पाकिस्तानी घुसपैठिये को गोली मारी

## *आर्मी के ललकारने पर भी सीमा से नहीं हटा, उर्दू में लिखा आई कार्ड मिला*

श्रीगंगानगर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। श्रीगंगानगर के श्रीकरणपुर बॉर्डर एरिया से भारतीय सीमा में घुसपैठ का प्रयास कर रहे एक पाकिस्तानी को शनिवार को बीएसएफ ने पकड़ लिया। उसके पैर में गोली मारी गई। घायल होकर गिर जाने पर उससे पूछताछ की गई। पूछताछ में कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला तो उसे वापस पाक रेंजर्स को सौंप दिया गया।

ललकारने पर भी नही लौटा तो चलाई गोली

बीएसएफ जवानों ने शनिवार दोपहर सीमा क्षेत्र के पास एक युवक की एक्टिविटी देखी। इस पर इसे ललकारा। युवक ने उनकी बात पर ध्यान नहीं दिया और वह भारतीय सीमा से हटा भी नहीं। इस पर बीएसएफ जवानों ने सावधानी बरतते हुए उसकी टांगों में गोली मारी। इससे वह मौके पर ही गिर गया। उसे बीएसएफ जवानों ने फर्स्ट एड दी। फिर पूछताछ शुरू की। बाद में उसे पाक रेंजर्स के हवाले कर दिया गया। उसके पास एक परिचय पत्र के अलावा कुछ भी नहीं मिला है।



**बहावलनगर का रहने वाला है घुसपैठिया**

घुसपैठ का प्रयास करने वाला यह व्यक्ति बहावलनगर का रहने वाला है। पूछताछ में उसने अपना नाम सफदर हुसैन (39), निवासी इजाफी बस्ती चक 46 फतेह, जिला बहावलनगर बताया। गोली लगने से उसके टांग से खून बहने लगा। इस पर उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। कुछ ठीक होने पर उससे पूछताछ शुरू की गई।

पाक रेंजर्स को सौंपा

उसके पास एक उर्दू में लिखा पहचानपत्र मिला है। इसके अलावा उसके पास कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। बीएसएफ ने उसके इस इलाके में आने के कारणों की जानकारी जुटाई। पूछताछ के बाद उसे पाक रेंजर्स के हवाले कर दिया है।

**सवा साल में दूसरी बार पाक नागरिक रेंजर्स को सौंपा**

सवा साल में दूसरी बार ऐसा हुआ है जब घुसपैठ का प्रयास करने वाले किसी पाकिस्तानी नागरिक को कुछ भी संदिग्ध नहीं पाए जाने पर वापस पाक रेंजर्स को सौंप दिया गया। इससे पहले 18 अगस्त 2021 को भी ऐसी ही घटना हुई थी।

उस समय बीएसएफ ने रात के समय रेणुका पोस्ट से एक पाक नागरिक बहावलनगर जिले के सादिक मंडी के हेमवाली निवासी अहमद खान को भारतीय सीमा में घुसने पर पकड़ा था। अहमद खान के रास्ता भटककर भारतीय सीमा तक पहुंचने की पुष्टि होने और उसके पास कुछ भी संदिग्ध नहीं मिलने पर उसे वापस पाक रेंजर्स को सौंप दिया गया था।

# राहुल की एंट्री से पहले शुरू होगी बीजेपी की यात्रा

## रथयात्रा के पोस्टरों को लेकर खींचतान; ऐन वक्त पर वसुंधरा की भी फोटो शामिल

जयपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में 3-4 दिसंबर तक एंट्री कर सकती है। वहीं, अगले महीने की राजस्थान सरकार के चार साल पूरे हो रहे हैं। ऐसे में सरकारी विफलताएं गिनाने के लिए भाजपा राहुल की एंट्री से ठीक पहले रथयात्रा शुरू करने जा रही है। जानकारी के अनुसार पार्टी एक दिसंबर से प्रदेश की सभी विधानसभाओं में रथ निकालकर सरकार की विफलताएं गिनाएगी। हालांकि, रथों पर लगने वाले पोस्टरों को लेकर पार्टी में खींचतान मची हुई है। यहां तक कि यात्रा से ठीक पहले बीजेपी को अपनी रणनीति भी बदलनी पड़ी है। यात्रा को लेकर बीजेपी केंद्रीय नेतृत्व ने पहले तय किया था कि विवाद से बचने के लिए आधिकारिक पोस्टरों-बैनरों पर सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की तस्वीर लगाई जाएगी, लेकिन अब प्रदेश तीन बड़े नेताओं की फोटो भी यात्रा के बैनर पर नजर आएंगी।

इस निर्णय के अनुसार पोस्टर के डिजाइन भी तैयार करवा लिए गए थे। लेकिन बीजेपी में आंतरिक रूप से इस पर सवाल उठाने के बाद बीजेपी को ऐनवक्त पर अपनी स्ट्रैटजी बदलनी पड़ी। अब बीजेपी ने राजस्थान के तीन नेताओं के चेहरे इसमें शामिल किए हैं। बीजेपी ने प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनिया, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया की तस्वीरों को भी अपने आधिकारिक पोस्टर और बैनर में शामिल किया है। बीजेपी के वरिष्ठ नेताओं और सूत्रों का कहना है कि जन आक्रोश यात्रा राजस्थान में हो रही है। पहले जो तय किया गया था, उसे लेकर चर्चाओं में यह बात सामने आई कि प्रदेश नेतृत्व पोस्टरों पर नहीं दिखने से कई सवाल खड़े हो सकते हैं।

ऐसे में इसे ध्यान में रखते हुए अब पूर्व सीएम होने के नाते वसुंधरा राजे, प्रदेशाध्यक्ष होने के नाते सतीश पूनिया और नेता प्रतिपक्ष होने के चलते गुलाबचंद कटारिया को शामिल किया गया है।

**गुटबाजी से निपटने को बनाया था फॉर्मूला**

बीजेपी ने जन आक्रोश यात्रा को लेकर पहले अपनी रणनीति के अनुसार ऑफिशियली इस्तेमाल होने वाले सभी पोस्टर, बैनर, पैंफ्रलेट पर राजस्थान के किसी भी नेता की तस्वीर नहीं रखी थी। पार्टी में चल रही गुटबाजी और आमतौर पर कार्यक्रमों में होने वाली फोटो पॉलिटिक्स से बचने के लिए यह तोड़ निकाला था।

बीजेपी का सोचना था कि पोस्टर-बैनर पर किसी प्रमुख नेता का फोटो नहीं होने या तस्वीर छोटी-बड़ी होने से हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह तैयारी थी। बीजेपी में लगातार सतीश पूनिया, वसुंधरा राजे, गुलाबचंद कटारिया और गजेंद्र सिंह शेखावत के बीच खींचतान और गुटबाजी की तस्वीरें सामने आती रहती हैं। बीजेपी ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के प्रदेश में प्रभाव को देखते उन्हें शामिल किया है। वहीं, कटारिया नेता प्रतिपक्ष हैं और बीजेपी के सबसे वरिष्ठ नेताओं में से हैं। ऐसे में पोस्टर पर वो भी हैं। मगर पोस्टर पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, अर्जुनराम मेघवाल, उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ की तस्वीरें नहीं होने से चर्चाएं होने लगी हैं। बीजेपी ने जन आक्रोश यात्रा की प्लानिंग कर ली है।

# रेलवे आपको ट्रेन में उपलब्ध कराएगा मनपसंद खाना

## सीजनल और रीजनल के साथ बेबी फूड भी मिलेगा

***हाइलाइट्स***

- रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं के लिए उठाया बड़ा कदम
- बजट थाली की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है
- रेलवे ने अपने मैन्यू में खाने के लिए विकल्पों में किया इजाफा

जयपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। लंबी दूरी की यात्रा करने वाले रेलयात्रियों की आमतौर पर शिकायत रहती है कि ट्रेन में खाना अच्छा नहीं मिलता है. खाना चुनने के विकल्प भी बहुत ज्यादा नहीं है. लिहाजा ज्यादातर लोग घर का बना खाना ले जाते हैं. बचे हुए लोग ट्रेन में उपलब्ध करवाए जाने वाले खाने से ही काम चलाते हैं. लेकिन रेलवे ने इस दिशा में अब बड़ा कदम उठाया है. रेलवे अब यात्रियों को उनका मनपंसद खाना खिलाएगा. रेलवे अब यात्रियों को सीजनल के साथ रीजनल और बेबी फूड भी उपलब्ध कराएगा।

अगर आप ट्रेन से जयपुर से हैदराबाद की यात्रा कर रहे हैं तो आपको दो दिनों तक गाड़ी में बना खाना ही इस्तेमाल करना होगा. ज्यादातर यात्रियों की ट्रेन के खाने को लेकर अक्सर शिकायत रहती है. लेकिन अब रेलवे बोर्ड ने आईआरसीटीसी को मैन्यू में बदलाव करने के निर्देश दिए हैं. इसमें बच्चों से लेकर बुज़ुर्गों तक का विशेष ख्याल रखा गया है. इसके साथ ही साथ त्यौहार से जुड़े खाने और क्षेत्रीय व्यंजन भी परोसे जाएंगे। उत्तर पश्चिम रेलवे के सीपीआरओ कैप्टन शशि किरण ने बताया कि मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों की बजट थाली की कीमतों में कोई बदलाव नहीं होगा. लेकिन मनपसंद खाना खाने के लिए मैन्यू में तय रेट के हिसाब से पैसा चुकाना होगा. अगर कोई यात्री शुगर या दूसरे रोग से ग्रसित है तो उसके लिए हल्के और सुपाच्य खाने का इंतजाम होगा. छोटे बच्चों की पंसद को भी मैन्यू में शामिल किया गया है। इस बदलाव में सीजनल यानि मौसम के मुताबिक मिलने वाली सब्जियां और रीजनल यानि क्षेत्रीय खाने को तरजीह दी जा रही है. यात्री को पेंट्री कार के कर्मचारी को सूचित करना होगा और पहले से ही ऑर्डर करना होगा. उसके बाद दोपहर और रात में आपको वहीं खाना परोसा जाएगा. आसान शब्दों में कहें तो ट्रेन के मैन्यू में कुछ रेसिपी में इजाफा किया गया है ताकि यात्रियों को मनपसंद खाने के ज्यादा विकल्प मिल सकें। बहरहाल रेलवे इन दिनों बड़े बदलावों से गुजर रहा है. रेलवे अपने सभी बदलाव यात्रियों को ध्यान में रखकर कर रहा है. इस बदले हुए मैन्यू में साधारण थाली की कीमतों में बढ़ोतरी नहीं की गई लेकिन दूसरा ऑप्शन चुनने पर ज्यादा कीमत चुकानी होगा. कीमत भले ही ज्यादा चुकानी पड़े लेकिन आप खाने से बोर नहीं होंगे और आपको आपका मनपसंद खाना ट्रेन में मिल जाएगा. इसे रेलवे का यात्रियों की सुविधाओं के लिए बढ़ाया गया बड़ा कदम माना जा रहा है.



# सोते हुए परिवार को भून डाला गोलियों से

## 3 सगे भाइयों की मौके पर मौत, हाहाकार मचा

भरतपुर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के भरतपुर जिले में शनिवार रात को आपसी विवाद में जमकर फायरिंग हुई। वारदात में तीन सगे भाइयों की गोली मारकर हत्या कर दी गई. एक साथ तीन हत्याओं से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई. सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला. पुलिस ने मृतकों के शवों को स्थानीय अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया है. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए. घटना से वहां जबर्दस्त तनाव फैल गया. मौके पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है. पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं।

पुलिस के अनुसार वारदात भरतपुर जिले के कुम्हेर थाना इलाके के सिकरौरा गांव में हुई. वहां आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में झगड़ा हो गया.

इस पर एक पक्ष के युवक ने अपने साथियों के साथ मिलकर सोते हुए परिवार पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी. इसमें गोली लगने से तीन सगे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई और दो महिलाओं सहित एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. गोलियों की आवाज पर गांव में हड़कंप मच गया. वारदात के बाद आरोपी मौके से भाग छूटे.

# डेढ़ साल के मासूम भतीजे की तांत्रिक के कहने पर चढ़ा दी थी बली

## कोर्ट ने तीन को सुनाई उम्रकैद की सजा

महाराजगंज, 27 नवंबर (एजेंसियां)। जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के सोहसा बांसपार गांव में 3 जुलाई 2011 को डेढ़ साल के मासूम की बलि देने के मामले में अपर सत्र न्यायधीश तृतीय पवन कुमार श्रीवास्तव की अदालत ने तीन अभियुक्तों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई. अभियुक्तों में दो मृतक के बड़े मम्मी-पापा और एक तांत्रिक है. कोर्ट ने 1 लाख 30 हजार का जुर्माना भी लगाया है। दरअसल, श्रवण के इकलौते बेटे डेढ़ बर्षीय उपेंद्र की उसी की सगी बड़ी मां और बड़े पिता ने तांत्रिक के साथ मिलकर बलि चढ़ा दी थी. तांत्रिक महेश ने कहा कि उसकी बेटी की तबीयत इसलिए खराब रहती है क्योंकि उसके छोटे भाई ने तंत्र-मंत्र किया है. तांत्रिक ने तंत्र विद्या से छुटकारा पाने के लिए मासूम उपेंद्र की बलि चढ़ाने की बात कही. तांत्रिक महेश की बात को सुग्रीव और कौशल्या ने तांत्रिक महेश के साथ मिलकर अपने सगे भाई के लड़के डेढ़ वर्षीय मासूम उपेंद्र की धारदार हथियार से हत्या कर उसकी बलि चढ़ा दी.

# भैंसा में बंडी की जनसभा व यात्रा को पुलिस ने नहीं दी अनुमति

## निर्मल पहुंचने पर पुलिस ने बंडी को हिरासत में लिया



निर्मल, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर की सांप्रदायिक संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस ने सोमवार को भैंसा में होने वाली भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय की जनसभा और पांचवें चरण की प्रजा संग्राम यात्रा को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। पुलिस ने कहा कि शहर में सांप्रदायिक मुद्दों और संबंधित कानून व्यवस्था के पहलुओं पर संवेदनशीलता के कारण अनुमति को अस्वीकार कर दिया गया है। उन्होंने भाजपा नेताओं से उन्हें सहयोग देने का अनुरोध किया। यात्रा की शुरुआत के उपलक्ष्य में एक बैठक आयोजित करने के लिए भाजपा ने शहर के बाहरी इलाके में बैठने की व्यवस्था और अन्य सुविधाएं पहले ही बना ली हैं। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ताओं के शामिल होने की उम्मीद है। आदिलाबाद के सांसद सोयम बापू राव पहले ही पार्टी सदस्यों से बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह कर चुके हैं।

संजय ने अपने 10 दिनों के लंबे दौरे की योजना निर्मल जिले में बनाई है, जो भैंसा शहर से शुरू होकर खानापुर तक 130 किलोमीटर की दूरी तय करता है। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस बैठक के मुख्य अतिथि हैं, जिस दौरान निर्मल डीसीसी अध्यक्ष रामा राव पटेल के भाजपा में शामिल होने की उम्मीद है।

उधर, प्रदेश अध्यक्ष बंडी संजय जब आज शाम निर्मल पहुंचे, वहां मौजूद पुलिसकर्मियों से उन्हें हिराशत में ले लिया।

## हैदराबाद में अलग-अलग सड़क हादसों में दो की मौत

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शहर में शनिवार रात अलग-अलग सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। अब्दुल्लापुरमेट में, अब्दुल्लापुरमेट निवासी एस स्वामी (40) स्कूटर पर जा रहे थे, जब शनिवार आधी रात के बाद कोठागुडेम चौराहे पर एक लॉरी ने उनके वाहन को टक्कर मार दी। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। चालक एस गोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया गया है। वहीं दूसरे मामले में शनिवार की रात रायदुर्गम में एक 26 वर्षीय व्यक्ति की बाइक सड़क के डिवाइडर से टकरा जाने से मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, गाचीबोवली निवासी के नागा वामशी लक्ष्मी नारायण हाइटेक सिटी से अपनी बाइक पर गाचीबोवली की ओर जा रहे थे, जब वह रायदुर्गम रोड पर एक रोड डिवाइडर से टकरा गए। उसे चोटें आईं और उसे एक निजी अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान देर रात उसकी मौत हो गई। रायदुर्गम पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच जारी है।

## भावसार विजन इंडिया द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भावसार विजन, इंडिया द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन श्री विठ्ठल रुक्मिणी मंदिर, जियागुड़ा में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभा भारतीय भावसार क्षत्रिय महासभा के महासचिव किशन राव गडाले, तेलंगाना भावसार क्षेत्रिय समाज के अध्यक्ष उमेश ए. जेतने, प्रमुख समाजसेवी गोपाल बल्दवा उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ. प्रशांत नीमकर, डॉ. मीना पतंगे, शेख रफी, मो. अकबर द्वारा निःशुल्क दवाई वितरित की गई।

इस अवसर पर बीवीआई के अध्यक्ष मोहनराव देवतराज, बीवीआई की मंत्री श्रीमती अश्विनी पतंगे, उपाध्यक्ष प्रवीण पतंगे, समाजभूषण सुरेश पाटिल, राकेश गीते, शीतल नीमकर आदि की महत्ती उपस्थिति रही।

## 'शोध की सूक्ष्म रूप तुलनात्मक अध्ययन की आत्मा'



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। शासकीय स्नातक महाविद्यालय, खैरताबाद के हिंदी विभाग द्वारा '21वीं सदी में तुलनात्मक साहित्य का महत्व' पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र में क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक डॉ. यादगिरी, संयुक्त निदेशक डॉ. राजेंदर सिंह सम्माननीय अतिथि के रूप में भाग लिया।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में हैदराबाद विश्वविद्यालय के मानविकी संकाय डीन प्रो. वी. कृष्णा, डॉ. बीआर अंबेडकर ओपन युनिवर्सिटी की डीन प्रो. शकीला खानम, उविवि की हिंदी विभागध्यक्षा डॉ. मायादेवी ने विषयोचित विचार व्यक्त किये। डॉ. शकीला खानम ने कहा कि तुलनात्मक साहित्य साहित्यिक समस्याओं का यह अध्ययन है, जहां एक से अधिक साहित्यों का उपयोग किया जाता है।

शोध की सूक्ष्म रूप तुलनात्मक अध्ययन की आत्मा है। संगोष्ठी में विभिन्न विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के प्राध्यापकों की उपस्थिति रही।

## समाज कल्याण आवासीय विद्यालय में छात्र ने की आत्महत्या का प्रयास

हनमकोंडा, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मडिकोंडा के सरकारी सामाजिक कल्याण आवासीय विद्यालय में कक्षा 7 के एक 13 वर्षीय छात्र ने रविवार को परिसर में कथित तौर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालांकि, कुछ छात्रों ने, जिन्होंने उसे देखा, उसे नीचे उतारा और कर्मचारियों की मदद से उसे एमजीएम अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

प्रधानाचार्य बी. श्रीनिवास राव ने कहा कि वारंगल के दुपकुंटा गांव के बी. किरण राज की सुबह आठवीं के एक छात्र से टूथपेस्ट साझा करने को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद वह कथित तौर पर परेशान था और कहा जाता है कि उसने अपने कमरे में जाकर फांसी लगा ली।

इस बीच, एमजीएम अस्पताल के डॉक्टरों ने स्कूल अधिकारियों से बेहतर इलाज के लिए उन्हें हैदराबाद शिफ्ट करने को कहा है। हालांकि, उसके माता-पिता ने उसे हनमकोंडा के एक निजी अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया, जहां उसका इलाज चल रहा है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है। मदिकोंडा पुलिस ने कहा कि उन्हें रविवार शाम तक कोई शिकायत नहीं मिली है।



**तारनाका में पदयात्रा के दौरान बिहार समाज सेवा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी से भेंटकर रेलवे से संबंधित समस्याओं के बारे में एक ज्ञापन सौंपा। इसमें समाज के राष्ट्रीय चेयरमैन राजू ओझा, मीडिया प्रभारी व प्रवक्ता विकास सिंह, वरिष्ठ सदस्य भवनाथ मिश्रा, अजय मिश्रा, शम्भु मिश्रा, रिंटू ओझा आदि लोग शामिल थे।**

## हैदराबाद कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों ने आज छावनी खेल संघ के प्रमुख संरक्षक जंपन्ना प्रताप के सहयोग से कुश्ती कोच साईबाबा यादव के मार्गदर्शन में चल रहे कुश्ती प्रशिक्षण केंद्र का दौरा किया। उन्होंने कुश्ती में दी जा रही ट्रेनिंग की जानकारी ली। उन्होंने आगामी कुश्ती चुनाव में सहयोग करने को कहा। इस अवसर पर खेल संघ के मुख्य संरक्षक जंपन्ना प्रताप ने कुश्ती संघ के सदस्यों को सम्मानित किया। जम्पना प्रताप ने कहा कि वे कुश्ती संघ का समर्थन करेंगे, क्योंकि इसकी मान्यता के लिए चुनाव हो रहे हैं। इस मौके पर साईं बाबा यादव ने कहा कि पांच बार आंध्र केसरी से जीत चुके संतोष कुश्ती संघ का चुनाव लड़ रहे हैं। इस दौरान राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय पहलवान अभिमन्यु यादव, उस्मान, लिंगा योगेश, ताहिर व अन्य ने भाग लिया।





**श्री समर्थ कामधेनु गौशाल, जियागुडा में समर्थ नारायण महाराज व श्री प्रभुदासजी महाराज के सान्निध्य में आयोजित संगीतमय सुंदरकांड पाठ व अन्नकूट प्रसाद में भाग लेते हुए समाजसेवी गोपाल बल्दवा व अन्य भक्त।**

## मारवाड़ी युवा मंच ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



आसिफाबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मंचेरियाल मारवाड़ी युवा मंच द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 51 लोगों ने रक्तदान किया। इस संबंध में जानकारी देते हुए मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने कहां की पूरे तेलंगाना राज्य में मारवाड़ी युवा मंच की और से ब्लड बैंक के 100 कैंप लगाए जा रहे हैं इसी के तहत मंचेरियाल में भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच उपाध्यक्ष गोपाल व्यास, कोषाधिकारी सूर्यप्रकाश लाहोटी, सदस्य कृष्णा सोलंकी, कपूर माली, कैलाश राम, वागाराम सोलंकी, महेंद्र, किशोर, वैष्णव आदि ने रक्तदान किया।

## अभिनेत्रियों की तस्वीरों से छेड़छाड़ करने वाला शख्स गिरफ्तार

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद पुलिस ने टॉलीवुड अभिनेत्रियों की तस्वीरों से कथित रूप से छेड़छाड़ करने और उन्हें सोशल मीडिया प्लेफॉर्म पर साझा करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति पंडिरी वेंकट वीराजू (30), एपी के कोनसीमा जिले के निवासी, ने एक ट्विटर अकाउंट बनाया और अश्लील तस्वीरें पोस्ट की और उस पर अपमानजनक सामग्री लिखी। अभिनेत्री की शिकायत पर, पुलिस ने एक मामला दर्ज किया और उसे ट्रैक किया।



**लायंस क्लब ऑफ हैदराबाद रॉयल और सिकंदराबाद पर्ल्स के संयुक्त तत्वावधान में निंबोली अड्डा, अंबरपेट में नि: शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। वाइस गवर्नर लायन रेसु मल्ला रेड्डी ने शिविर का उद्घाटन किया। डॉ. उदय चव्हाण की टीम ने शिविर में 300 रोगियों का परीक्षण किया और दवा दी। 50 रोगियों की जाँच की गई और मौके पर ही नि:शुल्क चश्मा दिया गया।**



**पारसीगुट्टा आईमाता मंदिर में दिव्य ज्योति जागृति संस्थान द्वारा 1 से 4 दिसंबर तक आयोजित होने वाली श्रीहरि कथा में बतौर अतिथि भाग लेने के लिए सीरवी समाज अध्यक्ष जेसी चोलाराम हांबड, सचिव किशनसिंह राठौड़ को आमंत्रि करते हुए आयोजक भरत चौधरी, रामेश्वर, रविकिरण, भंवरलाल व मोतीलाल।**

## सीरवी समाज क्रिकेट प्रतियोगिता-5 के चौथे चरण के लीग मैच आयोजित



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सीरवी समाज हैदराबाद क्रिकेट प्रतियोगिता-5 समाज बन्धुओं के सान्निध्य में बी.एस.आर.क्रिकेट ग्राउण्ड नागोल मे पधारे मुख्यअतिथि सीरवी समाज शिक्षा समिति अध्यक्ष परसराम बर्फा व सीरवी समाज पूर्व अध्यक्ष जसराज सोलंकी, स्पोंसर व सीरवी समाज गणमान्य सम्मानिनत अतिथियों के उपस्थिति मे चौथे चरण के लीग मैचों का शुभारम्भ आईमाताजी की तस्वीर पर माल्यापर्ण व दीप प्रज्वलितकर किया गया। हर वर्ष की भांति सीरवी समाज प्रीमियर लीग-5 का आयोजन किया जा रहा है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों की 24 टीमों के मध्य चौथे चरण के मैच खेले गये। चौथे चरण का उद्घाटन मुकाबला प्रात: 8 बजे से आईजीगुटा 11 व निजामपेट चेलेंजर्स के मध्य खेला गया। पहले बल्लेबाजी करते हुए आईजीगुटा 11 ने 20 ओवर मे 7 विकेट के नुकसान पर 143 रन बनाये। रनों का पीछा करते हुए निजामपेट चेलेंजर्स की टीम ने 11 ओवर मेही 3 विकेट के नुकसान पर 145 रन बनाकर 7 विकेट से विजयी रही। निजामपेट चेलेंजर्स के चिरंजीवी को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ दी मैच से नवाजा गया। चौथे चरण मे उद्घाटन मैच के अलावा 11 मैच और खेले गये। जिसमे शमशाबाद बुल्स 8 विकेट, शंकरपल्ली ब्लास्टर 2 विकेट, एल.बी.नगर 30 रन, रामनगर बैशर्स 9 विकेट, सिकंदराबाद क्लब 7 विकेट, वॉर ईगल अलवाल 30 रन, आनंदबाग नाचारम 161 रन, गजवेल रॉयलर्स 6 विकेट, अल्मासगुडा नाईट राईडर्स् 1 रन, धम्माईगुडा डेविल 15 रन, टीएमजी टाईटेन्स 16 रनों से विजयी रही। पधारे अतिथियों, समाज बन्धुओं व खिलाड़ियों के लिए भोजन-प्रसादी की व्यवस्था कार्यक्रम स्थल पर की गयी। कार्यक्रम मे पधारे समाज के सम्मानित अतिथियों ने सीरवी समाज फ्रेन्डस् क्लब द्वारा किये जा रहे क्रिकेट टूर्नामेन्ट के लिए आयोजक बन्धुओं को बधाई देते हुए व सभी टीमों के खिलाडियों को शुभकामनाएँ देते हुए हिदायत दी कि खेल को खेल की भावना से खेले। ऐसी प्रतियोगिता के आयोजन से समाज की नयी प्रतिभाएँ उभरकर सामाने आती है। कार्यक्रम के अवसर पर प्रतियोगिता के स्पॉनसर व समाज के गणमान्य बन्धु उपस्थित रहे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष भाग...

### लव जिहाद और तुष्टिकरण...

भाजपा लगातार मुस्लिम तुष्टिकरण का आरोप लगाते हुए अपने विरोधी दलों पर निशाना साध रही है तो वहीं लव जिहाद भी भाजपा और संघ परिवार से जुड़े अन्य संगठनों के एजेंडे में शामिल है।

चुनाव प्रचार के दौरान असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा श्रद्धा की जघन्य हत्या को महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा बताते हुए लव जिहाद के खिलाफ कड़े कानून बनाने की मांग कर रहे हैं। सरमा यह कह रहे हैं कि इस देश के हर शहर में आफताब जैसा हत्यारा मौजूद है और बहन-बेटियों की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए लव जिहाद के खिलाफ मजबूत कानून बनाने की जरूरत है।

जाहिर तौर पर असम के मुख्यमंत्री मतदाताओं को यह संदेश देने का प्रयास कर रहे हैं कि लव जिहाद जैसे अपराधों से उन्हें सिर्फ भाजपा की मजबूत सरकार ही बचा सकती है।

वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी चुनाव प्रचार के दौरान तुष्टिकरण को लेकर विरोधी राजनीतिक दल कांग्रेस पर जमकर निशाना साध रहे हैं। गुजरात में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने भेंट द्वारका में बने अवैध और नकली मजार और कब्र को गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल सरकार द्वारा साफ करने और उस इलाके को अतिक्रमण से मुक्त करने एवं अवैध तस्करी पर अंकुश लगा कर, अपराधियों पर भी शिकंजा कसने की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि कांग्रेस कहती है कि भाजपा ध्रुवीकरण कर रही है।

उन्होंने जनता से पूछा कि नकली मजार और कब्रों को साफ करना चाहिए या नहीं? भारतीय जनता पार्टी की गुजरात सरकार इसी तरह साफ-सफाई चालू रखेगी। गुजरात को कर्फ्यू मुक्त प्रदेश बनाने का दावा करते हुए शाह लगातार कांग्रेस पर अपराधियों और असामाजिक तत्वों को बढ़ावा देने का आरोप लगा रहे हैं। चुनाव प्रचार अभियान में जुटे भाजपा के तमाम नेता कांग्रेस और आम आदमी पार्टी पर एक समुदाय विशेष के तुष्टिकरण का आरोप लगा रहे हैं।

### कश्मीर का मसला हल...

महबूबा बोलीं, हमें हमलावरों को खदेड़ना आता है :

महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार को चेतावनी देते हुए यह भी कहा कि सरकार को हमलावरों की तरह बर्ताव नहीं करना चाहिए, क्योंकि कश्मीर के लोगों को उन्हें खदेड़ना आता है। उन्होंने कहा, मैं भाजपा को यह बताना चाहती हूं कि जब पाकिस्तान से हमलावर आए थे, तब यहां भारतीय सेना नहीं पहुंच पाई थी। तब यहां के लोगों के पास बंदूकें भी नहीं थीं, इसके बावजूद लोगों ने हमलावरों को खदेड़ दिया था। इसलिए हमलावर मत बनिए, कश्मीरी लोग जानते हैं कि उन्हें कैसे भगाना है।

### भारत जोड़ो यात्रा : इंदौर...

गौरतलब है कि जूनी इंदौर क्षेत्र में मिठाई-नमकीन की एक दुकान को 17 नवंबर को डाक से मिले पत्र में वर्ष 1984 के सिख विरोधी दंगों का जिक्र किया गया था और भारत जोड़ो यात्रा के दौरान इंदौर के अलग-अलग स्थानों पर भीषण बम धमाकों के साथ राहुल गांधी व कमलनाथ को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया था।

अधिकारियों के मुताबिक, राहुल और यात्रा में शामिल अन्य लोग शहर के चिमनबाग मैदान में रात्रि विश्राम करेंगे। कांग्रेस की शुरूआती योजना के अनुसार, राहुल और इस यात्रा में शामिल लोगों को इंदौर के खालसा स्टेडियम में ठहराया जाना था, लेकिन आठ नवंबर को गुरु नानक जयंती के धार्मिक कार्यक्रम के दौरान सामने आए विवाद से यह योजना परवान नहीं चढ़ सकी। स्टेडियम में आयोजित इस कार्यक्रम में कमलनाथ के सम्मान के बाद मशहूर कीर्तनकार मनप्रीत सिंह कानपुरी ने 1984 के सिख विरोधी दंगों की तरफ स्पष्ट इशारा किया था और मंच से आयोजकों के खिलाफ तीखे शब्दों में नाराजगी जताई थी।

विवाद के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय नेताओं ने घोषणा की थी कि अगर राहुल की अगुवाई वाली भारत जोड़ो यात्रा के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने इस स्टेडियम में कदम रखा तो भाजपा कार्यकर्ता काले झंडे दिखाकर उनका विरोध करेंगे। 1984 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद भड़के सिख विरोधी दंगों में कमलनाथ की कथित भूमिका को लेकर भाजपा नेताओं द्वारा अक्सर आरोप लगाए जाते हैं। हालांकि, कमलनाथ और कांग्रेस के अन्य शीर्ष नेता ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते आए हैं।

### पार्टी में न किसी...

अगर किसी को ऐसा लगता है तो सबूत पेश करें। इस तरह का विवाद क्यों खड़ा किया गया है। मैंने किसी के ऊपर दोष या आरोप नहीं लगाया है। मेरी ओर से कोई शिकायत या समस्या नहीं है। मुझे सभी को एक साथ देखने में कोई समस्या नहीं है और न ही मुझे किसी से बात करने में कोई आपत्ति है।

# फुटबॉल वर्ल्ड कप...अर्जेंटीना जीता

*मैक्सिको को 2-0 से हराया, लियोनल मेसी ने मैराडोना के रिकॉर्ड की बराबरी की*



दोहा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। मेसी ने 21वां वर्ल्ड कप मैच खेला है। सबसे ज्यादा वर्ल्ड कप मैच खेलने के मामले में उन्होंने लिजेंड डिएगो माराडोना की बराबरी कर ली है। मेसी ने 8वां वर्ल्ड कप गोल भी दागा। दो बार की चैंपियन अर्जेंटीना ने कतर में चल रहे वर्ल्ड कप में अपनी उम्मीदें कायम रखी हैं। पहले मुकाबले में सऊदी अरब के हाथों बड़े उलटफेर का शिकार हुई इस टीम ने मैक्सिको पर 2-0 की जीत दर्ज करते हुए वापसी की। हालांकि, टीम को नॉकआउट में प्रवेश करने के लिए एक दिसंबर को पोलैंड से आखिरी लीग मुकाबला जीतना ही होगा।

अर्जेंटीना की ओर से लियोनल मेसी और एंजो फर्नांडो ने एक-एक गोल दागे। यह मेसी का 21वां मैच था। इसी के साथ उन्होंने अर्जेंटीना के ऑलटाइम ग्रेट डिएगो माराडोना के 21 मैच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। अर्जेंटीना ने मैक्सिको पर लगातार 11वीं जीत दर्ज की है। उसे पिछली हार 18 साल पहले 2004 में कोपा अमेरिका में मिली थी। तब मैक्सिको 1-0 से जीता था। लुसैल स्टेडियम में शनिवार-रविवार रात को अर्जेंटीना के लिए पहला गोल लियोनल मैसी ने 64वें मिनट में दागा। 35 साल के स्टार फुटबॉलर ने एंजेल डि मारिया के पास पर पेनल्टी बॉक्स के बाहर से गोल दागा। यह मैसी का 8वां वर्ल्ड कप गोल था। मुकाबले का दूसरा गोल युवा एंजो फर्नांडो ने 87वें मिनट में दागा। वे कॉर्नर के बाद बाद मेसी के छोटे पास को बॉक्स के अंदर तक लेकर गए और दर्शनीय गोल दागा।

**अर्जेंटीना ने 7 मैच बाद क्लीन शीट किया**

मेसी की टीम ने 7 वर्ल्ड कप मैचों के बाद क्लीन शीट किया है। पिछली दफा उसने 2014 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में ऐसा किया था। तब नीदरलैंड के साथ वह मुकाबला गोल रहित ड्रॉ रहा था। हालांकि, पेनल्टी में टीम फाइनल में प्रवेश कर गई।

**मैक्सिको ने वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना से चारो मैच हारे**

मैक्सिको ने वर्ल्ड कप में अर्जेंटीना के खिलाफ खेले गए चारों मुकाबले गंवाए हैं। अर्जेंटीना के खिलाफ सबसे अधिक वर्ल्ड कप गंवाने के मामले में वह नाइजीरिया से पीछे हैं। नाइजीरिया अर्जेंटीना से 5 मुकाबले हारा है।

## विवाद में फंसे इंग्लैंड फैंस, वेल्स समर्थकों के साथ मारपीट, कुर्सियां फेंकी, जमकर चलाए लात-घूंसे

फीफा विश्व कप 2022 में फिलहाल लीग स्तर के मैच जारी हैं और इंग्लैंड के फैंस लगातार विवादों में आ रहे हैं। पहले इंग्लैंड के फैंस ने कपड़ो को लेकर कतर का नियम तोड़ा था। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। अब इंग्लैंड और वेल्स के समर्थकों के बीच जमकर मारपीट हुई है। इस दौरान स्टेडियम में खूब लात-घूसे चले। फैंस ने एक दूसरे के ऊपर कुर्सियां भी फेंकी। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इंग्लैंड के फैंस के मजे ले रहे हैं।

इंग्लैंड के फैंस मैच के दौरान अपने आक्रामक रवैये के लिए बदनाम हैं। इससे पहले भी कई बार फुटबॉल मैच के दौरान इंग्लैंड के फैंस विपक्षी टीम के समर्थकों और पुलिस के साथ भी मारपीट कर चुके हैं। इसी वजह से नया विवाद सामने आने के बाद उनका मजाक बनाया जा रहा है। हालांकि, फीफा विश्व कप 2022 में यह पहला विवाद नहीं है। इससे पहले मैक्सिको के फैंस ने मेसी को गाली दी थी और मेसी के फैंस ने उनकी जमकर धुलाई की थी।

# पीसीबी की विश्व कप का बहिष्कार करने की हिम्मत नहीं

**रमीज राजा की 'गीदड़भभकी' पर बोले पाकिस्तान के पूर्व गेंदबाज**



खेल डेस्क, 27 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के प्रमुख रमीज राजा की हाल ही में एशिया कप 2023 पर बीसीसीआई (बीसीसीआई) के रुख और अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप का बहिष्कार करने की टिप्पणी ने विश्व क्रिकेट में काफी हलचल मचा दी है। हालांकि, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया को लगता है कि पीसीबी के पास ऐसा करने की हिम्मत नहीं है। दानिश कनेरिया ने रमीज राजा को कड़ी चेतावनी भी दी है।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने कुछ दिन पहले कहा था कि टीम इंडिया 2023 में एशिया कप के लिए पाकिस्तान की यात्रा नहीं करेगी। बीसीसीआई चाहेगा कि एशिया कप 2023 संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में आयोजित हो। जय शाह एशियाई क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के अध्यक्ष भी हैं। दानिश कनेरिया ने अपने यू-ट्यूब चैनल पर कहा, 'पीसीबी के पास इतनी हिम्मत नहीं है कि वह आईसीसी के किसी आयोजन का बहिष्कार कर दे। दूसरी ओर, अगर पाकिस्तान भारत में खेलने नहीं जाता है तो बीसीसीआई पर जरा भी फर्क नहीं पड़ेगा। बीसीसीआई के पास काफी बड़ा बाजार है, जिससे बहुत राजस्व आता है।'

दानिश कनेरिया ने आगे कहा, 'विश्व कप के लिए भारत नहीं जाने से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पर काफी असर पड़ेगा। पाकिस्तान क्रिकेट टीम निश्चित रूप से विश्व कप खेलने के लिए भारत जाएगी। तब पीसीबी के पदाधिकारी यही कहेंगे कि आईसीसी की तरफ से दबाव था, इसी कारण उसके पास कोई विकल्प नहीं था।' पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के चेयरमैन रमीज राजा ने पाकिस्तानी चैनल उर्दू न्यूज से बातचीत में कहा था, 'अगर भारतीय टीम पाकिस्तान में एशिया कप खेलने के लिए नहीं आएगी तो हम भी वहां विश्व कप में हिस्सा लेने के लिए नहीं जाएंगे।' रमीज राजा ने कहा था, 'अगर पाकिस्तान भारत में नहीं खेलेगा तो विश्व कप को कौन देखेगा? हमारी टीम प्रदर्शन कर रही है। हमने दुनिया में सबसे ज्यादा पैसा कमाने वाली टीम को हराया है।

हमने टी20 विश्व कप का फाइनल खेला है। मैं हमेशा कहता हूं कि अगर पाकिस्तान क्रिकेट का राजस्व बढ़ाना है तो हमारी टीम को अच्छा प्रदर्शन करना होगा।' रमीज राजा के बयान पर केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने एएनआई से कहा था, 'सही

# दूसरा वनडे बारिश के कारण रद्द

**भारत ने 12.5 ओवर में बनाए थे 1 विकेट पर 89 रन, तीसरा मैच बुधवार को**




हेमिल्टन, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच हेमिल्टन में रविवार को खेला गया वनडे मैच बारिश के कारण रद्द कर दिया गया। न्यूजीलैंड ने इस मुकाबले में टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। भारत ने 4.5 ओवर में बिना विकेट खोए 22 रन बनाए थे कि बारिश शुरू हो गई।

3 घंटे 47 मिनट बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो इसे प्रति पारी 29-29 ओवर का कर दिया गया। 8 ओवर का खेल और हुआ तो फिर बारिश शुरू हो गई। इसके बाद मैच मुमकिन नहीं हो सका और इसे रद्द कर दिया गया।




शुभमन गिल (42 गेंद पर 45 रन) और सूर्यकुमार यादव (25 गेंद पर 34 रन) नाबाद रहे। कप्तान शिखर धवन 10 गेंद पर 3 रन बनाकर मैट हैनरी की गेंद पर आउट हुए। इस तरह तीन मैचों की सीरीज में न्यूजीलैंड की 1-0 की बढ़त कायम है। तीसरा वनडे 30 नवंबर को क्राइस्टचर्च में खेला जाएगा।

# फ्रांस ने 12 वर्षों से चले आ रहे 'श्राप' को तोड़ा

*2006 में ब्राजील के बाद ऐसा करने वाली पहली टीम बनी*



दोहा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। फीफा वर्ल्ड कप का बुखार फैन्स के सिर चढ़कर बोल रहा है। यह वर्ल्ड कप अब धीरे-धीरे रोमांचक स्थिति में पहुंचता जा रहा है। टीमें राउंड ऑफ-16 में पहुंचने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हालांकि, डिफेंडिंग चैंपियंस फ्रांस ने अब तक शानदार प्रदर्शन किया है और ग्रुप स्टेज में अपने दोनों मैच जीतकर इस वर्ल्ड कप में राउंड ऑफ-16 के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली टीम बन गई। फ्रांस ने शनिवार को डेनमार्क को 2-1 से हरा दिया। इससे पहले टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 4-1 से हराया था।

डेनमार्क पर जीत के साथ ही फ्रांस ने पिछले 12 सालों से चले आ रहे एक 'श्राप' को तोड़ दिया। दरअसल, 2010 फीफा वर्ल्ड कप से लेकर 2018 वर्ल्ड कप तक डिफेंडिंग चैंपियंस टीमें पहले ही राउंड से बाहर हो रही थीं। ऐसा पहली बार 2002 में हुआ था, जब 1998 की चैंपियन फ्रांस की टीम 2002 वर्ल्ड कप के ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। हालांकि, 2006 में ब्राजील ने इसे गलत साबित किया था। ब्राजील की टीम 2002 फीफा वर्ल्ड कप की चैंपियन थी और 2006 फीफा वर्ल्ड कप के राउंड क्वार्टरफाइनल में पहुंचने में कामयाब रही थी। हालांकि, तब क्वार्टरफाइनल में फ्रांस ने ब्राजील को हरा दिया था। 2006 का विश्व कप इटली ने फ्रांस को फाइनल में पेनल्टी शूटआउट में 5-3 से हराकर जीता था। 2010 फीफा वर्ल्ड कप स्पेन ने अपने नाम किया था। ब्राजील में हुए 2014 फीफा वर्ल्ड कप में डिफेंडिंग चैंपियंस स्पेन की टीम ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी। जर्मनी की टीम ने 2014 वर्ल्ड कप ट्रॉफी अपने नाम की। रूस में हुए 2018 फीफा वर्ल्ड कप में जर्मनी की टीम को ग्रुप स्टेज में दक्षिण कोरिया ने हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया था और यह प्रथा जारी रहा। 2018 में फ्रांस चैंपियन बना। ऐसे में कतर में खेले जा रहे इस विश्व कप में फ्रांस पर खतरा मंडरा रहा था। हालांकि, टीम ने इसे गलत साबित करते हुए राउंड ऑफ-16 के लिए क्वालिफाई किया और 2006 में ब्राजील के बाद फीफा वर्ल्ड कप के अगले राउंड के लिए क्वालिफाई करने वाली पहली चैंपियन टीम बन गई। फ्रांस ने दो बार विश्व कप जीता है। 1998 और 2018 में टीम चैंपियन बनी थी।

## कतर में कैमल फ्लू का खतरा

विश्व स्वास्थ्य संगठन से जुड़े डॉक्टरों ने चेतावनी दी है कि फीफा विश्व कप के दौरान कतर में कैमल फ्लू भी फैल सकता है। यह बीमारी कोरोनवायरस और मंकीपॉक्स जैसी गंभीर बीमारियों की तरह खतरनाक है। फीफा विश्व कप की वजह से दुनियाभर के फुटबॉल फैन इस देश में पहुंचे हैं और इन दर्शकों के बीच कैमल फ्लू फैलने का खतरा है। न्यू माइक्रोब्स एंड न्यू इंफेक्शन नामक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार, वैज्ञानिकों ने पाया कि दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसक कतर में 2022 फीफा विश्व कप देखने के लिए उमड़ रहे हैं, लेकिन इससे संक्रामक रोग का खतरा बढ़ गया है। फैंस स्थानीय लोगों के साथ-साथ खिलाड़ी भी कैमल फ्लू की चपेट में आ सकते हैं। कैमल फ्लू के अलावा भी कई बीमारियां फैंस के बीच फैल सकती हैं।

अध्ययन के अनुसार, वेक्टर-जनित रोग जैसे कि त्वचीय लीशमैनियासिस, मलेरिया, डेंगू, रेबीज, खसरा, हेपेटाइटिस ए और बी के फैलने का खतरा कतर में बना हुआ है। हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने एक ऐसे वायरस की पहचान की है, जो आने वाले समय में महामारी पैदा कर सकता है।

# फैन्स ने पहनी ऐसी ड्रेस कि हो गया बवाल स्टेडियम के बाहर ही उतरवाए कपड़े!



कतर, 27 नवंबर (एजेंसियां)। कतर में जारी फीफा वर्ल्ड कप 2022 लगातार सुर्खियां बटोर रहा है. धमाकेदार मैच के अलावा इस बार सुर्खियां कतर में बनाए गए नियमों को लेकर हैं. क्योंकि यहां शराब, स्मोकिंग, कपड़े पहनने समेत अन्य कई बातों को लेकर सख्त नियम बनाए गए हैं, जिनसे फैन्स परेशान हैं. ऐसा ही कुछ नए इंग्लैंड के फैन्स के साथ किया गया है, जिसको लेकर विवाद हुआ है.

डेलीस्टार की खबर के मुताबिक, शुक्रवार को इंग्लैंड और अमेरिका के बीच जो मैच हुआ उस दौरान इंग्लैंड के कुछ फैन्स को स्टेडियम में जाने से रोक दिया गया. ऐसा इसलिए किया गया क्योंकि उन्होंने कुछ ऐसे कपड़े पहने थे जिनपर गाड्र्स ने आपत्ति जताई थी. इंग्लिश फैन्स अक्सर मैदान में फैन्सी ड्रेस या कोई मैसेज देने वाली ड्रेस पहने हुए नज़र आते हैं. यहां कुछ फैन्स क्रूसेडर की तरह कपड़े पहनकर स्टेडियम में पहुंचे थे. लेकिन स्टेडियम के बाहर मौजूद गाड्र्स ने उन्हें रोक दिया. सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो सामने आए हैं, जहां पर फैन्स और गाड्र्स के बीच स्टेडियम के बाहर बहस हो रही है. क्रूसेडर को लेकर विवाद इसलिए है क्योंकि पूर्व में ईसाइयों द्वारा मुस्लिम देशों या राजशाहियों पर हमले का इतिहास रहा है. यही कारण है कि इस तरह की ड्रेस कतर में अपमानजनक है. मैदान के ऑफिशियल्स द्वारा इस बारे में जानकारी भी दी गई है और सभी फैन्स से इस तरह का कॉस्ट्यूम नहीं पहनने के लिए कहा गया है. हालांकि, कतर में जिस तरह के सख्त नियम हर मसले पर बनाए जा रहे हैं उससे फैन्स को काफी परेशानियां हो रही हैं.

आपको बता दें कि फीफा वर्ल्ड कप 2022 के बीच कतर में कई तरह की पाबंदियां लगाई गई हैं. मसलन खुले में शराब की बिक्री नहीं हो रही है, कुछ निर्धारित जगह पर ही शराब, बीयर मिल रही है. महिलाओं के स्टेडियम में छोटे कपड़े पहनने पर मनाही है. अमेरिकन और यूरोप की मीडिया ने लगातार कतर द्वारा लगाई गई पाबंदियों पर सवाल खड़े किए हैं. फीफा द्वारा भी आपत्ति जताई गई है, हालांकि कतर अपने नियमों के मुताबिक ही आगे बढ़ रहा है. जिसको लेकर चर्चाएं लगातार जारी हैं.

# पांच बच्चों की मां मेसी की फैन

**मैच देखने केरल से अकेले कतर पहुंची फिर पूरा हुआ सपना**



दोहा, 27 नवंबर (एजेंसियां)। अर्जेंटीना के स्टार लियोनल मेसी की फैन केरल की एक महिला अपनी 'कस्टमाइज्ड एसयूवी' से अपनी पसंदीदा टीम का विश्वकप मैच देखने अकेले कतर पहुंच गई। खलीज टाइम्स की खबर के अनुसार पांच बच्चों की मां नाजी नौशी ने केरल से 15 अक्तूबर को खाड़ी देशों की यात्रा शुरू की और संयुक्त अरब अमीरात पहुंची।

33 साल की नौशी अपने 'हीरो' मेसी और अर्जेंटीना को विश्व कप में खेलते हुए देखना चाहती थीं। हालांकि सऊदी अरब से अर्जेंटीना को मिली हार से उनका दिल टूटा, लेकिन उन्हें उम्मीद थी कि अर्जेंटीना अगले मैच में जीत हासिल कर वापसी करेगी और ऐसा ही हुआ।

अखबार ने उनके हवाले से कहा, 'मैं अपने 'हीरो' लियोनल मेसी को खेलते हुए देखना चाहती हूं। सऊदी अरब से मिली हार मेरे लिए निराशाजनक थी, लेकिन मुझे पूरा भरोसा है कि यह ट्रॉफी जीतने की राह में छोटी सी बाधा होगी।' नौशी के उम्मीद के अनुसार दूसरे मैच में ऐसा ही हुआ। मेसी ने शानदार खेल दिखाते हुए एक गोल किया और दूसरे गोल में मदद की। इस दौरान उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम किए। अर्जेंटीना ने यह मैच 2-0 से जीतकर शानदार वापसी की और नौशी का सपना पूरा हो गया। नौशी ने पहले अपनी 'एसयूवी' को मुंबई से ओमान पहुंचाया और संयोग से यह दाएं हाथ की ओर 'स्टीयरिंग' वाली गाड़ी देश में भेजी जाने वाली पहली भारतीय पंजीकृत कार है। उन्होंने मस्कट से अपनी यात्रा शुरू की और हाटा बॉर्डर से अपनी एसयूवी में यूएई पहुंची। इस दौरान वह दुबई में स्थित दुनिया की सबसे ऊंची इमारत बुर्ज खलीफा देखने भी रूकीं।

**कार में ही बनी है रसोई**

इस एसयूवी में अंदर ही 'रसोई' है और इसकी छत पर एक टेंट जुड़ा हुआ है। नौशी ने कार का नाम 'ऊलू' रखा हुआ है, जिसका मलयालम भाषा में अर्थ 'शी' (महिला) होता है। नौशी ने कार में चावल, पानी, आटा, मसाले और अन्य सूखी चीजें रखी हुई हैं। उन्होंने अखबार से कहा, 'मैं खुद ही खाना बनाने की कोशिश करती हूं।

इससे निश्चित रूप से पैसा बचता है और 'फूड प्वाजनिंग' का भी जोखिम कम रहता है।'

# संजू सैमसन को दूसरे वनडे में क्यों नहीं खिलाया? कप्तान शिखर धवन ने बताया कारण

नई दिल्ली, 27 नवंबर (एजेंसियां)। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को खेला गया दूसरा वनडे मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया. टीम इंडिया ने यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए 12.5 ओवर में एक विकेट खोकर 89 रन बना लिए थे, लेकिन इस दौरान बारिश आई और मैच को रद्द ही करना पड़ा. हालांकि, इस मैच में प्लेइंग-11 को लेकर विवाद हुआ क्योंकि एक बार फिर संजू सैमसन को ड्रॉप किया गया था. कप्तान शिखर धवन ने संजू सैमसन को ड्रॉप करने की वजह मैच के बाद बताई. शिखर धवन ने कहा कि हम लोग छठे बॉलिंग ऑप्शन को ट्राई करना चाहते थे, यही कारण रहा कि दीपक हुड्डा को प्लेइंग-11 में लाया गया और संजू सैमसन को बाहर बैठना पड़ा. साथ ही दीपक चाहर की वापसी हुई क्योंकि वह स्विंग करवा सकते हैं, साथ ही बल्लेबाजी भी कर सकते हैं.

**कब तक 'दर्शक' बने रहेंगे संजू? मौका ना मिलने पर उठे सवाल**

बता दें कि संजू सैमसन को पहले वनडे में खिलाया गया था, जहां उन्होंने 36 रनों की पारी खेली थी. लेकिन दूसरे मैच में उन्हें ड्रॉप कर दिया गया था, प्लेइंग-11 सामने आने के बाद सोशल मीडिया फैन्स काफी खफा हुए थे और संजू सैमसन के साथ हो रहे भेदभाव को लेकर बीसीसीआई को निशाने पर लिया था.

मैच को लेकर कप्तान शिखर धवन ने कहा कि मौसम हमारे हाथ में नहीं हैं, हम सिर्फ बारिश रुकने का इंतज़ार कर रहे थे लेकिन



अंत में चीज़ें सही नहीं हुईं. पिच को देखकर हम हैरान थे, क्योंकि शुरुआत में लग रहा था कि यहां पर सीम होगी लेकिन बल्लेबाजी के लिए यह अच्छी पिच निकली. शिखर बोले कि भले ही कई खिलाड़ियों को आराम दिया गया है, लेकिन फिर भी टीम काफी मजबूत है और हमारे पास कई ऑप्शन हैं. अगर दूसरे वनडे की बात करें तो हैमिल्टन में हुए इस मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीता था और पहले बॉलिंग का फैसला लिया था. टीम इंडिया ने 1 विकेट खोकर 89 रन बनाए, शुभमन गिल ने 45 और सूर्यकुमार यादव ने 35 रनों की पारी खेली जबकि शिखर धवन तीन ही रन बना पाए. मैच को पहले 50 ओवर से घटाकर 29 ओवर का किया गया,

# राज्य भर में अंगों के परिवहन के लिए हेलिकॉप्टरों का उपयोग करेगी सरकार : हरीश




हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। स्वास्थ्य मंत्री टी. हरीश राव ने रविवार को गांधी अस्पताल में राष्ट्रीय अंगदान दिवस समारोह में भाग लेते हुए कहा कि सरकारी अस्पतालों में अधिक अंग प्रत्यारोपण सर्जरी के लिए, राज्य सरकार जिला अस्पतालों से हैदराबाद के शिक्षण अस्पतालों तक ब्रेन डेड रोगियों के दान किए गए अंगों को ले जाने के लिए हेलिकॉप्टर का उपयोग करेगी। सरकारी अस्पतालों में ब्रेन डेड पीड़ितों के परिवार के सदस्यों को मृतक के अंगदान के लिए सहमति देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए, राज्य सरकार मृतक के बच्चों को सरकारी आवासीय स्कूलों में मुफ्त प्रवेश प्रदान करने की संभावना तलाश रही है तथा किफायती आवास योजना के तहत बनाए जा रहे 2 बेडरूम आवंटित करने में भी प्राथमिकता दे रही है।

इस अवसर पर मंत्री ने ब्रेन डेड पीड़ितों के परिजनों को सम्मानित किया जिन्होंने अंगदान के लिए सहमति दी थी। उन्होंने कहा कि सरकारी अस्पतालों को अंग प्रत्यारोपण में निजी अस्पतालों के साथ प्रतिस्पर्धा करनी चाहिए, उन्होंने कहा कि जिला अस्पतालों में सामान्य चिकित्सा और न्यूरोलॉजी के डॉक्टरों को एक साथ काम करना होगा ताकि आईसीयू देखभाल का जवाब नहीं देने वाले ट्रॉमा रोगियों को ब्रेन डेड घोषित किया जा सके। हरीश राव ने कहा कि हैदराबाद में तृतीयक अस्पतालों और जिलों के अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के लिए समन्वय करना चाहिए कि दाता अंगों का निरंतर प्रवाह हो।

वर्तमान में, जीवनदान की प्रतीक्षा सूची में 3,000 से अधिक रोगी हैं जबकि दाता अंगों की उपलब्धता केवल सैकड़ों में है। अंग दान और प्रत्यारोपण के मामले में, तेलंगाना अन्य भारतीय राज्यों में सबसे अच्छा है। हालांकि, भारी मांग के कारण हम पीछे हैं। दाता अंगों के लिए प्रतीक्षा समय कम करना होगा।

अंग प्रत्यारोपण के लिए बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए, राज्य सरकार ने गांधी अस्पताल में अत्याधुनिक बहु-अंग प्रत्यारोपण केंद्र के निर्माण के लिए 35 करोड़ रुपये जारी किए हैं। हाई-एंड सुविधा छह महीने में तैयार हो जाएगी। निम्स अस्पताल पहले से ही प्रत्यारोपण कर रहा है, लेकिन इसे और अधिक आक्रामक तरीके से करने की जरूरत है। मंत्री ने स्वीकार किया कि उच्च न्यायालय में एक कानूनी मामला लंबित है, जो राज्य सरकार को ओजीएच परिसर में निर्माण कार्य करने से रोक रहा है। उन्होंने कहा कि मुझे यकीन है कि ओजीएच में प्रतिभाशाली सर्जन मौजूदा बुनियादी ढांचे का उपयोग करके अंग प्रत्यारोपण सर्जरी करने में सक्षम होंगे।

## तेज रफ्तार वाहन ने तेदेपा नेता को टक्कर मारी, अस्पताल में भर्ती

नेल्लोर, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के नेल्लोर इकाई के अध्यक्ष कोटम रेड्डी श्रीनिवासुलु रेड्डी को शनिवार को एक दुर्घटना के बाद नेल्लोर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, एक तेज रफ्तार वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जब तेदेपा नेता घर की ओर जा रहे थे। घटना का सीसीटीवी फुटेज इंटरनेट पर सामने आया, जिसमें यह घटना कैद हो गई। घटना स्थल पर मौजूद लोगों के एक समूह द्वारा दुर्घटना के कारण वाहन का पीछा किया गया, सीसीटीवी फुटेज से पता चला। ड्राइवर की पहचान राजशेखर रेड्डी के रूप में हुई है, जो कोटामरेड्डी श्रीनिवासुलुरेड्डी के बेटे का सहपाठी और करीबी दोस्त है। कोटम रेड्डी श्रीनिवासुलु रेड्डी को तुरंत अपोलो अस्पताल ले जाया गया और उनका एक पैर घायल हो गया। कोटम रेड्डी का इलाज डॉक्टरों की देखरेख में किया जा रहा है।

अब्दुल अजीज और तेदेपा के अन्य नेताओं के साथ अस्पताल में पीड़ित से मिलने पहुंचे पूर्व मंत्री चंद्रमोहन रेड्डी ने कहा, कोटामरेड्डी को उनके घर के पास खड़े होने पर एक कार ने टक्कर मार दी, यह घटना जिले में सुरक्षा की स्थिति को दर्शाती है।

# निर्मल कस्बे को सुंदर बनाने के प्रयास जारी : इंद्रकरण



निर्मल, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। वन मंत्री अल्लोला इंद्रकरण रेड्डी ने कहा कि प्रयास निर्मल शहर को सुशोभित करने के लिए है। उन्होंने रविवार को यहां एडगांव से कौतला (के) तक सड़क की मरम्मत के कार्यों का निरीक्षण किया। इंद्रकरन रेड्डी ने कहा कि निर्मल जिला कई पहलुओं में आगे बढ़ रहा है और जिला मुख्यालय अभूतपूर्व बदलाव के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में कई सड़कों को चौड़ा किया गया और जंक्शनों का सौंदर्यीकरण किया गया। उन्होंने कहा कि जल्द ही शहर के चारों दिशाओं में मेहराब स्थापित किए जाएंगे। मंत्री ने आगे कहा कि मरम्मत का काम जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मिशन भगीरथ की पाइप लाइन बिछाने के लिए सड़कों के दोनों ओर की खुदाई को 10 दिनों तक पूरा करने और स्थानीय लोगों को होने वाली असुविधा से बचने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वर्ण वागू पर 6 करोड़ रुपये की लागत से एक उच्च स्तरीय पुल का काम जल्द शुरू किया जाएगा।

मंत्री ने कलेक्टर मुशर्रफ अली फारुकी के साथ सिद्दापुर में बन रहे 600 डबल बेडरूम घरों के कार्यों का भी निरीक्षण किया और निर्मल कस्बे में शादी मुबारक और कल्याण लक्ष्मी के चेक सौंपे। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष गंधरथ ईश्वर, किसान कृषि सहकारी समिति के अध्यक्ष धर्माजी राजेंदर, टीआरएस के नगर अध्यक्ष मारुगोंडा रामू, स्थानीय पार्षद समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# केसीआर अगले 20 साल तक मुख्यमंत्री रहेंगे : तलसानी




हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पशुपालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि के. चंद्रशेखर राव अगले 20 वर्षों तक तेलंगाना के मुख्यमंत्री के रूप में बने रहेंगे।

तेलंगाना राष्ट्र समिति हैदराबाद इकाई की आम सभा की बैठक रविवार को यहां तेलंगाना भवन में हुई। मंत्री, विधायक, एमएलसी और अन्य निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित जीएचएमसी के टीआरएस नेता उपस्थित थे। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने कहा कि तेलंगाना केवल राज्य है जो विभिन्न वर्गों के लोगों के लिए बड़ी संख्या में कल्याणकारी योजनाएं लागू कर रहा है और ऐसी योजनाएं किसी अन्य राज्य में नहीं मिल सकती हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के नेताओं को पार्टी को मजबूत करने के लिए कड़ी मेहनत करनी चाहिए और नेताओं को पार्टी अध्यक्ष के चंद्रशेखर राव उचित समय पर पहचान देंगे।

यह आरोप लगाते हुए कि केंद्र की भाजपा सरकार राजनीतिक कारणों से संवैधानिक निकायों का दुरुपयोग कर रही है, श्रीनिवास यादव ने कहा कि टीआरएस भगवा पार्टी की शरारती रणनीति से डरती नहीं है और टीआरएस चुनाव की लड़ाई में भाजपा को एक उपयुक्त सबक सिखाने के लिए तैयार है।

उन्होंने पूछा कि हम गर्व से कह सकते हैं कि तेलंगाना ने राज्य के गठन के बाद से अभूतपूर्व विकास देखा है और विकास के फल सभी वर्गों के लोगों तक पहुंचे हैं। क्या लोगों का कल्याण के लिए भाजपा नेता एक अच्छी योजना का नाम दे सकते हैं जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल के दौरान किया है। इस अवसर पर मंत्री महमूद अली, एमएलसी प्रभाकर राव, वाणी देवी, विधायक कलेरू वेंकटेश, विवेकानंद, दानम नागेंद्र, सयाना, मुठा गोपाल और मगंती गोपीनाथ, डिप्टी मेयर एम. श्रीलता और अन्य नेता मौजूद थे।

## मछुआरा सहकारी समितियों के नये सदस्य के रूप में नामांकन करें : महिपाल रेड्डी



संगारेड्डी, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। पटनचेरु के विधायक गुडेम महीपाल रेड्डी ने युवा मछुआरों से मत्स्य विभाग के साथ अपना नाम दर्ज करने का आह्वान किया है, क्योंकि राज्य सरकार ने राज्य भर में नई मछुआरा सहकारी समितियां बनाने का फैसला किया है।

रविवार को पटनचेरु मंडल के चितकुल और लकदारम गांवों में दो टैंकों में मछली छोड़ने के बाद मछुआरा समुदाय को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति तेलंगाना में मछुआरा समाज में सदस्यता पाने के पात्र हैं। यह कहते हुए कि मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य भर में जल निकायों में मुफ्त मछली छोड़ कर राज्य में एक नीली क्रांति की शुरुआत की, रेड्डी ने कहा कि तेलंगाना सरकार मछुआरा समुदाय को उनकी आय बढ़ाने के लिए हर संभव सहायता प्रदान कर रही है। राज्य सरकार सभी जाति-आधारित व्यवसायों के लिए बेहतर आय स्रोत बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक ने रविवार को दोनों जलाशयों में 5.21 लाख मछलियों को छोड़ा। चितकुल सरपंच नीलम मधु, लकड़ाराम सप्रंच सुवर्णा माणिक रेड्डी, टीआरएस नेता दशरथ रेड्डी, श्रीशैलम यादव और मत्स्य पालन समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# केटीआर ने विश्व तेलंगाना आईटी सम्मेलन लोगो लॉन्च किया



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार और तेलंगाना सूचना प्रौद्योगिकी संघ (टीआईटीए) संयुक्त रूप से अप्रैल 2023 में सिंगापुर में विश्व तेलंगाना सूचना प्रौद्योगिकी सम्मेलन (डब्ल्यूटीआईटीसी) का आयोजन करेंगे। यहां थब में सम्मेलन के लोगो का अनावरण करते हुए, मंत्री के.टी. रामा राव ने कहा कि सम्मेलन का उद्देश्य तेलंगाना के आईटी पेशेवरों को दुनिया भर में एक मंच पर लाना है। मंत्री ने तेलंगाना सूचना प्रौद्योगिकी संघ (टीआईटीए) की उसके दशकीय समारोहों के हिस्से के रूप में सम्मेलन आयोजित करने की पहल के लिए सराहना की।

सम्मेलन प्रौद्योगिकी विनिमय और नवाचार पर केंद्रित होगा। मंत्री ने एसोसिएशन को अपने कार्यक्रम के लिए हर संभव मदद का आश्वासन दिया। मंत्री ने कहा कि सिंगापुर में इस सम्मेलन के माध्यम से राज्य के लिए निवेश की गुंजाइश है और वैश्विक आयोजन के लिए एसोसिएशन की सफलता की कामना की। मंत्री ने तेलुगु तकनीकी विशेषज्ञों से भी बड़ी संख्या में सम्मेलन में भाग लेने की अपील की।

इस अवसर पर बोलते हुए, टिटा ग्लोबल के अध्यक्ष संदीप कुमार मकथला ने सिंगापुर में आयोजित होने वाले विश्व तेलंगाना आईटी सम्मेलन के लिए अपना समर्थन देने के लिए तेलंगाना सरकार को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि सम्मेलन में टीएस सरकार के मंत्री, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों के प्रतिनिधियों के अलावा स्टार्ट-अप और छात्र नवप्रवर्तनकर्ता शामिल होंगे। सम्मेलन प्रौद्योगिकी विनिमय और नवाचार का गवाह बनेगा। एग्रीटेक, फिनटेक, एडुटेक, हेल्थटेक, मशीन लर्निंग, एआई, रोबोटिक्स वैश्विक सम्मेलन के प्रमुख फोकस क्षेत्र होंगे। मकथला ने कहा कि सम्मेलन के गणमान्य व्यक्तियों और अन्य प्रतिभागियों को निमंत्रण दिया जाएगा। टीआईटीए प्रमुख ने कहा कि सम्मेलन का आयोजन एसोसिएशन के दशकीय समारोहों के हिस्से के रूप में किया जा रहा था और इसी तरह के वैश्विक कार्यक्रम हर दो साल में एक अलग वैश्विक स्थल पर आयोजित किए जाएंगे। लोगो के अनावरण समारोह में टिटा के राज्य सचिव विनय तुमू, सदस्य श्रीनिवास मारी, श्रावणी बशरराज, क्रांति, वैद्यनाथ उपस्थित थे।

## काचीगुडा-तिरुपति-काचीगुडा के बीच विशेष ट्रेनें

हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अतिरिक्त भीड़ को दूर करने के लिए, दक्षिण मध्य रेलवे (एससीआर) काचीगुडा-तिरुपति-काचीगुडा के बीच विशेष ट्रेनें चलाएगा। ट्रेन संख्या 07473 (काचीगुडा-तिरुपति) 2, 9, 16, 23 और 30 दिसंबर को शुक्रवार को दोपहर 17.20 बजे काचीगुडा से रवाना होगी और अगले दिन सुबह 7.20 बजे तिरुपति पहुंचेगी। ट्रेन नंबर 07474 (तिरुपति-काचीगुडा) 3,10,17,24 और 31 दिसंबर को शनिवार को 19.30 बजे तिरुपति से रवाना होकर अगले दिन सुबह 9.10 बजे काचीगुडा पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेनें दोनों दिशाओं में मलकाजगिरी, जंगों, काजीपेट, वारंगल, महबूबाबाद, दोर्नाकल, खम्मम, मधिरा, विजयवाड़ा, तेनाली, चिराला, ओंगोल, नेल्लोर, गुडूर और रेनिगुंटा स्टेशनों पर रुकेंगी.

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## राज्यपाल सुंदरराजन के खिलाफ प्रस्ताव पेश करने की योजना बना रही टीआरएस सरकार


हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना सरकार राज्यपाल के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश करने पर विचार कर रही है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टीतेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के एक नेता ने कहा कि तेलंगाना सरकार दो महीने से अधिक समय पहले राज्य विधानसभा द्वारा लाए गए कई विधेयकों के प्रति राज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सुंदरराजन के कथित अड़ियल रवैये के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश करने पर विचार कर रही है। नाम न छापने की शर्त पर नेता ने कहा कि यह प्रस्ताव विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पारित किया जाएगा।शीतकालीन सत्रदिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने की संभावना है। टीआरएस नेता ने कहा किमुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने राज्य के विधायी मामलों के मंत्री वेमुला प्रशांत रेड्डी को दिसंबर में एक हफ्ते तक चलने वाले विधानसभा सत्र की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। उन्होंने आगे कहा कि इस सत्र मेंएक और प्रस्ताव लाया जाएगा, जिसमें केंद्र से संविधान के अनुच्छेद 200 में संशोधन के लिए कदम उठाने का अनुरोध किया जाएगा। जिसमें विधायिका द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राज्यपालों को एक विशिष्ट समय सीमा तय करने का प्रस्ताव होगा,भले ही वे कुछ आधारों पर विधेयकों को स्वीकृत या अस्वीकार करने का निर्णय लेते हों।

14 सितंबर को तेलंगाना विधानसभा ने आठ विधेयक पारित किए थे। इनमें से एक विधेयक15 राज्य विश्वविद्यालयों में नियुक्तियोंके लिए एक सामान्य भर्ती बोर्ड के गठन को लेकर है, राज्यपाल इन विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति हैं। आठ बिलों में से सात राजभवन की ओर से लंबित हैं,जो मुख्यमंत्री राव और राज्यपाल सुंदरराजन के बीच मतभेदों के संभावित विस्तार का संकेत देता है। राज्यपाल ने उन्हें एक विधेयक-तेलंगाना माल और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2022 को मंजूरी दे दी है। इस विधेयक मेंजून में केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा आयोजित जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार माल और सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में कुछ और वस्तुओं को शामिल करने की मांग की गई थी।हालांकि, सात विधेयकअभी भी राज्यपाल की सहमति का इंतजार कर रहे हैं।

राजभवन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पहले कहा था कि राज्यपाल किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से पहले प्रत्येक फाइल को देखेंगे।केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल जैसे कई गैर-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने भी अतीत में संबंधित राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों को मंजूरी देने में राज्यपाल की देरी पर चिंता जताई है।

# जंगल का अतिक्रमण कर बसाई गई येराबोडु गुट्टी कोया बस्ती

## राज्य वन विभाग ने पेश किया सबूत



केत्तागुडेम, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य वन विभाग यह साबित करने के लिए सबूत लेकर आया है कि येराबोडु गुट्टी कोया बस्ती, जहां हाल ही में जिले में वन रेंज अधिकारी सीएच श्रीनिवास राव की मौत हो गई थी, यह एक बड़े क्षेत्र में जंगलों को नष्ट करने के बाद किया गया अतिक्रमण था।

वन विभाग के अधिकारियों के पास अपने तर्क को साबित करने के लिए कार्टोसैट इमेजरी के आधार पर फोटोग्राफिक साक्ष्य हैं। जिला वन अधिकारी (डीएफओ) रंजीत नाइक ने कहा कि विभाग द्वारा प्राप्त इमेजरी स्पष्ट रूप से 2013 से पहले घने जंगल के अस्तित्व को दर्शाती है। इमेजरी की समयरेखा गुट्टी कोया और एक वर्ग के दावों का खंडन करने के लिए पर्याप्त है। मीडिया जो कह रहे थे कि बस्ती के निवासी 2003 से वहां रह रहे है। येराबोडु के गुट्टी कोयस ने 2014-15 में ही पोडु की खेती शुरू की है। सैटेलाइट इमेजरी 2013 तक घने जंगलों के अस्तित्व को दिखाती है, और जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता है, हरियाली कैसे गायब होने लगती है, दूसरे शब्दों में, वन क्षेत्र का क्रमिक विनाश। 2015-2016 तक, कुछ झोपड़ियाँ सतह पर आने लगती हैं और 2018 तक, कई मानव निर्मित संरचनाओं के साथ एक बड़ी बस्ती है, और पेड़ों से रहित एक बड़ी जगह है। नाइक ने कहा कि यह गुट्टी कोया बस्ती चंद्रगोंडा मंडल की बेदलपाडु ग्राम पंचायत के अंतर्गत आती है और कनकगिरी पहाड़ियों का हिस्सा थी।

बस्ती में एफआरओ की हत्या की जांच के दौरान डीएफओ (सतर्कता) रमना रेड्डी के साथ आए एक वरिष्ठ वन अधिकारी के अनुसार, कुल वनों की कटाई का क्षेत्र लगभग 35 हेक्टेयर था, जिसमें से 15 हेक्टेयर कोत्तागुडेम डिवीजन में और 20 हेक्टेयर खम्मम डिवीजन में आता है।

वनों की कटाई के 15 हेक्टेयर क्षेत्र में से 10 हेक्टेयर को पुनः प्राप्त कर लिया गया और एक वृक्षारोपण विकसित किया गया। अनुसूचित जनजाति और अन्य पारंपरिक वनवासी (आरओएफआर) अधिनियम, 2006 के अनुसार, पोडू काश्तकारों को केवल खेती के अधिकार का प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

जिन लोगों को अधिकार का प्रमाण पत्र दिया गया था, वे अपनी आजीविका के लिए केवल एक छोटे से टुकड़े पर खेती कर सकते थे, लेकिन वे उस भूमि के मालिक नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि ऐसी भूमि का स्वामित्व वन विभाग के पास रहता है

## निजामपेट में एक एकड़ जमीन से हटाया गया अतिक्रमण



हैदराबाद, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (एचएमडीए) और मेडचल-रंगा रेड्डी जिला राजस्व अधिकारियों के अधिकारियों की विशेष टीमों ने शनिवार को निज़ामपेट में लगभग एक एकड़ भूमि पर अतिक्रमण हटा लिया। निजामपेट में सर्वे नंबर 332 सरकारी जमीन है और साल 2003 में एक स्टोन क्रशिंग यूनिट को 15 साल के लिए माइनिंग लीज दी गई थी। बाद में कड़े पर्यावरण कानूनों के चलते सरकार ने रिहायशी इलाकों में खनन पट्टों और स्टोन क्रशिंग इकाइयों को रद्द कर दिया। हालाँकि, पेराई इकाई ने लगभग एक एकड़ भूमि पर कब्जा कर लिया और निज़ामपेट में इस भूमि स्थल में अनधिकृत निर्माण किया। हालांकि तेलंगाना उच्च न्यायालय ने अतिक्रमण करने वाले को अदालत को सूचित करने के लिए कहा कि उसे सरकारी भूमि में बने शेड को स्थानांतरित करने के लिए कितना समय चाहिए, अदालत के आदेश की अनदेखी की गई और अतिक्रमण जारी रहा। भूमि जवाहरलाल नेहरू पत्रकार मैक हाउसिंग सोसाइटी को आवंटित 32 एकड़ का हिस्सा है।

विश्व के सर्वप्रथम गोल्ड मेडलिस्ट
अब तक परेशान क्यों?
कोई भी पंडित, तांत्रिक, बाबा हम से पहले काम करके दिखाये मुँहमांगा ईनाम पाये
हजारो के दुखो को खुशी में बदलने वाले
बाबा साबिर खान बंगाली
जैसे पति-पत्नी में झगड़ा, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, मनचाहा प्यार, गृहक्लेश, विदेश यात्रा, जादू-टोना, AtoZ समस्याओ का तुरंत समाधान पाये।
स्पे० वशीकरण व मुठकरनी
9810940158

## नकरेकल को मॉडल टाउन के रूप में विकसित किया जाएगा : विधायक

नलगोंडा, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नाकरेकल विधायक सी. लिंगैया ने रविवार को कहा कि नकरेकल नगर पालिका जल्द ही राज्य में विकास कार्यों के साथ एक आदर्श शहर के रूप में उभरेगी, जिसे राज्य सरकार ने मंजूरी दी है। शहर की विभिन्न कॉलोनियों के अपने दौरे के दौरान मीडिया से बात करते हुए लिंगैया ने कहा कि राज्य सरकार ने नकरेकल के लिए 100 बिस्तरों वाले अस्पताल और एकीकृत बाजार को मंजूरी दी है और काम प्रगति पर है।



नकरेकल में एक नींबू बाजार पहले से ही हजारों किसानों को लाभान्वित कर रहा था। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने नकरेकल विधानसभा क्षेत्र में भी एतिपामुला लिफ्ट सिंचाई योजना के लिए 100 करोड़ रुपये मंजूर किए हैं।

उन्होंने याद दिलाया कि नकरेकल में 26 करोड़ रुपये से सड़कों को चौड़ा करने का काम किया गया था। उन्होंने कहा कि सेंट्रल लाइटिंग सिस्टम का काम भी तीन महीने में पूरा कर लिया जाएगा।

## यादाद्री मंदिर में भारी भीड़

यादाद्री-भोंगिर, 27 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सप्ताह के अंत में छुट्टियों के कारण, राजधानी शहर और आसपास के क्षेत्रों के कई क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु यादगिरिगुट्टा में श्री लक्ष्मी-नरसिंह स्वामी के मंदिर में आते हैं और उनके दर्शन होते हैं। सभी कतारें भक्तों से खचाखच भरी रहीं। मुफ्त में कतार में लगे श्रद्धालु चार घंटे में दर्शन कर रहे थे और विशेष दर्शन टिकट वाले दो घंटे में दर्शन कर रहे थे। मंदिर पीठासीन देवताओं के लिए विभिन्न पूजा करने वाले भक्तों से भरा हुआ था। शनिवार को यादाद्री मंदिर में 32,44,290 रुपये की कमाई हुई थी। नतीजतन, मंदिर की हुंडी ने शनिवार को 32,44,290 रुपये कमाए, जिसमें प्रसाद की बिक्री पर 14,05,900 रुपये शामिल थे। मंदिर के अधिकारियों ने कहा कि इसके अलावा, मंदिर को पहाड़ी की चोटी पर वाहनों के प्रवेश पर 4.50 लाख रुपये, विशेष पूजा और व्रत के लिए 2,12,800 रुपये, वीआईपी दर्शन के माध्यम से 2.55 लाख रुपये और ब्रेक दर्शन टिकट के माध्यम से 1,96,200 रुपये मिले।

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.